परंतु ढोला के प्रसंग में देखना यह है कि मारवणी का संदेश ढाढियों द्वारा सुनकर जो ढोला तत्काल ही अत्यंत प्रेमातुर और

उत्कंठित प्रतीत होता है, उसका एक वर्ष तक यात्रा को स्थगित रखना या तो मारवणी के प्रति प्रेम की शिथिलता को प्रकट करता है अथवा कर्त्तव्य को कार्यरूप में परिणत करने का अनुत्साह अथवा असामर्थ्य। परंतु विचार कर देखने पर ढोला पर प्रेम-शैथिल्य अथवा अनुत्साह दोनों में से एक भी आक्षेप का आरोप नहीं हो सकता। इसका कारण यह है कि उस समय ढोला के लिये प्रेम-मार्ग में बड़ी कठिन समस्या उपस्थित हो गई थी। उसके प्रेम की समान रूप से अधिकारिणियाँ मालवणी और मारवणी दोनों थीं। वह किस संयोगिता को छोड़कर वियोग-दुःख से दुखी करे और किस वियुक्ता को ग्रहण कर संयोग-सुख से सुखी करे। दोनों ओर से प्रेम और कर्त्तव्य-बुद्धि की खींचातान उपस्थित हो गई। मालवणी के प्रेम का तिरस्कार भी वह आसानी से नहीं कर सकता था। मालवणी को जिस किसी तरह प्रसन्न करके उसकी आज्ञा लेकर ही वह चलता है। ढोला के मारवणी के प्रति पूर्वराग को हम रत्नसेन की तरह केवल रूप-लोभ नहीं कह सकते। उसमें कर्त्तव्य-बुद्धि द्वारा प्रेरित प्रिय-मिलनोत्साह सम्मिलित है। अतएव हम उसे ढोला के मन की वह उदात्त भावना कहेंगे जिसमें मर्यादा-पालन, धर्म-रक्षा और समाज के विशिष्ट संस्कार-जन्य वैवाहिक प्रतिज्ञा का पालन मिश्रित है। यद्यपि मारवणी की विरह-दशा अधिक शोचनीय होने के कारण हमारी सहानुभूति का खिचाव उसकी ओर ही अधिक होता है और हम ढोला की ढील को मारवणी के प्रति क्रूरता और अन्याय कहेंगे, परंतु यदि ढोला की परिस्थिति में अपने को रखकर विचार करें तो उसका व्यवहार युक्ति-संगत ही प्रतीत होगा। ढोला के राग को हम पूर्ण प्रेम की अवस्था भी नहीं कह सकते क्योंकि प्रेम में प्रेमी व्यक्तियों के साक्षात्कार की आवश्यकता होती है और अभी ढोला और मारवणी का साक्षात्कार

नहीं हुआ है। पूर्वराग की यह अपूर्णता न होती तो जब रास्ते में ऊमर के चारण से मिलने पर उसे मारवणी की गलित-यौवनावस्था का हाल मालूम होता है, तब ढोला के मन में संशयजन्य विरक्ति का भावोदय न होता। पूर्ण प्रेम की कोटि को पहुँचे हुए प्रेमियों में प्रेमी की पतितावस्था को जानकर उसके प्रति प्रेम और घनीभूत हो जाता है और समवेदना और सहायता के रूप में प्रगतिशील होता है, न कि विरक्त हो जाता है। मारवणी से मिलने पर यही पूर्वराग दृढ़ और एकनिष्ठ होकर सात्त्विक प्रेम की कोटि पर स्थापित हो जाता है। अब संशय, स्वार्थ और लोभ-जनित किसी प्रकार की क्षुद्र कमजोरी उसे प्रेम के कर्त्तव्य-मार्ग से विचलित अथवा विरक्त नहीं कर सकती। मारवणी के साँप से डसे जाने पर ढोला मरने को तैयार हो जाता है और पूगऊवासियों के इस प्रस्ताव पर कि—

मारू त्रिहुँ बरसे बड़ी, चंपारइ उणिहार।
सा कुँमरी परणाविस्याँ, चालउ, राजकुँमार॥ ६१३॥

वह ध्यान तक नहीं देता। इसी प्रकार महादेव के मंडप में पद्मावती का साक्षात्कार प्राप्त कर रत्नसेन का रूपलोभजनित पूर्वराग सात्त्विक प्रेम की दृढ़ता को प्राप्त कर लेता है।

ऊमर-सूमरा भी मारवणी के रूप-वर्णन को सुनकर उसके प्रेम को पाने के लिये प्रयत्नशील हुआ था। देखना यह चाहिए कि एक ही प्रेयसी की प्रेम-प्राप्ति के लिये प्रगतिशील हुए ऊमर-सूमरा और ढोला के पूर्वराग में ऐसा कौन सा अंतर है कि एक को तो हम लंपट समझकर घृणा की दृष्टि से देखते हैं और दूसरे को सच्चा प्रेमी समझकर उसके साथ सहानुभूति रखते हैं। ऊमर-सूमरा के विपक्ष में पहली बात तो यह है कि उसने दूसरे की विवाहिता स्त्री को कलुषित दृष्टि से देखा और दूसरे उसका धोखे से

भरा प्रयत्न दुष्ट प्रयत्न था। यही कारण है कि वह अपने प्रयास में असफल रहा। इसी प्रकार विवाह हो जाने पर दो अवसरों पर पद्मावती के प्रेम की दृढ़ता की परीक्षा होती है और दोनों में वह उत्तीर्ण निकलती है। राजा रत्नसेन के बंदी हो जाने पर वह बड़ी दुखी और विह्वल हो जाती है, परंतु बड़ी भारी विपत्ति का दृढ़ता से सामना करती हुई गोरा-बादल के साहाय्य से पति को जीवन-संकट से बचाकर मारवणी की तरह अपनी चित्र बुद्धि और साहस का परिचय देती है। राजा रत्नसेन के मारे जाने के बाद रोने और विलाप करने में वृथा समय नष्ट न करके वह नागमती सहित आनंद-पूर्वक पति से परलोक में जा मिलती है। उसके सतीत्व की दृढ़ता का प्रमाण इससे बढ़कर क्या हो सकता है कि कुंभलगढ़ के दुष्ट सरदार देवपाल के कलुषित प्रस्ताव को वह उस आपत्ति-काल में भी घृणापूर्वक ठुकरा देती है।

इसी प्रसंग में माळवणी और मारवणी के प्रेम की तुलना कर लेना भी अनुचित न होगा। पद्मावत की नागमती और पद्मावती के प्रतिरूप ढोला की कथा में माळवणी और मारवणी हैं।

पद्मावती के नव-प्रस्फुटित प्रेम को हम क्रमशः विकसित होते हुए देखते हैं। वह विपत्ति की कसौटी पर कई बार कसा गया और उन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर उसका सोना और भी ज्यादा चमक उठा। नागमती का प्रेम गार्हस्थ्य-परिपुष्ट गंभीर प्रेम है। उसमें एक प्रकार का गर्व और अधिकार है जो दांपत्य सुख के परिणाम-स्वरूप होता है। इसी प्रकार मारवणी के प्रेम के आद्योपांत विकास-सूत्र पर जब हम मनन करते हैं तो वह हमें बड़ा स्वाभाविक, मनोहर और प्रिय मालूम होता है। पद्मावती के प्रेम की अपेक्षा वह अधिक संयत और मर्यादाबद्ध, अतएव अधिक परिष्कृत और परिपुष्ट कोटि का प्रेम प्रतीत होता है। माळवणी का प्रेम गार्हस्थ्य-परिपुष्ट

होने के कारण गंभीर और अधिकार-संपन्न है। उसी अधिकार और गर्व की बदौलत वह मारवणी के प्रेम में आतुर प्रेमी को एक वर्ष तक रख लेती है। नागमती की तरह माळवणी भी रूप-गर्विता सी प्रतीत होती है। जिस प्रकार पद्मावत में पद्मावती और नागमती के विलापों से हम उनके प्रेम-प्रवाह की तीव्रता का अंदाजा लगा सकते हैं, उसी प्रकार माळवणी और मारवणी के विरह-विलापों से हम उन दोनों के प्रेम के घनत्व का अनुमान कर सकते हैं।

मारवणी की पूर्वरागावस्था में प्रकट की हुई प्रेम-भावनाएँ यद्यपि कोमल, हृदयस्पर्शी और दर्दभरी हैं परंतु माळवणी के विलाप की तीव्रता के सामने उनकी तीव्रता कम है। इसका कारण यही हो सकता है कि माळवणी के गार्हस्थ्य-प्रेम को एक प्रकार का स्थायित्व और अधिकार प्राप्त था और उसके स्थायी प्रेम ने नायक के जीवन के अनेक अंगों और विषयों को समवेदना के सूत्र में बाँध रखा था। संक्षेप में यह कह सकते हैं कि माळवणी का प्रेम ढोला के जीवन के अंगों को अधिक व्यापक रूप में प्रभावित कर सका है। मारवणी का प्रेम नवस्फुटित और अपेक्षाकृत एकांतस्थायी होने के कारण उसका क्षेत्र अधिक संकुचित और मर्यादा-संयत रहा है। जिस प्रकार पद्मावत में नागमती का विरह-वर्णन काव्य का सर्वोत्कृष्ट भावुक स्थल है उसी प्रकार प्रकृत काव्य में माळवणी का वियोग-वर्णन भी काव्य का उत्कृष्ट मर्मस्पर्शी स्थल है। पहला हिंदी-साहित्य में विप्रलंभ शृंगार का उत्कृष्ट नमूना है तो दूसरा राजस्थानी विप्रलंभ शृंगार का।

बहु-विवाह की प्रथा सामाजिक दृष्टि से कलह-मूलक होने के कारण जितनी अनिष्टकरी रही है, उतनी ही काव्य में प्रेम-मार्ग की व्यावहारिक जटिलताओं के परिणाम-स्वरूप सपत्नी-डाह और प्रेम-संघर्ष की सूक्ष्म भावनाओं को सामने लाने के कारण

वह कवियों की लेखनी का ग्राह्य और अनुरंजनकारी विषय रही है। माळवणी और मारवणी में पारस्परिक ईर्ष्या-जनित विवाद होता है; दोनों एक दूसरे के देश और समाज को बुरा बताती हैं। यह प्रेम-पूर्ण मीठी कलह ज्यादा नहीं बढ़ने पाती; चतुर और व्यवहारदक्ष प्रेमी नायक दोनों को प्रेमपूर्वक समझाकर शांत कर देता है। प्रेम-मार्ग का इससे मिलता-जुलता व्यावहारिक अभिनय पद्मावत में भी आया है और वहाँ भी चतुर नायक अपनी प्रेमपूर्ण व्यवहार-दक्षता से झगड़े को शांत करता है। ये घटनाएँ दोनों काव्यों को लोक-समन्वित और व्यवहार-संबद्ध वास्तविकता का सौंदर्य्य देने में बहुत सफल हुई हैं।

साहित्य में शृंगार के दो भेद माने गए हैं—विप्रलंभ शृंगार और संभोग शृंगार। 'ढोला' और जायसी की पद्मावत में विप्रलंभ शृंगार प्रधान है। यह देखा गया है कि विप्रलंभ-प्रधान कहानियों में नायक और नायिका का प्रेम-प्रवाह विषमता से समता की ओर बहता है; संभोग-प्रधान वृत्तों में समता से विषमता की ओर। जायसी की पद्मावत में प्रेम-प्रवाह पहली कोटि का है और इसी प्रकार 'ढोला' में भी। इस प्रकार के काव्यों में एक विशेषता यह भी रहती है कि प्रेमियों का कथा के प्रारंभ में ही साक्षात् मिलन नहीं हो पाता, जिससे कवि को उनके प्रेम-जन्य औत्सुक्य, प्रेमी को प्राप्त करने की व्याकुलता, चिंता इत्यादि भावों के सविस्तर वर्णन करने का अच्छा मौका मिल जाता है और इससे काव्य में भावुकता की स्फूर्त्ति आ जाती है। जहाँ प्रेम समता से विषमता की ओर ढलकर बहता है उन काव्यों में विप्रलंभ का अंश बीच में आता है अथवा अंत में, परंतु वहाँ प्रेमी का प्रेमी को प्राप्त करने के लिये प्रेम-प्रयास, आकांक्षा, उत्कंठा, भावुकता इत्यादि भावों की वह सहज तीव्रता नहीं रहती।

भक्तों का ईश्वरोन्मुख प्रेम भी विषमता से समता की ओर प्रवाहित होता है। अतएव यह स्वाभाविक है कि इस पद्धति की विप्रलंभ-प्रधान कहानी से ईश्वरोन्मुख प्रेम की व्यंजना भी की जाय। जायसी ने पद्मावत की सारी प्रेम-कहानी को एक अन्योक्ति का रूपक बनाकर ग्रंथ के उत्तर भाग में चर्चा की है—

तन चितउर मन राजा कीना। हिय सिंघल बुधि पदमिनि चीन्हा॥

यद्यपि ढोला-मारू की प्रेम-पद्धति भी उसी कोटि की है, परंतु इस कहानी में न तो कवि ने अन्योक्ति द्वारा ईश्वरोन्मुख प्रेम की व्यंजना करने का अपना अभिप्राय और संकल्प कहीं व्यक्त किया है और न उसका ऐसा प्रयास ही कहीं दृष्टिगोचर होता है। यह तो एक सीधी-सादी प्रेम-कथा है और इसी में रस का सौंदर्य मँजा है। परंतु जिन लोगों को इस प्रकार की परोक्ष-व्यंजना के बिना पूरा स्वाद नहीं मिलता, वे चाहें तो इसमें ईश्वर-भक्ति का गंभीर आभास भी आसानी से देख सकते हैं और कहानी को जीवात्मा के ईश्वरोन्मुख प्रेम में घटा सकते हैं। ढोला अथवा मारवणी को, मारवणी अथवा ढोला के प्रेम तक, पहुँचानेवाला प्रेम-पंथ जीवात्मा को परमात्मा से मिलानेवाला भक्ति-मार्ग है। इस मार्ग में अग्रसर होने से रोकनेवाली माळवणी संसार की मोह-माया का जाल है। ऊमर-सूमरा और उसका दुष्ट चारण शैतान हैं अथवा प्रेम के सच्चे पथ से विचलित करनेवाले काम, क्रोध, मद, मात्सर्य्य, ईर्ष्या आदि सांसारिक दुर्गुण हैं। इन सब अवरोधों को प्रेम-साधना के योगबल से पार कर सच्चा प्रेमी अपने प्रेमपात्र को पा लेता है। जिस प्रकार जीवात्मा को परमात्मा में लीन होने पर मोक्ष-प्राप्ति-जन्य ब्रह्मानंद प्राप्त होता है उसी प्रकार प्रियतम को प्राप्त कर लेने पर मारवणी के हर्षोल्लास और ब्रह्मानंद-सहोदर संयोग-सुख को कवि ने इस प्रकार वर्णन किया है—

आजे रळी-वधाँमणाँ, आजे नवला नेह ।
सखो, अम्हीणी गोठमइँ दूधे वूठा मेह ॥ ५५९ ॥
साहिब आया, हे सखी, कज्जा सहु सरियाह ।
पूनिम-केरे चंद ज्यूँ दिसि च्यारं फळियाँह ॥ ५२८ ॥

(१०) ढोला-मारू का वियोग-शृंगार

काव्य की भावुकता को दरसाने के लिये मारवणी और माळवणी के विरह-विलापों से लेकर कुछ उदाहरण नीचे देते हैं—

वर्षाऋतु में विरह-व्यथित स्त्रियों को प्रिय की याद दिलाने-वाला पपीहे का निरंतर "पी कहाँ, पी कहाँ" पुकारना असह्य वेदना-जनक होता है—

बाबहियउ नइ विरहणी, दुहुवाँ एक सहाव ।
जब ही बरसइ घण घणउ, तबही कहइ प्रियाव ॥ २७ ॥

'पद्मावत' की नागमती को भी प्रिय-विरह में पपीहे का पुकारना इसी तरह सालता था—

पिउ बियोग अस बाउर जीऊ । पपिहा नित बोलै पिउ पीऊ ॥

बिजलियों को अपने प्रेमी घन से ललक-ललककर आलिंगन करते देखकर मारवणी का अपने प्रेमी की स्मृति करना कितना स्वाभाविक है ।

बीजुळियाँ चहलावहळि आभय आभय कोडि ।
कद रे मिलइँलो सज्जना कस कंचूकी छोडि ॥ ४६ ॥
बीजुळियाँ चहलावहलि आभइ आभइ च्यारि ।
कद रे मिलउँली सज्जना लाँबी बाँह पसारि ॥ ४५ ॥

परंतु संयोगानंद में लीन बिजलियाँ इस वियोगिनी दुखिया के दुखड़े को क्यों सुनने बैठी थीं । इनसे निराश होकर, झुँझलाकर मारवणी बादल की शरण जाती है—

बिज्जुलियाँ नीलज्जियाँ, जल्हर, तूँ ही लज्जि ।
सूनी सेज, विदेस प्रिय, मधुरइ मधुरइ गज्जि ॥ ५० ॥

समान भावना और परिस्थितिवाले जीवों में सहानुभूति उत्पन्न होना स्वाभाविक होता है। मारवणी निशीथ की शांति में तालाब के समीप सारसों के क्रंदन को सुनकर कहती है—

राति सखी, इणि ताळ मइँ काइ ज कुरळी पंखि ।
उवै सरि, हूँ घरि आपणइ, बिहूँ न मेल्हो अंखि ॥५१॥

इतने में, ताल में विहार करती हुई, क्रौंचों की पंक्तियाँ दिखाई पड़ीं। क्रौंचों ने कलरव करना शुरू कर दिया। तब तक मारवणी की विरह-वेदना का प्रवाह द्रवित होकर अनर्गल रीति से बह निकला—

कूँझड़ियाँ करळव कियउ घरि पाछिनै वणेहि ।
सूती साजण संभर्‌या, द्रह भरिया नयणेहि ॥ ५४ ॥
कूँझड़ियाँ कळिअळ कियउ, सरवर पइलइ तीर ।
निसिभरि सज्जण सल्लियाँ नयणे वूहा नीर ॥ ५९ ॥

मारवणी के करुण-विलाप से द्रवीभूत होकर कुरझें (क्रौंच) उसके संदेश को सुनती हैं और समवेदना प्रकट करती हैं। नागमती पर भी एक पक्षी को इतनी दया आ जाती है कि वह उसके प्रेम-संदेश को ले जाने को तैयार हो जाता है। कुरझों के प्रति मारवणी की कैसी जोरदार करुण प्रार्थना है—

कुंझाँ, घउ नइ पंखड़ो, थाँकउ विनउ वहेसि ।
सायर लंघी प्रो मिलउँ प्री मिलि पाछी देसि ॥ ६२ ॥
उत्तर दिसि उपराठियाँ, दच्छिण साँमहियाँह ।
कुरझाँ, एक सँदेसड़उ ढोला नइ कहियाँह ॥ ६४ ॥

उत्तर में कुरझें अपनी असामर्थ्य प्रकट करती हैं। फिर भी जहाँ तक बन सकता है वे मारवणी की सहायता करने को तैयार हैं—

म्हे कुरझाँ सरवर-तणो, पाँखाँ किणहिँ न देस ।
भरिया सर देखो रहाँ, उड आघेरि वहेस ॥ ६३ ॥
माणस हवाँ त मुख चवाँ, म्हे छाँ कूँझड़ियाँह ।
प्रिउ संदेसउ पाठविसु, लिखि दे पंखड़ियाँह ॥ ६५ ॥

विरही हृदय की अभिलाषाएँ भी बड़ी विचित्र होती हैं। मारवणी जब अत्यंत उत्कंठित हो जाती है तो सामने के पहाड़ों को देखकर अभिलाषा करती है—

ज्यूँ ए डूँगर संमुहा, त्यूँ जइ सज्जण हुंति ।
चंपावाड़ी भमर ज्यउँ, नयण लगाइ रहंति ॥ ७३ ॥

प्रेमी हृदय की उच्च कोटि की आत्म-समर्पण और आत्म-निसर्ग की भावनाएँ मारवणी की इन अभिलाषाओं में प्रकट होती हैं—

जिणि देसे सज्जण वसइ, तिणि दिसि वज्जउ वाउ ।
उआँ लगे मो लग्गसी, ऊ ही लाख पसाउ ॥ ७४ ॥

शृंगार रस की परिपुष्टि के लिये कवि लोग उद्दीपन विभाव के अंतर्गत षड्ऋतु-वर्णन अथवा बारहमासे का वर्णन करते हैं। नागमती के विरह-वर्णन के अंतर्गत जायसी ने बारहमासे का वर्णन किया है जो हिंदी-साहित्य में अपनी कोमल मर्मस्पर्शी भावनाओं के लिये अद्वितीय समझा जाता है। प्रेम में सुख और दुःख दोनों की अनुभूतियाँ विस्तृत और घनीभूत हो जाती हैं। संयोग-सुख में वही ऋतुएँ आनंदसर्वस्व प्रदान करती हैं और वियोग में वही नित नूतन दुःख के साधन उपस्थित करती हैं। इस प्रकार के ऋतु-वर्णनों द्वारा कवियों के प्रायः दो प्रयोजन सिद्ध होते हैं—

(१) प्राकृतिक वस्तुओं और व्यापारों का दिग्दर्शन।

(२) सुख और दुःख के नाना रूपों और कारणों की उद्भावना और उद्दीपन।

जायसी का बारहमासा नागमती के विरह-दुःख से संश्लिष्ट होकर उद्दीपन विभाव की तरह विप्रलंभ शृंगार की परिपुष्टि करता है। अतएव उसका काव्य में प्रयोग दूसरे प्रकार का है। 'ढोला' का ऋतु-वर्णन भिन्न प्रकार का है। उसका उपयोग पहले ढंग के अनुसार वस्तु और व्यापार-निदर्शन के लिये हुआ है। मारवणी के समीप जाने की तैयारी करने से ढोला को रोकने के लिये प्रत्येक ऋतु की वस्तु और व्यापार को आक्षेप-रूप में आलंबन बनाकर वर्णन किया गया है। परंतु यह कहना भी सर्वथा युक्ति-संगत न होगा कि यह केवल वस्तु-वर्णन ही है। माळवणी की कोमल प्रेम-भावनाएँ भी परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप में इसमें जहाँ-तहाँ मिली हुई हैं। ग्रीष्म, वर्षा और शीत इन्हीं तीनों की व्यापक परिधि में छहों ऋतुओं का वर्णन कर दिया गया है। इन तीनों में भी वर्षा का वर्णन सबसे अधिक हृदयग्राही बना है। इसका कारण यह हो सकता है कि मरुस्थल में वर्षा ही सबसे अधिक आह्लादकारिणी ऋतु होती है। वस्तु-वर्णन की पूर्णता की दृष्टि से इस ऋतु-वर्णन का विवेचन दूसरे प्रसंग में किया जा चुका है।

मारवणी का संदेश

मारवणी का प्रेम-संदेश राजस्थान के शृंगार-साहित्य में सर्वोत्तम वस्तु है। यद्यपि हम उसको मारवणी के विरह-विलाप का एक अंग ही मानते हैं तथापि संदेश होने के कारण उसमें एक विशेष तीव्रता, कोमलता और मधुरता आ गई है। इस तीव्रता और कोमलता का कारण यह है कि जहाँ और-और विरह-विलाप प्रेमी के बिछुड़कर चले जाने पर विरही हृदय की नैराश्यमयी और निरुद्देश्य भावनाओं के रूप में विच्छिन्न-प्रलाप प्रतीत होते हैं और करुणा और शोक, हतोत्साह और निराशा के भार से दबे रहते हैं,

वहाँ मारवणी के संदेश आशागर्भित, सोद्देश्य और स्फूर्त्तिमय हैं। इनमें एक प्रेमी का अपने प्रेमपात्र के साथ सान्निध्य का भाव भरा हुआ है। इन संदेशों में आत्मसमर्पण का भाव कूट-कूटकर भरा है—

ढाढो, जे साहिब मिलइ, यूँ दाखविया जाइ।
आँख्याँ-सीप विकासियाँ, स्वाति ज बरसउ आइ ॥ ११६ ॥
ढाढो, एक सँदेसड़उ कहि ढोला समझाइ।
जोबण आँबउ फळि रह्यउ, साख न खाअउ आइ ॥ ११७ ॥
ढाढी, जइ साहिब मिलइ, यूँ दाखविया जाइ।
जोबण-कमळ विकासियउ, भमर न बइसइ आइ ॥ ११८ ॥

इसी प्रकार—

जोबन-चाँपउ मउरियउ, कळी न चुट्टइ आइ ॥ १२० ॥
कण पाकउ, करसण हुअउ, भोग लियउ घरि आइ ॥ १२१ ॥
जोवन खीर समुंद्र हुइ, रतन ज काढइ आइ ॥ १३१ ॥

आत्म-समर्पण में त्याग की मात्रा तब और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब उसमें "यद् यद् श्रीमदूर्जितं सत्वं तत्तदेव·····" का भाव रहता है। प्रियतम के चरणों में अपने जीवन की सर्वोत्तम विभूति—यौवन—को भेंट करने की यह उत्सुकता, वह सर्वोत्तम सात्त्विक मानव-भावना है जो मनुष्य को ईश्वरत्व की कोटि में पहुँचाती है। श्री रवींद्रनाथ ठाकुर की गीतांजलि के भाव इसी आत्मोत्सर्ग की महान् भावना से ओत-प्रोत हैं।

पत्नी के लिये पति के बिना यौवन व्याधिस्वरूप हो जाता है। उच्छृंखल स्वभाववाले यौवन पर शासन करनेवाला प्रेमी जब नहीं होता तो वह उत्पाती अबला को विवश कर उसके सर्वस्व का हरण कर लेता है। यह सूक्ष्म भावना कैसे सुंदर ढंग से व्यक्त की गई है—

ढाढी जे राउयँद मिलइ, यूँ दाखविया जाइ।
जोबण-हस्ती मद चढ्यउ, अंकुस लइ घरि आइ ॥११५॥
ढाढी, जइ प्रीतम मिलइ, यूँ दाखविया जाइ।
जोबण छत्र उपाड़ियउ, राज न बइसउ काइ ॥११८॥
पंथी, एक सँदेसड़उ लग ढोलउ पैहचाइ।
विरह-महादव जागियउ, अगिन बुझावउ आइ ॥ १२३ ॥
पही, भमंताँ जइ मिलइ, तउ प्रो आखे भाय।
जोबण बंधन तोड़सइ, बंधण घातउ आय ॥ १२४ ॥

मारवणी के संदेशों में उसकी जागरित मानसिक दशाओं की उथल-पुथल और भाव-विकारों का मनोवैज्ञानिक चढ़ाव-उतार बड़ी मार्मिक सूक्ष्मता के साथ दिखलाया गया है। अपनी हृद्गत पीड़ा को मारवणी अनुनय, विनय, क्षोभ, पश्चात्ताप, आशंका, भय, प्रार्थना इत्यादि के रूप में नाना प्रकार से व्यक्त करती है। मारवणी के विलाप और संदेशों में शृंगार के निर्वेद आदि तेंतीस व्यभिचारी भावों में से बहुतों का समावेश हुआ है।

अनुनय-विनय करते-करते मारवणी की व्यथा उत्तेजित हो जाती है। इस दशा में क्षोभ और लाचारी का भाव कैसी मनोज्ञता के साथ व्यक्त हुआ है—

ढाढी, एक सँदेसड़उ प्रीतम कहिया जाइ।
सा धण बलि कुइला भई, भसम ढढोलिसि आइ ॥११२॥
ढाढी, एक सँदेसड़उ ढोलइ लगि लइ जाइ।
जोबण फट्टि तलावड़ी, पालि न बंधउ काँइ ॥१२२॥

इसी प्रकार—

तन मन उत्तर वाळियउ, दखिखण वाजइ आइ ॥१२६॥
धँण कँमलाँणी कमदणी, सिसहर ऊगइ आइ ॥१२८॥
धँण कँमलाँणी कँमलणी, सूरिज ऊगइ आइ ॥१३०॥

क्षुब्ध हृदय के आंतरिक विक्षोभ को शाब्दिक यथार्थता में व्यक्त करना इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता। विरह-विकारों से हिलोरें लेता हुआ तरंगित और क्षुब्ध यौवन-सागर विरहिणी के शरीर के सीमा-बंधनों को तोड़कर निकल पड़ा, इससे बढ़कर विरह की बाढ़ का व्यंजन क्या हो सकता है। इस समय यदि रक्षा हो सकती है तो पाल बाँधने से और यह कार्य प्रियतम (ढोला) के बिना हो नहीं सकता।

इसी प्रकार की एक उत्तम व्यंग्य-प्रधान भावना जायसी ने भी नागमती के विरहाकुल हृदय के उद्गार के रूप में व्यक्त की है—

सरवर हिया घटत नित जाई। टूक टूक होइ कै बिहराई।
बिहरत हिया करहु पिउ टेका। दीठि दवँगरा मेरवहु एका॥

दोनों विरहिणियों की दर्दभरी भावनाएँ लगभग एक सी तीव्र हैं।

मारवणी ढाढी को संदेश कहती जा रही है; हृदय व्याकुल है, कंठ अवरुद्ध हुआ जा रहा है। नतमुख हुई भावावेश में वह पैर की उँगलियों से धरती को कुरेदती जा रही है। साथ ही आँखों से आँसुओं की धारा बह रही है। इस स्वभाव-चित्र की जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी है। ऐसी-ऐसी स्वभावोक्तियों और व्यंग्य-भावनाओं पर उत्तम का प्रसाद खड़ा होता है।

पंथी-हाथ सँदेसड़इ, धण विललंती देह।
पगसुँ काढइ लीहटी, उर आँसुआँ भरेह ॥१३७॥

मारवणी की इस करुण दशा और दर्दभरे हृदयोद्गारों को जब हम पढ़ते हैं तो यह विचार आए बिना नहीं रहता कि ढोला का हृदय बड़ा कठोर है कि उसने ऐसी एकनिष्ठ पतिप्राणा प्रेयसी की अब तक सुधि नहीं ली। मारवणी व्यथित अवश्य है परंतु विरह ने उसे किंकर्त्तव्यविमूढ़ नहीं कर दिया है। ढोला ने उसकी अब तक सुधि न ली तो न सही, वह स्वयं तो एक पतिप्राणा आर्य रमणी की

तरह अपना कर्त्तव्य पहचानती है। यह झूठी धमकी नहीं है। जो मारवणी अपने पति के पास संदेश पहुँचाने की कठिन समस्या को अपनी बुद्धि से हल कर सकी वह ऐसा भी कर सकती है—

जइ तूँ ढोला, नावियउ, कइ फागुण कइ चेत्रि।
तउ म्हे घोड़ा बाँधिस्याँ, काती कुड़ियाँ खेत्रि॥ १४६॥
जउ तूँ साहिब, नावियउ सावण पहिली तीज।
बीजळ-तणइ झबूकड़इ मूँध मरेसी खीज॥ १४८॥
फागुण मासि वसंत रुत आयउ जइ न सुणेसि।
चाचरिकइ मिस खेलती, होळी झंपावेसि॥१४५॥
पावस मास, विदेस प्रिय, घरि तरुणी कुळसुध्ध।
सारंग सिखर, निसद्द करि, मरइ स कोमळ मुध्ध॥१७४॥

पतिव्रता अबला का पति-वियोग में अंतिम बलपूर्ण अस्त्र यही है। जौहर और सती की पवित्र प्रथा ने न जाने कितनी हिंदू सतियों के सतीत्व और शील की रक्षा कर संसार में स्त्री-हृदय की पवित्रता और दृढ़ता का आदर्श स्थापित किया है।

परंतु मारवणी के दिल की सच्ची लगन प्रिय-मिलन की आशा है। वह प्रिय से मिले बिना मरने को उद्यत नहीं है। प्रेम में आशा का निरंतर प्रकाश रहता है। प्रेमी का प्रेमपात्र के प्रति अखंड विश्वास होता है, यद्यपि विरह की तीव्र वेदना अंधकार के रूप में इस आशाजन्य प्रकाश को छाया की तरह धूमिल करती रहती है। इस आशा और नैराश्य के छाया-प्रकाश की क्रिया-प्रतिक्रिया का बड़ा अच्छा निदर्शन मारवणी के संदेशों में उपलब्ध होता है। यह काव्यस्थल कलात्मक दृष्टि से एक अनूठा प्राकृतिक चित्र है।

एक बार अपने अनंत विश्वास को पुनः प्रकट कर मारवणी आशागर्भित भावों में संदेश का अंत करती है—

हियड़इ भीतर पइसि करि ऊगउ सज्जण रूँख ।
नित सूकइ नित पल्हवइ, नित नित नवला दूख ॥१५८॥

रोम-रोम में व्याप्त प्रेम की क्षण में निराशा से मुरझाती और दूसरे क्षण में आशा की दीप्ति से प्रदीप्त होती दशा का इससे बढ़कर क्या स्वभाव-चित्र होगा ?

मारवणी के एकनिष्ठ सात्त्विक प्रेम के आदर्श की व्यंजना इन दूहों में बड़े मार्मिक ढंग से हुई है—

जिम सालूरां सरवरां, जिम धरणी अर मेह ।
चंपावरणी वालहा, इम पाळीजइ नेह ॥१६८॥
तुँही ज सज्जण, मित्त तूँ प्रीतम तूँ परिवाँण ।
हियड़इ भीतरि तूँ वसइ, भावइँ जाँण म जाँण ॥१७५॥
हूँ बलिहारी सज्जणाँ, सज्जण मो बलिहार ।
हूँ सज्जण पग पानही, सज्जण मो गळहार ॥१७६॥

संदेश देकर ढाढियों को बिदा करती हुई मारवणी की दशा को कवि ने कुशल मनोवैज्ञानिक चित्रकार की तरह बड़ी ही सूक्ष्मता से चित्रित कर भावुकता में कमाल कर दिया है—

संभारियाँ सँताप, वोसारिया न वीसरइ ।
काळेजा बिचि काप, परहर तूँ फाटइ नहीं ॥१८०॥
भरइ, पळट्टइ, भी भरइ, भी भरि, भी पळटेहि ।
ढाढी-हाथ संदेसड़ा धण विललंती देहि ॥१८२॥

मारवणी के संदेशों में दो-एक स्थान पर कवि-कल्पना का अपव्यय भी हुआ है। दूर की सूझ में कल्पना की ऊहावृत्ति यद्यपि चमत्कार अवश्य उत्पन्न करती है परंतु अंतस्तल के सच्चे उद्गारों के बीच ये चमत्कार नकली मोती की तरह प्रतीत होते हैं। इन ऊहात्मक और अत्युक्तिपूर्ण वर्णनों के गर्भ में हमको मारवणी की वेदना का भाव स्पष्टतः दिखाई देता है। इस बात से संतोष होता

है कि मारवणी के निष्कपट भावना-रूपी सुवर्ण-सूत्र ने इन बनावटी मोतियों को भी संवेदना के सूत्र में ग्रथित कर उनको काव्योपयुक्त रूप दे दिया है। वे स्थल ये हैं—

प्रीतम, तोरइ कारणइ ताता भात न खाहि ।
हियड़ा भीतर प्रिय बसइ, दाझगती डरपाहि ॥१६०॥
राति ज रूँनी निसह भरि, सुणी महाजनि लोइ ।
हाथाळी छाला पड़्या, चीर निचोइ निचोइ ॥१५६॥

यह कल्पना-चमत्कार रीतिकाल के शृंगारी कवियों की, बाल की खाल निकालनेवाली, दूर की सूझों से कम नहीं है।

माळवणी का विरह

इसी विप्रलंभ शृंगार के विषय में माळवणी के विरह का दिग्दर्शन संक्षेप में करा देना उचित होगा, जिससे पाठक मारवणी और माळवणी के प्रेम का तुलनात्मक अध्ययन कर सकें। सिद्धांत रूप में दोनों के भेद का उल्लेख तो हम ऊपर कर चुके हैं। यहाँ केवल उदाहरण दे देते हैं।

माळवणी को छोड़कर मारवणी के लिये प्रस्थान करना ढोला के लिये एक विकट समस्या है। दोनों में ढोला का सच्चा प्रेम है। एक को संयोग-सुख देने में दूसरी को वियोग-दुःख देना पड़ता है; एक के प्रेम का आदर करने से दूसरी के प्रेम का निरादर होता है। प्रेम की इस संकटावस्था में ढोला मध्यम-मार्ग निकालकर अपना कार्य सिद्ध करना चाहता है। इस समय ढोला का प्रेम कसौटी पर कसा जाता है। ढोला चतुरतापूर्वक नीति की एक चाल चलता है। माळवणी को बहाने से ललचाकर यात्रा करने की अनुमति प्राप्त किया चाहता है। इससे ढोला का माळवणी के प्रति सुदृढ़ प्रेम प्रकट होता है—

ईडरकी घर अउळगउँ, जइ तूँ कहइ तु जाँह ।

अउथि घड़ाऊँ आभरन, माल्हवणी, मेलाँह ॥ २२४ ॥

परंतु यह तुच्छ प्रलोभन माळवणी पर असर नहीं करता। उसे प्रियतम आभरणों से कहीं ज्यादा प्यारा है। उत्तर में तुरंत कहती है—

ईडरकी घर अउळगण, हूँ तउ जाण ण देसि ।

घरि बइठाही आभरण, मोल मुहंगा लेसि ॥ २२५ ॥

ढोला उत्तम जाति के तेज कच्छ देश के नामी ऊँट खरीदने का मिस लेता है परंतु यह दलील भी काम नहीं देती। माळवणी उत्तर देती है—

साहिब, कछूछ न जाइयइ, तिहाँ परेरउ ढंग ।

भीभळ नयण सुवंक धण, भूलउ जाइसि संग ॥ २२६ ॥

बारबार यात्रा के लिये प्रस्ताव करने पर और ढोला की आंतरिक चिंता को पहचान कर चतुर माळवणी रोग का स्पष्टतः निदान करती हुई पूछती है—

वळि माळवणी बीनवइ हुँ प्री, दासी तुझ्झ ।

का चिंता चित अंतरे सा प्री, दाखउ मुझ्झ ॥ २३६ ॥

साहिब, रहउ न राखिया कोड़ि प्रकार कियाह ।

का थाँ काँमिण मन वसी, का म्हाँ दूहवियाह ॥ २३५ ॥

अब तो ढोला की पोल खुल गई। कहाँ तक छिपाता। जब नीति से काम न चला तो सारा हाल सच-सच कह दिया और प्रियतमा से विनय करने लगा—

सुणि सुंदरि सच्चउ चवाँ, भाँजइ मनची भ्रंति ।

मो मारू मिळिवातणी, खरी विलग्गी खंति ॥ २३८ ॥

बस, अब क्या था। माळवणी को अब तक केवल आशंका थी। अब सच्ची बात प्रकट होने पर विरह की भावी चिंता और

दुःख के कारण मन को भारी धक्का लगा। उस हार्दिक चोट की प्रतिध्वनि इस दोहे में गूँजती है—

माळवणीकउ तन तप्पउ, विरह पसरियउ अंगि।
ऊभी थी खड़हड़ पड़ी, जाणे डसी भुयंगि॥ २३९॥

माळवणी के सामने अब एक ही प्रश्न था—जिस किसी तरह प्रियतम को अपनी धारणा से विरक्त करके यात्रा को स्थगित करवाना। यद्यपि यह विरह की पूर्वावस्था थी, पूर्ण-विरह नहीं परंतु भावी विछोह की दारुण चिंता ने उसे साहसी बना दिया था। उस समय ग्रीष्म ऋतु थी। ऋतु को आधार लेकर उसने विदेशयात्रा-संबंधी आक्षेपोक्तियाँ प्रारंभ कीं और जाने की अनुमति न दी—

थळ तत्ता लू साँमुही, दाझोला पहियाह।
म्हाँकउ कहियउ जउ करउ घरि बइठा रहियाह॥ २४१॥

प्रिया को खुश करके उसकी प्रसन्नता से अनुमति लेकर ही प्रस्थान करना ढोला ने उचित समझा। वह रुक गया। ग्रीष्म के तीन मास समाप्त हुए। वर्षागम हुआ। ढोला ने फिर अनुमति माँगी। माळवणी ने इस ऋतु को भी यात्रानुकूल न बताया—

जिण रुति बग पावस लियइ धरणि न मेल्हइ पाइ।
तिण रुति साहिब वल्लहा, कोइ दिसावर जाइ॥ २४६॥
प्रीतम कामणगारियाँ थळ-थळ बादळियाँह।
घण बरसंतइ सूकियाँ, लूसूँ पाँगुरियाँह॥ २४८॥
कप्पड़, जीण, कमाण-गुण भीजइ सब हथियार।
इण रुति साहिब ना चलइ, चालइ तिके गिमार॥ २४९॥

अब तो ढोला ने भी देखा कि चुपचाप आक्षेपों को सुनते रहने से काम न चलेगा। उसने भी प्रत्याक्षेप करने शुरू किए—

बाजरियाँ हरियाळियाँ, बिचि बिचि बेलाँ फूल।
जउ भरि बूठउ भाद्रवउ, मारू देस अमूल॥ २५०॥

घर नीली, धण पुंडरी, घरि गहगहइ गमार।
मारू देस सुहामणउ सावणि साँझो वार ॥ २५१ ॥

मारवणी फिर विरहिणियों के लिये वर्षाऋतु का दुस्सह चित्र उपस्थित करती है—

फौज घटा, खग दाँमणी, बूँद लगइ सर जेम।
पावस पिउ विण वल्लहा, कहि जीवीजइ केम ॥ २५५ ॥
काळो कंठळि बादळी वरसि ज मेल्हइ वाउ।
प्रो विण लागइ बूँदड़ी जाँणि कटारी घाउ ॥ २६७ ॥

इसी प्रकार जायसी ने भी विरह में वर्षा के दुस्सह्य दुःख को नागमती के संबंध में चित्रित किया है—

खडग बीज चमकै चहुँ ओरा। बुंद बान बरसहिं घनघोरा ॥
ओनई घटा आइ चहुँ फेरी। कंत उबारु मदन हौं घेरी ॥

वर्षा-काल है। रास्तों में कीचड़ भरा होगा। ऊँट का पैर फिसल जायगा। यात्रा के लिये वर्षाऋतु से बढ़कर तो दूसरी बुरी ऋतु नहीं होता। कैसी चतुर उक्ति है—

नदियाँ, नाळाँ, नीझरण पावस चढिया पूर।
करहउ कादिम तिलकस्यइ, पंथी, पूगळ दूर ॥ २५६ ॥

विरह की कल्पना में वर्षाकाल के सारे सुखद दृश्य माळवणी के लिये दुःखद हो जाते हैं—

जिण रुति बहु बादळ झरइ, नदियाँ नीर प्रवाह।
तिण रुति साहिब वल्लहा, मो किम रयण विहाय ॥ २५८ ॥
महि मोराँ मंडव करइ, मनमथ अंगि न माइ।
हूँ एकलड़ी किम रहउँ, मेह पधारउ माइ ॥ २६३ ॥

आकाश में बिजलियों को बादलों के साथ और पृथ्वी पर बेलों को वृक्षों के साथ और संयोगिनी नायिकाओं को नायकों के साथ आलिंगन करते देखकर विरहिणी माळवणी का धैर्य्य नहीं रहता—

ऊँचउ मंदिर अति घणउ आवि सुहावा कंत।
वीजळि लियइ झबूकड़ा सिहराँ गळि लागंत ॥ २६८ ॥
सावण आयउ साहिबा, पगइ विलंबी गार।
ब्रच्छ विलंबी वेलड्याँ, नराँ विलंबी नार ॥ २६९ ॥

माळवणी के सुदृढ़ प्रेम में बँधे हुए ढोला ने वर्षाऋतु के अंत तक यात्रा को स्थगित रखा। दशहरा भी बीत गया। शरद्ऋतु का प्रवेश हुआ। लगभग एक वर्ष बीतने को आया। अब तो ढोला उकता गया। माळवणी ने शरद्ऋतु को भी यात्रा के अनुपयुक्त सिद्ध किया, यही नहीं वर्ष की सभी ऋतुओं को यात्रा के लिये अनुपयुक्त प्रमाणित कर दिया। माळवणी की आक्षेपोक्तियों में उत्तम कोटि का व्यंग्य भरा है। उन पर मनन करने से सच्चे काव्यानंद की प्राप्ति होती है। शरद्ऋतु की आक्षेपोक्ति लीजिए—

जिण रित नाग न नीसरइ, दाझइ वनखँड दाह।
जिण रित माळवणी कहइ, कुँण परदेसाँ जाह ॥ २८४ ॥
सीयाळइ तउ सी पड़इ, ऊन्हाळइ लू वाइ।
वरसाळइ भुइँ चीकणी, चालण रुत्ति न काइ ॥ २७७ ॥

अब तो ढोला को साहस करना ही पड़ा। माळवणी की प्रेम-परीक्षा में वह उत्तीर्ण हुआ परंतु अब यदि मारवणी की सुधि न ले तो उसके प्रेम में शैथिल्य प्रमाणित होता है। अतएव स्पष्ट शब्दों में कह ही तो दिया—

माळवणी, म्हे चालिस्याँ म करि हमारी तात।
का हसि करि म्हाँ सीख दे, खड़िस्याँ माँझिम रात ॥ २७८ ॥

कैसा मीठा, कैसा सूक्ष्म, परंतु दृढ़ उत्तर है। ढोला के प्रेममय चरित्र की यही कसौटी है। मेरे अनिष्टों की चिंता न करो, प्रसन्नतापूर्वक यात्रा करने की आज्ञा दो (अब भी माळवणी को प्रसन्न रखना चाहता है!) अन्यथा अर्द्ध रात्रि को सोती

छोड़कर चल देना पड़ेगा। माळवणी के प्रति अपने प्रेम में ढोला पूरा उतरता है। जागती को छोड़कर जाने से माळवणी को मर्मांतक वेदना होगी। प्रेमिका की उस असह्य वेदना को बचाकर रात्रि में चलने का प्रस्ताव किया। दूसरा कोई उपाय नहीं था। ऐसी ही अवस्था में राजकुमार सिद्धार्थ अपने परमार्थ-प्रेम से उत्साहित होकर यशोधरा को रात में सोती छोड़कर निकले थे।

ढोला की इस दृढ़ता को देखकर माळवणी को कोई सहारा न रहा। एक बार फिर अंतिम प्रयत्न किया। सोचा, ढोला के प्रेम-शैथिल्य की कुछ चुभती हुई व्यंग्योक्तियाँ कहूँ। शायद उनसे क्षुब्ध होकर ही रुक जाय—

डूँगर-केरा वाहळा, ओछाँ-केरा नेह।
वहता वहइ उतामळा, झटक दिखावइ छेह॥ ३३८॥
पिय खोटाँरा एहवा, जेहा काती मेह।
आडंबर अति दाखवइ आस न पूरइ तेह॥ ३३९॥

कैसी पैनी, काटती हुई उक्ति है। ढोला का हृदय इससे चुभकर व्यथित अवश्य हुआ होगा, परंतु करता क्या? इस संवाद को ज्यादा बढ़ाने से फायदा होता नहीं दिखाई दिया। ढोला व्यंग्योक्ति को चुपचाप मन ही मन पी गया। आखिर ढोला को दृढ़ देखकर माळवणी को अनिच्छा होते हुए भी झल्लाकर अनुमति देनी पड़ी—

हल्लउँ हल्लउँ मत करउ, हियड़इ साल म देह।
जे साचे ई हल्लस्यउ, सूताँ पल्लाँणेह॥ ३०५॥

अंत में बिदाई का दृश्य बड़ी मार्मिक स्वाभाविकता के साथ चित्रित किया गया है। शब्द-सौष्ठव की स्वाभाविक योजना, भाव की बारीकी और दृश्य की सरलता और स्पष्टता के लिये काव्य-कला और भावुकता की दृष्टि से यह दोहा सर्वोत्तम काव्य का

लक्षण है। भावना और शब्द-चमत्कार सोना और सुगंध की तरह मिल गए हैं—

ढोलउ हल्लाणउ करइ, धण हल्लिवा न देइ।
झबझब झूँबइ पागडइ, डबडब नयण भरेइ ॥ ३०४॥

यह कहने की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती कि माळवणी की प्रेम-पूर्ण आक्षेपोक्तियों और युक्तियों में स्वाभाविकता का बड़ा अच्छा निर्वाह हुआ है। माळवणी के ढोला की यात्रा स्थगित करने की युक्तियों के पीछे उसके प्रेम की गंभीर प्रेरणा है। प्रेम की दृढ़ता के कारण उसको इन प्रयत्नों में कुछ सफलता भी मिली। एक वर्ष तक ढोला को उसने रोक रखा।

मालवणी ने ढोला को रोकने का एक अंतिम प्रयत्न और भी किया था। जिस ऊँट पर चढ़कर ढोला यात्रा करने को था उससे लँगड़ा होने का बहाना करवाने की उसकी आयोजना यद्यपि सफल न हुई परंतु उस प्रयत्न में उसके मन की आतुरावस्था स्पष्टतः व्यक्त होती है। उस प्रयत्न में 'मरते को तिनके का सहारा' वाली लोकोक्ति सिद्ध होती है।

ऊँट के पास जाकर माळवणी विनय करती है। यह करुणोक्ति वैसी ही है जैसी प्रेमातुर अवस्था में राम का सीता की खोज में वन के मृग और वृक्षों से सीता का पता पूछना अथवा विरह-विधुरा गोपिकाओं का ब्रज की लताओं से कृष्ण के विषय में पूछना।

माळवणी ने प्रियतम को यात्रा से रोकने के हजार प्रयत्न किए। अब भी हृदय से यही चाहती है कि ढोला रुक जाय तो अच्छा। परंतु जब प्रेमी प्रस्थान करने को है, तो पति-परायणा साध्वी की तरह उसकी मंगल-कामना करती है। यदि सच्चा प्रेम न होता तो यह सोचती कि यात्रा असफल हो—अनिष्टकर हो। पंतु नहीं, वह प्रस्थान के समय हित-कामना करती हुई कहती है—

थे सिध्धावउ, सिध करउ, बहु-गुणवंता नाह ।
सा जीहा सतखंड हुइ जेण कहीजइ जाह ॥ ३४० ॥

दूसरी पंक्ति में सर्वोत्तम कोटि का वेदनापूर्ण आक्षेप व्यंग्य है ।

ढोला चला गया । अब प्रवत्स्यत्पतिका विरहिणी माळवणी का विप्रलंभ प्रारंभ होता है । अब तक तो उसे भावी विरह की चिंता और क्षोभ था । माळवणी की वास्तविक विरह-दशा का कवि इस प्रकार वर्णन करता है । माळवणी सखियों से कहती है—

ढोलउ चाल्यउ हे सखी, वाज्या विरह-निसाँण ।
हाथे चूड़ी खिस पड़ी, ढोला हुया सँधाण ॥ ३४९ ॥

विरह-जन्य दशा-परिवर्तन का क्या ही मर्मस्पर्शी दिग्दर्शन है । माळवणी के अंग-प्रत्यंग शिथिल हो गए—जड़ हो गए; हाथ की चूड़ी खसककर नीचे आ गई । यद्यपि शिथिलता की अत्युक्ति है परंतु संवेदनापूर्ण होने से वह माळवणी की तीव्र वेदना की परिचायक है । माळवणी सखियों के प्रति अपना विरह-दुःख यों कहती है—

सज्जण चाल्या हे सखी, वाज्या विरह-निसाँण ।
पालंखो विसहर भई, मंदिर भयउ मसाँण ॥ ३५२ ॥
सज्जणियाँ बउलाइ कइ मंदिर बइठी आइ ।
मंदिर काळउ नाग जिउँ हेलउ दे दे खाइ ॥ ३७१ ॥
चंपा-केरी पाँखड़ी, गूँथूँ नवसर हार ।
जउ गळ पहरूँ पीव बिन, तउ लागे अंगार ॥ ३९६ ॥

प्रिय के विरह में सब सुख के साधन दुःख के उत्तेजक कारण बन जाते हैं । सुख-शय्या साँप की तरह विषाक्त प्रतीत होती है, सौख्य-पूर्ण महल श्मशानभूमि की तरह शून्य और भयावह प्रतीत होते हैं और उनकी डरावनी निर्जनता काटने को दौड़ती है ।

सज्जण चाल्या हे सखी, दिस पूगळ दोड़ेह ।
सायधण लाल कवाँण ज्यउँ ऊभी कड़ मोड़ेह ॥ ३५५ ॥

विरहिणी की बेचैनी और आलस्य का कैसा भावुक शब्द-चित्र है। माळवणी को प्रिय के बिना जीवन भार-स्वरूप हो गया है। कोई चीज अच्छी नहीं लगती। पानी पीती है परंतु गले से नीचे नहीं उतरता, साँस हृदय में समाती नहीं।

सज्जण चाल्या हे सखी, सूना करे अवास।
गळेय न पाणी ऊतरइ, हिये न मावइ सास॥ ३५८॥

विरहावस्था के ऐसे स्वाभाविक वर्णन बहुत कम काव्यों में मिलेंगे। जायसी ने इसी से मिलता-जुलता भाव नागमती के विरह-वर्णन में प्रकट किया है—

खन एक आव पेट मँह साँसा। खनहि जाइ जिउ होइ निरासा॥

प्रिय-विरह-जन्य शून्यता और निराशा का सुंदर व्यंग्य चित्र देखिए—

ढोलइ चढ़ि पड़ताळिया डूँगर दीन्हा पूठि।
खोजे वावू हथ्थड़ा धूड़ि भरंसी मूठि॥ ३६१॥
सयणाँ, पाँखाँ प्रेम की तइँ अव पहिरी तात।
नयण कुरंगउ ज्यूँ वहइ लगइ दीह नइँ रात॥ ३६४॥
साल्ह चलंतइ परठिया आँगण वीखड़ियाँह।
सेा मइँ हियइ लगाडियाँ भरि भरि मूठड़ियाँह॥ ३६६॥

प्रेम की एकनिष्ठता, तल्लीनता, तादात्म्य का इससे बढ़कर क्या परिचय हो सकता है कि वातावरण में सब ओर प्रेमी ही प्रेमी की प्रतिमा दिखाई दे, जिससे विरहविधुरा प्रेमिका वायु को भी प्रेमी की प्रतिमा के भ्रम से आलिंगन करने लगे; रात-दिन नेत्र प्रेमी की खोज में दसों दिशाओं में घूमते रहें और प्रेमी के पीछे छोड़े हुए पद-चिह्न की धूलि को मुट्ठियाँ भर-भरकर छाती से लगाकर प्रेयसी अपने उद्वेग को शांत करने की चेष्टा करे। विरह के ये व्यापार उन्माद और विक्षिप्तता के द्योतक हैं। चैतन्य महाप्रभु और मीरा का कृष्ण के प्रेम में नाचना, मजनूँ का लैला के लिये हवा से बातें करना,

यक्ष का बादलों द्वारा संदेश भेजना, उन्माद नहीं तो क्या था ? परंतु यही उन्माद सच्चे प्रेम का शृंगार होता है।

प्रियतम के विरह में पत्नी को अपनी तुच्छता और हीनता का ज्ञान होना स्वाभाविक ही है—जिसकी पहले लाखों की कीमत होती अब उसे कौड़ी का भी कोई नहीं पूछता। सच है जब माली ने वल्लरी को सींचना ही छोड़ दिया तो वह सूखेगी ही—

प्रीतम-हूती बाहिरी कवडी ही न लहाँइ।
जब देखूँ घर-आँगणइ लाखे मोल लहाँइ॥ ३७०॥
सज्जण वल्ले, गुण रहे, गुण भी वल्लण हार।
सूकण लागी बेलड़ी, गया ज सींचणहार॥ ३७४॥

जायसी के नागमती-विरह वर्णन में भी इसी प्रकार का वर्णन है—

कँवल जो बिगसा मानसर, बिन जल गएउ सुखाइ।
अबहुँ बेलि फिरि पलुहै, जो पिउ सींचै आइ॥

प्रियतम के विरह में उसके स्मारक चिह्न ही प्रेयसी के लिये जीवनाधार हो जाते हैं। उनको देख-देखकर प्रियतम की याद करके वह दुःख के रूप में अपने प्रियतम की स्मृतियों को हरी रखती है—

खूँटइ जीण न मोजड़ी, कड्यां नह' कंकाँण।
साजनिया सालइ नहीं, सालइ अणी ठाँण॥ ३७५॥

भारतेंदु की चंद्रावली नाटिका में कृष्ण के विरह में चंद्रावली कहती है—"प्यारे देखो, जो जो तुम्हारे मिलने में सुहावने जान पड़ते थे वही अब भयावने हो गए हैं। हा, जो बन आँखों से देखने में कैसा भला दिखाता था, वही अब कैसा भयंकर दिखाई पड़ता है। देखो, सब कुछ है, एक तुम्हीं नहीं हो प्यारे।" (दूसरा अंक)

प्रियप्रवास में विरह-विधुरा गोपिकाओं की इसी प्रकार की उक्ति है—

कुंजें वही, थल वही, यमुना वही है ।
बेलें वही, वन वही, विटपी वही हैं ॥
हैं पुष्प-पल्लव वही, व्रज भी वही है ।
ए किंतु श्याम बिन हैं न वही जनाते ॥१४-१४२॥

विरहिणी की काम-दशा को शास्त्र में दस प्रकार से वर्णन किया जाता है—

अभिलाषश्चिन्तास्मृतिगुणकथनोद्वेगसम्प्रलापाश्च ।
उन्मादोऽथ व्याधिर्जड़तामृतिरिति दशात्र कामदशा ॥

सा० द० ३-२१४ ॥

इन दशाओं में प्रायः सभी का विकास माळवणी के विप्रलंभ में मिलता है । उन्माद, स्मृति, व्याधि और प्रलाप के उदाहरण ऊपर दिए जा चुके हैं । विरह-जन्य जड़ता की कैसी मार्मिक व्यंजना की गई है—

बीछड़तां ही सज्जणा, क्याँही कहण न लध्ध ।
तिण वेळा, कँठ रोकियउ, जाणक सिंधी खध्ध ॥ ३८१॥

अंतर्दग्ध करनेवाली चिंता का चित्र इस दोहे में चित्रित किया गया है—

सज्जण ज्यूँ ज्यूँ संभरइ, देख्याँ आही ठाँण ।
झुरि झुरि नइ पंजर हुई, समर समर सहिनाँण ॥३८२॥

विरहिणी की कामजन्य अभिलाषाएँ भी विचित्र होती हैं। विरह-दुःख जब हृदय में नहीं समाता तो माळवणी अभिलाषा करती है कि पर्वत-शिखर पर जाकर धाड़ मार-मारकर रो ले जिससे हृदय हलका हो जाय—

बाबा, बाळूँ, देसड़उ, जिहाँ डूँगर नहिँ कोइ ।
तिणि चढि मूकउँ धाहड़ी, हीयउ उरळउ होइ ॥३८६॥

माळवणी को अपने प्रलाप में चेतन और अचेतन का ज्ञान नहीं रहता। वह वन में खड़े हुए एक हरे भरे 'जाळ' के दरख्त को देखकर कहती है—

थळ-मथ्थइ जळ बाहिरी, तूँ काँइ नीळी जाळि ।
कँइ तूँ सींची सज्जणे, कँइ बूठउ अग्गाळि ॥३९१॥

इस पर अपनी कल्पना के बल से कवि माळवणी को जाल की ओर से यह संतोषदायक उत्तर दिला देता है—

ना हूँ सींची सज्जणे, ना बूठउ अग्गाळि ।
मो तळि ढोलउ बहि गयउ, करहउ बाँध्यउ डाळि ॥ ३९२ ॥

ढोला के जाळ के नीचे से निकल जाने पर और ऊँट को बाँधकर जाळ के नीचे क्षणिक विश्राम लेने पर जाळ की यह दशा हुई कि वह बिना वर्षा अथवा जलदान के हरी-भरी हो गई। जब ढोला के क्षणिक संयोग-सुख से जड़ जीवों की दशा समुन्नत हो जाती है, तब तो ऐसे प्रियतम के लिये माळवणी का विलाप करना यथार्थ है। संसार के सभी साहित्यों के गीत-काव्यों में जड़ और चेतन का इस प्रकार प्रश्नोत्तर द्वारा समवेदना के एक सूत्र में बँधा होना सिद्ध होता है।

माळवणी का विरह बड़ी तीव्र और करुण वेदना से भरा है; परंतु जैसा कि हम ऊपर कह आए हैं, इस उन्माद और उद्वेग की विरह-दशा में वह अपने कर्त्तव्य को भूल नहीं जाती। अपने प्रेमी को प्रवास से विरत करने में वह सदा सयत्न रही और जब उसे रोक न सकी तब भी उसने यत्न को न छोड़ा। माळवणी का यह सयत्नोत्साह उसके प्रेम की दृढ़ता का परिचायक है। ढोला के चले जाने पर भी माळवणी ने उसे लौटाने का एक प्रबल प्रयत्न किया। इसी आशय से उसने अपने शुक को भेजा था।

यद्यपि इस काव्य में विप्रलंभ शृंगार ही प्रधान है, परंतु संभोग का भी वर्णन हुआ है। वैसे तो कहानी के इतिवृत्त की रचना ही

इस ढंग से हुई है कि माळवणी और मारवणी के संबंध के संभोग-शृंगार का निदर्शन बहुत कम होने पाया है। नायक ढोला और नायिका मारवणी की प्रेमवार्त्ता को प्रधानता देने के लिये उन्हीं के प्रेमसूत्र के विकास का आद्योपांत और क्रमागत वर्णन किया गया है। माळवणी का पहले-पहल वर्णन दूहा २१५ में उस अवस्था में हुआ है जब ढाढियों द्वारा मारवणी का संदेश ढोला को मिल जाने पर वह पति को चिंताकुल देखती है। परंतु माळवणी के उत्तरकालीन प्रौढ़ प्रेम-प्रवाह की गति से हम उसके पूर्वकालीन दांपत्य-प्रेम के सौख्य और घनत्व का अनुमान कर सकते हैं। जो माळवणी पति के प्रेम पर इतना अधिकार रखती है कि प्रेमातुर पति को एक वर्ष तक अपनी यात्रा से विरत कर सकती है उसके प्रेम का संभोग पक्ष भी खूब सौख्यपूर्ण और परिपुष्ट रहा होगा।

(११) ढोला-मारू का संयोग-शृंगार

संभोग-शृंगार का स्पष्ट निदर्शन हमको मारवणी-ढोला-मिलन के दृश्य में मिलता है। यद्यपि वह अत्यंत संक्षिप्त है, परंतु उसी का हम यहाँ उल्लेख करेंगे। यह वर्णन पद्मावती-रत्नसेन-विषयक संभोग-शृंगार से बहुत कुछ मिलता-जुलता है अतएव इनकी तुलना भी की जा सकती है।

ढोला के पूगल पहुँच जाने पर मारवणी के हर्ष का पारावार न रहा। मारवणी अपने आंतरिक सुख और हर्षोल्लास को सखियों पर प्रकट करती है—

साहिब आया, हे सखी, कज्जा सहु सरियाँह।
पूनिम-केरे चंद ज्यूँ दिसि चयारे फळियाँह॥ ५२८॥
सखिए, साहिब आविया, जाँहकी हूँती चाइ।
हियडउ हेमाँगिर भयउ, तन-पंजरे न माइ॥ ५२९॥

आजूणउ धन दीहड़उ साहिब-कउ मुख दिट्ठ ।
माथा भार उलाथियउ, आँख्याँ अमी पयट्ठ ॥ ५३१ ॥
सखी, सु सज्जण आविया, हुंता मुझ्झ हियाह ।
सूका था सू पाल्हव्या, पाल्हविया फल्यिाह ॥ ५३२ ॥

मारवणी के पवित्र और मर्यादाविहित प्रेम का विकास उसके हृदय की सीमा को व्याप्त कर चारों ओर पूर्णिमा की चंद्रिका के समान छिटक गया है । उसका विरह-व्याकुल हृदय अब हिमालय की तरह शीतल हो गया है । मानसिक प्रफुल्लता इतनी बढ़ गई है कि शरीर-पंजर में नहीं समाती । आज मानों उसके सिर पर से विरह-रूपी भारी बोझ उतर गया और उत्सुक नेत्रों में प्रियदर्शन के कारण अमृत छलकने लगा । सूखी हुई वल्लरी आज पुनः पल्लवित और पुष्पित हो गई; संयोग-जनित मद आँखों की मस्ती में झलक रहा है । मारवणी का संयोग-सुख अपनी स्वाभाविक सूक्ष्मताओं के साथ उसके अंग-प्रत्यंग की प्रफुल्लित और आह्लादपूर्ण दशा से प्रकाशित हो रहा है ।

इसी प्रकार पद्मावती का संयोग-सुख भी उसके अंग-प्रत्यंग में विकसित हुआ है—

अंग अंग सब हुलसै, कोइ कतहूँ न समाइ ।
ठाँवहिं ठाँव विमोही, गइ मुरछा तनु आइ ॥

परंतु दोनों में भेद इतना है कि जहाँ मारवणी का संयोगजन्य हर्षोल्लास अधिक संयत और शील की सीमा में बद्ध है, वहाँ हर्षोल्लास की बाढ़ में पद्मावती के पैर उखड़ जाते हैं, वह मूर्च्छित हो जाती है। साहित्यिक दृष्टि से यद्यपि ऐसे अवसर पर मूर्च्छित हो जाना ठीक समझा गया है और वह भावातिशय को प्रकाशित करता है, परंतु उसमें संयम और मर्यादा का अभाव अवश्य द्योतित होता है ।

मारवणी के प्रथम समागम का वर्णन जहाँ हुआ है, वहाँ भी इसी प्रकार की संयमशीलता और शीलसंपन्नता प्रकट होती है। यथा—

कंठ विलग्गी मारुवी करि कंचूवा दूर।
चकवी मनि आणँद हुवउ, किरण पसारया सूर ॥ ५५१ ॥

इसी प्रकार दूहा ५५२, ५५३, ५५४, ५६१, ५६२ में देखना चाहिए। दूहा ५६३ में मंजिष्ठा राग की उपमा प्रेम की विशुद्ध पूर्णता की सूचक है—

धरती जेहा भरखमा, नमणा जेही केळि।
मज्जीठाँ जिम रच्चणाँ, दई, सु सज्जण मेळि ॥ ५६३ ॥

वर्णन की गंभीरता, संयतता और शीलसंपन्नता ने शृंगार को अश्लीलता की व्यंजना से बचा लिया है। जहाँ तक हो सका है, मारवणी के संभोग-शृंगार की पराकाष्ठा शुद्धता, शील और संस्कृति की सीमा से बाहर नहीं होने पाई है।

ऐसे ही स्थल पर पद्मावती के प्रिय-मिलन-जन्य प्रेम को जायसी ने काम-जन्य दशाओं में प्रकट किया है जिससे उसमें सात्त्विक पवित्रता का वह भाव प्रकट नहीं होता जो मारवणी के प्रेम में हुआ है—

छूटा चाँद सूर जस साजा। अस्टौ भाव मदन जनु गाजा ॥
हुलसे नैन दरस मदमाते। हुलसे अधर रंग रस राते ॥
हुलसा बदन ओपरवि पाई। हुलसि हिया कंचुकि न समाई ॥
हुलसे कुच कसनी-बँध टूटे। हुलसी भुजा वलय कर फूटे ॥
हुलसी लंक कि रावन राजू। राम-लखन दर साजहिं आजू ॥
आजु कटक जोरा है कामू। आज विरह सौं होइ संग्रामू ॥
भएउ जूझ जस रावन रामा। सेज विधाँसि विरह-संग्रामा ॥

इस विवरण में 'अस्टौ भाव मदन जनु गाजा', 'राम-लखन दर साजहि आजू', 'कटक जोरा है कामू', 'होइ संग्रामू' इत्यादि भावों की उग्र व्यंजना प्रेम की सात्त्विक-शीलता, स्वाभाविक सर-

लता और कोमलता में एक प्रकार का तूफान पैदा कर देती है जो फारसी ढंग की कविता में भले ही मान्य हो, भारतीय साहित्य और संस्कृति के सर्वथा विरुद्ध प्रतीत होती है। जायसी के प्रेम-वर्णन की उग्रता अवसर और पात्र के अनुपयुक्त जँचती है।

प्रिय-मिलन के अवसर पर मारवणी ने शृंगार किया। यह शृंगार-वर्णन भी बहुत कुछ संयत, विशुद्ध और मर्यादाबद्ध है—

सखिए ऊगट माँजिणउ खिजमति करइ अनंत।
मारू-तन मंडप रच्यउ, मिलण सुहावा कंत॥ ५३५॥
घम्मघमंतइ घाघरइ, उल्टयउ जाँण गयंद।
मारू चाली मंदिरे, झीणे वादल चंद॥ ५३७॥
बोली वीणा, हंस गत, पग वाजंती पाळ।
रायजादी घर-अंगणइ छुटे पटे छंछाळ॥ ५४०॥
सोई सज्जण आविया, जाँहकी जोती बाट।
थाँभा नाचइ, घर हँसइ, खेलण लागी खाट॥ ५४१॥

इसके विपरीत पद्मावती के शृंगार का विशद वर्णन करते हुए कवि ने बारह आभरणों का वर्णन कर अपनी बहुज्ञता का परिचय दिया है—

(१) बारह अभरन करै सो साजू।
(२) जो न सुना तो अब सुनइ बारह अभरन नाँव।

जायसी का यह वस्तु-वर्णन शृंगाररस के विकास और परिपाक में बाह्य वस्तु सा प्रतीत होता है। इससे रस की परिपुष्टि और सम्यक् आस्वादन नहीं होता। भावुकता और संवेदना का स्पर्श इनमें नहीं के बराबर है, अतएव प्रस्तुत विषय के साथ इनका बहुत थोड़ा और निर्जीव संपर्क रह जाता है।

इसी प्रकार 'सोलह शृंगार', पारा, गंधक, हरताल, सिद्ध-गुटिका और रासायनिक क्रियाओं और पदार्थों का अनवसर पर वर्णन करके कवि ने बहुज्ञता और वस्तुज्ञान का पूरा परिचय तो

दिया है, परंतु इनसे काव्य का बहुत थोड़ा उपकार सिद्ध होता है।

शृंगार के उद्दीपक साधनों में जिस प्रकार प्रथाबद्ध षट्ऋतु-वर्णन किया जाता है, उसी प्रकार प्रेमियों का पारस्परिक विनोद, हास्य, कुतूहल-क्रीड़ा आदि साहित्य में बताए गए हैं। मारवणी के संभोग-शृंगार के अंतर्गत ऋतु-वर्णन के स्थान पर 'अष्टयाम' का वर्णन हुआ है। इससे पहले प्रथम समागम के उपयुक्त प्रेमियों में कुछ विनोद और क्रीड़ा भी होती है। 'मान' का भी संक्षेप में दिग्दर्शन होता है।

ढोला हँसी-ही-हँसी में एक मीठी चुटकी लेता हुआ मारवणी से कहता है—

काया झबकइ कनक जिम, सुंदर, केहे सुख्ख।
तेह सुरंगा किम हुवइँ, जिण वेहा बहु दुख्ख॥ ५४६॥

इस विनोदभरी परंतु तीखी व्यंग्योक्ति को सुनकर मारवणी को संकोच होता है कि "खुणसउ राखइ कंत"—पति के मन में खुनस बैठ गई है। वह उसी क्षण कैसा सच्चा और लाजवाब उत्तर देती है—

पहुर हुवउ ज पधारियाँ मो चाहंती चित्त।
डेडरिया खिण-मइ हुवइ धँण बूठइ सरजित्त॥ ५४८॥

ढोला का संदेह "खुणसउ" बनावटी था। उसे मजाक करना था। क्या उत्तर देता? यदि देता तो इस उत्तर के सामने वह ठहर न सकता। जब निम्न सृष्टि के जीवों—मेंढकों—तक में प्रेम की संजीवनी शक्ति इस विलक्षणता के साथ प्रकट होती है तो मानव का तो कहना ही क्या है।

पद्मावती भी प्रिय-समागम के अवसर पर व्यंग्य-विनोद और परिहास करती है, परंतु उनसे वह विनम्रता और शील व्यंजित

नहीं होते जो ढोला-मारू के वचनों में होते हैं। पद्मावती झिड़क-कर रत्नसेन से कहती है—

ओहट होसि जोगि तोरि चेरी। आवै बास कुरकुटा केरी॥
देखि भभूति छूति मोहि लागै। काँपै चाँद सूर सौं भागै॥
जोगि तोरि तपसी कै काया। लागि चहै मोरे अंग छाया॥
बार भिखारि न माँगसि भीखा। माँगै आह सरग पर सीखा॥

यद्यपि ये प्रेम की झिड़कियाँ हैं और कहने को इनमें 'तोरि चेरी' शाब्दिक विनम्रता भी है, परंतु भाव का उतना संयत गठन नहीं है कि शील-साधन की सीमा में रह सके।

संयोग शृंगार की प्रेम-पद्धति में वाक्चातुर्य्य, वचन-विलास और परिहास का मनोहर आयोजन रहता है। 'ढोला' के प्रेम में ऐसा आयोजन है और जायसी में भी। पाश्चात्य गीत-काव्यों (Ballads) में भी पहेलियों और अनेक ढंग की वचन-चातुरी का विशद साहित्य उपलब्ध होता है। कभी-कभी एक पहेली के ठीक-ठीक उत्तर दे देने पर ही प्रेमी नायक अथवा नायिका को अपने प्रेमी के प्रेम का पूर्ण लाभ होता है। प्रेम में साधारणतः वाग्विलास और परिहास की वृत्ति का स्फुट होना स्वाभाविक ही होता है।

अँगरेजी के प्रमुख लोक-गीतों में (1) The Elfin Knight, (2) Captain Wedderburn's Courtship, (3) King John and the Bishop ऐसे गीत हैं जिनमें विनोद और परिहास द्वारा प्रेमी अपने भावों को परस्पर व्यक्त करते हैं। प्रथम और द्वितीय में प्रेमी कठिन पहेली का उत्तर देने के परिणाम में अपने प्रेमपात्र का प्रणय-लाभ करते हैं। तीसरे में पहेलियों द्वारा दो दलों का भाग्य-निर्णय किया गया है। किंवदंती के अनुसार महाकवि कालिदास को भी अपनी प्रियतमा का प्रेम इसी प्रकार वाक्चातुर्य्य द्वारा प्राप्त हुआ था।

प्राचीन प्रेम-कहानियों में पहेलियों के विश्वव्यापी प्रचार और महत्त्व के विषय में गीत-काव्यों के सर्वश्रेष्ठ आचार्य प्रो० चायल्ड लिखते हैं—

" Riddles play an important part in popular story and that from remote times. No one needs to be reminded of Samson, Oedipus, Appolonius of Tyre. Riddle tales, which if not so old as the oldest of these, may be carried in all likelihood some centuries beyond our era, still live in Asiatic and European tradition and have their representatives in popular Ballads."

प्राचीन भारतीय कहानियों में और विशेषत: प्रेम-कहानियों में वाक्चातुर्य्य और विनोद-वृत्ति का बहुत-सा साहित्य भरा पड़ा है। प्राकृत और अपभ्रंश काल के गाथा और दूहा-साहित्य में इस प्रकार के विनोदपूर्ण साहित्य का कुछ अंग अब भी सुरक्षित मिलता है। 'ढोला' का यह विनोदपूर्ण साहित्यांश अपभ्रंश साहित्य पर बहुत कुछ आश्रित है। नंबर ५७५ और ५७७ की दोनों गाथाएँ प्रसिद्ध प्राचीन प्रहेलिकाएँ हैं जो सीधी अपभ्रंश साहित्य से लेकर कथा में ऊपर से मिला दी गई हैं। माधवानल-कामकंदला की प्रेम-गाथा में भी ये मिलती हैं।

मारवणी प्रेम की उद्भावना में पति से साहित्यिक मनोविनोद करने का प्रस्ताव करती है क्योंकि ऐसा करना समयोपयुक्त ही होगा—

मारवणी इम वीनवइ, धनि आजूणी राति।
गाहा-गूढा-गीत-गुण कहि का नवली वाति॥ ५६७॥

क्योंकि—गाहा-गीत-विनोद-रस सगुणाँ दीह लियंति।
कइ निद्रा, कइ कलह करि, मूरिख दीह गमंति॥ ५६८॥

हितोपदेश के निम्न-लिखित श्लोक का भाव इस अंतिम दूहे में बड़ी सुंदरता के साथ प्रकट किया गया है—

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम् ।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा ।।

इस प्रसंग में साहित्यिक विनोद की यही उपयोगिता है कि इससे रति-भाव का उद्दीपन होता है। अधिकांश पहेलियाँ साहित्यविश्रुत हैं। इनमें नायिका की मौलिक कल्पना को ढूँढ़ना व्यर्थ है क्योंकि ऐसे अवसरों पर साहित्य-प्रसिद्ध पूर्वागत पहेलियों का प्रयोग ही पर्याप्त समझा जाता है। आजकल के हिंदू विवाहों में भी मनोविनोद की यह प्रथाबद्ध पद्धति कहीं-कहीं देखी जाती है।

वाग्विनोद के सिवा प्रेमियों की पारस्परिक क्रीड़ा और विलास आदि भी शृंगार के उद्दीपक की तरह कवियों द्वारा प्रयुक्त होते हैं। 'ढोला' में इस प्रेम-क्रीड़ा का बहुत संक्षेप में वर्णन हुआ है—

म्हैंने ढोलो भूँबिया लूँगे-लक्कड़ियेह ।
म्हाँने प्रिउजी मारिया चंपारै कळियेह ।। ५६१ ।।
म्हैंने ढोलो भूँबिया म्हाँनूँ आवी रीस ।
चोवा-केरै कूँपळै ढोळो साहिब-सीस ।। ५६२ ।।

जायसी ने प्रथम समागम के पूर्व पद्मावती और रत्नसेन में वाक्चातुर्य्य और परिहास की जो नोक-झोंक दिखाई है, उसका ऊपर वर्णन कर आए हैं। दोनों में जो अंतर है, उसका भी उल्लेख कर दिया गया है। रतिभाव की पुष्टि के लिये यह आवश्यक होता है कि प्रेम में आत्मीयता के भाव की रक्षा करने के लिये दोनों प्रेमियों को भाव की समतल भूमि पर रहकर पारस्परिक विनोद में लीन होना चाहिए, क्योंकि यह मार्ग प्रेमोत्कर्ष के लिये अधिक लाभदायी होता है। ढोला-मारवणी के विनोद-परिहास में भाव की

यह समता मिलती है परंतु पद्मावती-रत्नसेन के विनोद-व्यवहार में एक प्रकार की विषमता आ गई है। नीचे कुछ उदाहरण देते हैं—

पद्मावती और उसकी सखियाँ रत्नसेन का परिहास करती हुई नाना प्रकार से उसका मजाक उड़ाती हैं परंतु इन सबके उत्तर में रत्नसेन को अपनी गंभीर प्रेमनिष्ठा की दुहाई देते हुए देखकर हमको उसकी निस्सहायता पर दया आती है।

जिस प्रकार माळवणी के भावी विरह के संबंध में कवि ने आत्तेपोक्तियों में ऋतुओं का वर्णन विप्रलंभ शृंगार के उद्दीपन की तरह किया है, उसी प्रकार संभोग शृंगार में मारवणी के संबंध में अष्टयाम-वर्णन की कल्पना की है। जायसी में इनके स्थान पर क्रमशः बारहमासा और षट्ऋतुओं का वर्णन उद्दीपन की तरह किया गया है।

'अष्टयाम' में साहित्यिक प्रथानुसार एक रूढ़ि-विशेष का अनुसरण किया गया है। दिन के आठ पहरों में प्रेमियों की प्रेमपूर्ण दिनचर्या को विभक्त करके संभोग शृंगार की पुष्टि की गई है। यह अंश प्राचीन कथा का भाग नहीं क्योंकि प्राचीन प्रतियों में यह नहीं मिलता। यह प्रकरण पढ़ने पर कुछ फीका-सा भी जान पड़ता है। वह सरसता, वह स्वाभाविकता, वह सरलता और स्वच्छंदता नहीं प्रतीत होती जो इस काव्य में प्रायः सब स्थलों में मिलती है। यह वर्णन इतना साधारण रीति से हुआ है कि किसी भी पद्यमय प्रेम-कहानी में ऊपर से बैठाया जा सकता है। इसमें नायक-नायिका का न तो कहीं प्रत्यक्ष नाम-निदर्शन ही किया गया है और न परोक्ष रीति से ही इसका किसी प्रकार का घनिष्ठ संबंध उनके व्यक्तित्व के साथ दिखाया गया है। यही नहीं, ढोला-मारवणी के प्रेम में जिस पवित्रता, शील-संपन्नता और सात्त्विकता के आदर्श का सर्वत्र निर्वाह हुआ है, वह आदर्श उच्चता से भ्रष्ट होकर अष्टयाम के निःसत्त्व विवरण में कुछ अश्लीलता, नीरसता, गँवारूपन और साधारण

तुच्छता धारण कर लेता है। किसी सर्वसुंदर आभरण के भद्दे मोरचे की तरह यह प्रसंग कथा में खटकता है, काव्य के आदर्श से मिलान नहीं खाता। कहाँ तो मारवणी को शील, शांति, सात्त्विक प्रेम की प्रतिमा बनाकर खड़ा किया, यथा—

"गति गंगा, मति सरसती, सीता सील सुभाइ" ॥४५१॥

और कहाँ—

दूजै पोहरे रयणकै मिल्यित गुपका गुध्व।
धण पाळी; पिउ पाखरयौ, विहूँ भलाँ भड़ाजुध्व॥ ५८३॥

वही जायसी के 'काम-संग्रामू' वाली बात कही गई है। एक ही काव्य के दो स्थलों में आदर्श का इतना भारी अंतर शोभा नहीं देता। दोहा ५८७-५८८ राजस्थान की इतर कथा-कहानियों में बहुतायत से उद्धृत किए हुए मिलते हैं अतएव साधारण कहावत की तरह प्रचलित हैं। इनमें किसी प्रकार की काव्यगत विशेषता भी नहीं है।

इस काव्य के वस्तु-वर्णनों का संक्षेप में निदर्शन कर अब निष्कर्ष रूप में यही कहना बाकी रह जाता है कि इन वर्णनों में राजस्थान देश की आत्मा का स्वाभाविक स्थूल चित्र चित्रित हुआ है। इस धारणा के आधार पर यह कहने में संकोच नहीं होता कि 'ढोला-मारूरा दूहा' में राजस्थान की जातीय कविता (National Poetry) केंद्रीभूत है। क्या देश-वर्णन, क्या रमणी-सौंदर्य्य-वर्णन, क्या ऋतु-वर्णन, क्या करहा-वर्णन—सभी में राजस्थान की जातीयता की गहरी छाप लगी हुई है।

(१२) यात्रा-वर्णन और भौगोलिक स्थिति

ढोला-मारवणी की प्रेम-कहानी का नायक ढोला नरवर देश के राजा नळ का पुत्र था और मारवणी पूगळ के पिंगळराव की

पुत्री थी। नरवर का प्राचीन राज्य राजस्थान प्रांत के पूर्व कोण में पुष्कर से लगाकर वर्त्तमान ग्वालियर राज्य की पूर्वीय सीमा तक विस्तृत था। इसे 'नळवाड़ा' भी कहते थे। इधर राजस्थान के पश्चिम में पूगळ परमार क्षत्रियों की प्राचीन राजधानी थी। वर्त्तमान पूगळ नगर बीकानेर के अंतर्गत राजधानी बीकानेर के पश्चिमोत्तर में लगभग २५ कोस की दूरी पर स्थित है। पूगळ और नरवर के बीच में लगभग २०० कोस का अंतर है।

ढोला के बचपन में अकाल पड़ने पर पिंगळराव नरवर राज्य में, संभवतः पुष्कर तीर्थ पर, जाकर रहा था जहाँ नळ राजा भी सपरिवार आया था। वहां दोनों राजाओं का प्रथम मिलन हुआ—

पिगळ ऊचाळउ कियउ, नळ नरवरचइ देसि ॥ २ ॥

मारवणी के प्रेम से आकर्षित होकर ढोला ने नरवर से पूगळ की यात्रा की थी। इस यात्रा का स्पष्ट निर्देश दूहों में मिलता है। यात्रा किस मार्ग से की गई थी, इस विषय के कुछ अवतरण नीचे उद्धृत किए जाते हैं—

(१) चंदेरी बूँही विची, सरवर-केरइ तीर।
ढोलइ दाँतण फाड़तां, आइ पुहत्तउ कीर ॥ ४०० ॥

(२) अति आणँद ऊमाहियउ, वहइ ज पूगळ वट्ट।
त्रीजइ पुहरि उलाँघियउ, आडवळारउ घट्ट ॥ ४२४ ॥

(३) करहउ पाँणि तिसाइयउ, आयउ पुहकर तीर।
ढोलइ ऊतर पाइयउ, निरमळ सरवर नीर ॥ ४२५ ॥

(४) सांझी वेळा सामहलि कंठळि थई अगासि।
ढोलइ करह कँबाइयउ, आयउ पूगळ पासि ॥ ५२२ ॥

इन अवतरणों से अनुमान होता है कि ढोला मारवणी को आधी रात के लगभग सोती (सूतां पल्लांणेह—३०५) छोड़कर ऊँट पर नरवर से बिदा हुआ था। नरवर से वह चंदेरी के मार्ग होकर

सारहली जिउँ सल्हियाँ सज्जण मंझ सरीर ॥५६॥
मंझि समंदाँ वींट घर, जळसूँ जामोपत्त।
किणहीँ अवगुण कूँझड़ी, कुरळो माँझिम रत्त ॥५७॥

५५—घर के पीछेवाले टीले पर कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया (जिससे) सोती हुई मारवणी को प्रियतम का स्मरण हो आया और उसके अङ्गों पर मानों आरी चल गई।

५६—करील की ओट में बैठकर कुररी पक्षी कुरलाए (जिसको सुनकर) प्रियतम (की स्मृति) शरीर में सार की तरह सालने लगी।

५७—समुद्र के बीच में वींटों का तेरा घर है, जल से तेरी सन्तान की उत्पत्ति होती है। हे कुरभ, कौन से बड़े अवगुण के कारण तू आधी रात को कूक उठी।

५५—कुरझड़ियां (च)। कळीयर (क) कळियळ (घ) कुरळाइयां (च. थ)। थळां (न)। थळी पइलइ (च) थळो ज पैलै (थ)= घरि पाछिले। पछवाड़े=पाछिले (क)। द्रंग (क. ख. ग. च. न)। सांभरया (च) समरीया (थ)। वूहा (क. ख. ग. थ)। अंग (क.ख.ग)।

५६—कुरझड़ियां (च) कूझरिया (त)। कळियळ कियै। (क)। कळिकह (ख)। ऊची (क) उची (च) उंचइ (थ)। बैसि (क) बइस (ख)। करीरि (च)। सारहल्ली (च)। जिम (ख) ज्यउं (थ)। सलीया (क) सल्लीयां (च)। साजण (ख)। म्हाह (ख) मझ (क) मांहि (थ)।

५७—मझ (क) मंझ (ग)। समुद्दां (क)। वैठि (ख)। वीट

कुंझड़ियाँ कळिअळ कियउ, सुणी उ पंखइ वाइ ।
ज्याँकी जोड़ो बोछड़ी, त्याँ निसि नींद न आइ ॥५८॥
कूँझड़ियाँ कळिअळ कियउ, सरवर पइलइ तीर ।
निसिभरि सज्जण सल्लियाँ, नयणे वूहा नीर ॥५९॥

सोरठा

मारवणी मनि रंगि, वाटइ तिणि आवी वहइ ।
कुँझो एकणि संगि, तालि चरंती दिट्ठियाँ ॥६०॥

५८—कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया और मैंने उनके पङ्खों की वायु (पङ्ख फटफटाने की ध्वनि) सुनी। जिसकी जोड़ी बिछुड़ गई उसको रात्रि में नींद नहीं आती।

५९—सरोवर के उस पार, तीर पर, कुररी पक्षियों ने करुण-रव किया। रात भर (विरहिणी के हृदय में) सज्जन सालते रहे और उसके नेत्रों से जल बहता रहा।

६०—प्रेम से रँगे हुए मनवाली मारवणी चलती चलती उस मार्ग पर आ निकली और वहाँ उसने बहुत सी कुरझों को (सरोवर के किनारे की) समतल भूमि पर एक साथ विचरण करते हुए देखा।

(ग)। पति (क. ख)। किसौ (ख) किण (ग) किहां (घ)। अणूरौ (ख) = अवगुण। रति (ख)।

५८—केवल (ज. छ) में।

५९—केवल (ज. छ) में।

६०—आधी (थ) = आवी। कुंझां (थ)। ए तिणि रंगि (थ) = एकणि संगि।

दूहा

आडा डूँगर, दूरि घर, वणइ न जाणइ भत्त ।
सज्जण-सन्दइ कारणइ हियउ हिल्लसइ नित्त ॥६१॥
कुंझाँ, द्यउ नइ पंखड़ो, थाँकउ विनउ वहेसि ।
सायर लंघी प्री मिलउँ, प्रो मिलि पाछी देसि ॥६२॥
म्हे कुरझाँ सरवर-तणा, पाँखाँ किणहिं न देस ।
भरिया सर देखी रहाँ, उड़ आघेरि वहंस ॥६३॥

६१—बीच में पर्वत हैं और घर दूर है। जाना किसी भाँति नहीं बनता। प्रियतम के लिये हृदय नित्य ही लालायित रहता है।

६२—मारवणी कुररी पक्षियों को संबोधन करके कहती है—हे कुंझो, मुझे अपनी पाँखें दो, मैं तुम्हारा बाना बनाऊँगी और सागर को लाँघ करके प्रियतम से मिलूँगी और मिलकर तुम्हारी पाँखें लौटा दूँगी।

६३—(कुंझों का उत्तर—) हम सरोवर की कुंझें हैं। हम अपनी पाँखें किसी को नहीं देंगी। भरे हुए सरोवर देखकर हम ठहर जाती हैं, नहीं तो उड़कर दूर चली जाती हैं।

६१—रांम रती धण पूंवरी (क) राम रती धर पूवण न (घ) = आडा डूंगर दूरि घर। ण (ख. च) = न। जाना (ख. ग)। भांति (ख)। सजन (ख)। हीया (क)। उलसै (क)। रत्त (क) निति (ख) = नित्त।

६२—कूंझड़ियां (क) कूंझी (ग) कुरझा (च)। दिइ न (च) देयो (थ)। पांखड़ी (थ)। पांखां दियउ (क)। वहेस (क. ख. ग)। कुरझड़ीयां म्हारी बींनडीयां पंख उधारी देह (थ)। लंघूं (क. ख) प्रीय (क. च) प्रिय (ग. थ)। मिलुं (क. ख) मिलू (ग) मिलौ (थ)। देस (क)।

६३—केवल (ज) में।



कुझ्झा, घउ नइ पल्लड़ो, थांकउ विनउ वहांसि।
सायर लंघी प्री मिलउँ, प्री मिलि पाछी देसि॥ ६२॥

उत्तर दिसि उपराठियाँ, दक्खिण साँमहियाँह ।
कुरभाँ, एक सँदेसड़उ ढोलानइ कहियाँह ॥६४॥
माणस हुवाँ त मुख चवाँ, म्हे छाँ कूँझड़ियाँह ।
प्रिउ संदेसउ पाठविसु, लिखि दे पंखड़ियाँह ॥६५॥
पाँखे पाँणी थाइरइ, जळि काजळ गहिलाइ ।
सयणाँ-तणाँ सँदेसड़ा, मुख-वचने कहिवाइ ॥६६॥
तालि चरंती कुंझड़ो, सर संधियउ गँमार ।
कोइक आखर मनि वस्यउ, ऊडो पंख सँमार ॥६७॥

६४–(मारवणी कहती है–) हे कुंझो, उत्तर दिशा की ओर पीठ किये हुए, दक्षिण दिशा के सम्मुख चलकर, ढोला को एक सँदेशा कहना ।

६५–(कुंझों का उत्तर–) मनुष्य हों तो मुख से कहें, हम तो बिचारी कुंझें हैं। यदि प्रियतम को सँदेशा भेजना हो, तो हमारी पाँखों पर लिख दो।

६६—(मारवणी फिर कहती है—) तुम्हारी पाँखों पर पानी पड़ेगा, (जिससे) स्याही जल में बह जायगी। प्रियतम का सँदेशा तो मुख द्वारा ही कहलाया जा सकता है।

६७—सरोवर में विचरती हुई कुंझों पर किसी गँवार ने बाण

६४—दक्खिण दिशि (थ)। सांमुहियांह (थ)। कुंझी (थ)।

६५—हुवां (क) ह्वां (ग)। तौ (ख. ग)। मुह (क)। चवौ (ग)। मारू म्हे माणस नहीं (क)। तो (ग) तउ (च. थ) = छां। कुरभड़ियांह (च)। प्रिय (ग. थ) प्रोउ (च)। पाठविसि (क) पाठवीस तउ (ग) परठवो (न)। ढोलै तणा संदेसड़ा (क. ख. ग) = प्रिउ संदेसउ पाठविसु। सुलिख (क)। पांखड़ियांह (थ)।

६७—ताल (क. ख. ग. च)। कूँजड़ी (ग) कुंजड़ी (थ)। संधीयो

जिम जिम सज्जण संभरइ, तिम तिम लग्गइ तीर।
पंख हुवइ तो जाइ मिलि, मनाँ बँधाँड़ाँ धीर ॥६८॥

आडा डूँगर, बन घणा, खरा पियारा मित्त।
देह विधाता, पंखड़ो, मिलि मिलि आवउँ नित्त ॥६९॥

आडा डूँगर, भुइ घणी, सज्जण रहइ विदेस।
माँगी-ताँगी पंखुड़ी केती वार लहेस ॥७०॥

संधाना। (उनके) मन में कोई आंतरिक प्रेरणा उत्पन्न हुई और वे पंख सँवारकर उड़ गईं।

६८—ज्यों ज्यों प्रियतम का स्मरण होता है त्यों त्यों मानो (हृदय में) तीर लगता है। यदि मेरे पंख हों तो उनसे जा मिलूँ और मन को धीरज बँधाऊँ।

६९—बीच में बहुत से पहाड़ और जंगल हैं, मेरा मित्र अत्यंत प्यारा है। हे विधाता, मुझे पंख दे जिससे मैं नित्यप्रति मिल आया करूँ।

७०—बीच में बहुत से पहाड़ हैं, फासला बहुत है और प्रियतम विदेश में रहते हैं। उनसे मिलने के लिये माँगी हुई पांख भला कितनी बार पाऊँगी!

(ग) संधीयउ (च)। गवार (ग) गमारि (थ)। अंतर (छ)। मन (ग)। वस्यौ (ग)। सवार (ग)।

६९—डुंगर (च)। आवउ (च)।

७०—लहेसि (च)। सायर ऊंडो जळ घणो परभौ घणो सहेस (थ)।

पाँखड़ियाँ ई किउँ नहोँ, दैव अवाडू ज्यँह ।
चकवीकइ हइ पंखड़ी, रयणि न मेळउ त्याँह ॥७१॥
आडा डूँगर, भुइँ घणी, तियाँ मिळोजइ एम ।
मनिहूँ खिणहि न मेल्हियइ, चकवी दिणियर जेम॥७२॥
ज्यूँ ए डूँगर संमुहा, त्यूँ जइ सज्जण हुंति ।
चंपावाड़ी भमर ज्यउँ, नयण लगाइ रहंति ॥७३॥
जिणि देसे सज्जण वसइ, तिणि दिसि वज्जउ वाउ ।
उआँ लगे मो लग्गसी, ऊ ही लाख पसाउ ॥७४॥

७१—जिनका भाग्य उलटा है उनके पंख (होने से) भी कुछ नहीं। चकवी के पंख हैं, परंतु उसका भी रात्रि में (प्रिय से) मिलन नहीं होता।

७२—(उनके) बीच में पहाड़ और बहुत सी भूमि (दूरी) है, उनसे इसी प्रकार मिलन हो सकता है कि उनको एक क्षण के लिये भी मन से नहीं हटाना चाहिए जिस प्रकार चकवी सूर्य को (नहीं हटाती)।

७३—जैसे ये पर्वत सामने हैं वैसे ही यदि प्रियतम भी होते तो जिस प्रकार भ्रमर चंपा के बाग की ओर दृष्टि लगाए रहते हैं उसी प्रकार मैं भी उन पर नयन लगाए रहती।

७४—हे वायु, जिस दिशा में प्रियतम बसते हैं उसी दिशा की ओर से चलो। उनका स्पर्श करके मुझे छुओ। वही मेरे लिये लाख पसाव होगा।

७१—ज्युं (च)। पुंखड़ी (च)।
७२—डुंगर (च)।
७३—डुंगर (च)।

कउआ, दिऊँ बधाइयाँ, प्रीतम मेळइ मुज्झ ।
काढि कळेजउ आपणउ भोजन दिउँली तुज्झ ॥७५॥
जब सोऊँ तब जागवइ, जब जागूँ तब जाइ ।
मारू ढोलउ संभरइ, इणि परि रयण विहाइ ॥७६॥

(राणी का मारवणी की दशा जानना)

सखियाँ राँणीसूँ कहइ, मारू-मन-भाँणी ।
साल्हकुँमर पासइ विना, पदमिणि कुँमलाँणी ॥७७॥
सखियाँ राँणीसूँ कहइ, तनह न जावइ ताप ।
साल्ह-विरह तिल तिल मइँ, मारू करइ विलाप॥७८॥

७५—हे कौवे, यदि तू मुझे प्रियतम से मिला दे तो मैं तुझे बधाइयाँ दूँ और अपना कलेजा निकालकर मैं तुझे भोजन को दूँगी।

७६—जब सोती हूँ तब (स्वप्न में आकर) जगा देता है। जब जाग उठती हूँ तब चला जाता है। (यों कहती हुई) मारवणी ढोला की याद करती है और इस प्रकार रात्रि बिताती है।

७७—(मारवणी की यह दशा देखकर) मारवणी की मनभावती सखियाँ राणी से कहती हैं—साल्हकुमार (रूपी सूर्य) के पास न होने से यह पद्मिनी कुम्हला गई है।

७८—सखियाँ राणी से कहती हैं—तन का ताप नहीं जाता।

७५—जु प्री = प्रीतम (च)। तीजन (छ) = भोजन।

७७—राणी राजा सूँ (क)। राजा कहै राणी (न)। साल्हविरह हेमंत ज्युं = साल्ह...विना (न)। मारू (न) पदमण (ग)।

७८—साल्हकुँवर तन मन में (झ)।

इणि परि ऊमा देवड़ो जाणी मारू-वत्त ।
सु प्रभाति कहिबाभणी, पिंगळ पासि पहुत्त ॥७६॥
आखय ऊमा देवड़ो, संभळि पिंगळ राइ ।
विरह-वियापी मारुई, नहिँ राखणकउ दाइ ॥८०॥
नितु नितु नवला साँढिया, नितु नितु नवला साजि।
पिंगळ राजा पाठवइ, ढोला तेड़न काजि ॥८१॥
न को आवइ पूगळइ, सहु को नरवर जाइ ।
मारू-तणा सँदेसड़ा बगड़ बिचाहू खाइ ॥८२॥

रोम रोम में साल्हकुमार का विरह छा गया है और मारवणी विलाप करती है ।

७६—इस प्रकार ऊमा देवड़ो ने मारवणी की बात जान ली और प्रातःकाल ही सब हाल कहने के लिये राजा पिंगळ के पास पहुँची ।

८०—ऊमा देवड़ी कहती है—हे पिंगळ राजा, सुनो। मारवणी विरह से व्याप्त हो गई है। उसे बचाने का कोई उपाय नहीं (सूझ पड़ता) है ।

८१—प्रतिदिन नए नए साँढनी-सवारों को, नए नए साज-सामान के साथ, पिंगळ राजा ढोला को बुलाने के लिये भेजता है ।

८२—सब कोई नरवर को जाते हैं परंतु पूगळ को लौटकर

७६—पहुत (च) पहत्त (छ) ।
८०—आखइ (थ) । उमा (च) । मा ऊमादे त्रीनवै (ग) । राउ (ग) । मारवी (ग) । दाउ (ग) ।
८१—संढिया (ग) संढीया (थ) । साज (थ) ।
८२—राजा वाक्य (क. झ) राणी वाक्य (ख. ग) ।

(सौदागर द्वारा ढोला के समाचार मिलना)

एक दिवस पूगळ सहर, सउदागर आवंत ।
तिणपइ घोड़ा अति घणा, बेच्या लाख ल ंत ॥८३॥
पिंगळ राजानूँ मिल्यउ, सउदागर तिणि वार ।
राज-दुवारइ तेड़ियउ, आदर करे अपार ॥८४॥
सउदागर पिंगळ मिल्यउ, बहुत दियउ सनमाँन ।
रात-दिवस प्रेमइ मिल्यउ, इम पिंगल राजाँन ॥८५॥

कोई नहीं आता। मारवणी के संदेशों का कोई दुष्ट बीच ही में हड़प जाता है।

८३—एक दिन पूगळ नगर में एक सौदागर आता है, उसके पास बहुत से घोड़े हैं जिनको बेचने से एक एक के लाख लाख रुपए मिलते हैं।

८४—उस समय सौदागर पिंगळ राजा से मिला। राजा ने बहुत आदर करके उसको राजदरबार में बुलाया।

८५—पिंगल सौदागर से मिला और उसका बहुत सम्मान

नरवरां (क) पूगळां (ग)। न को = सहु को (ख. ग) इहांसु (क) = नरवर। ढोलै = मारू (क. थ) ढोला (ग)। को बगड़ (ख) वगण (ग) कोई (न)। बिचाहूँ (ख) बिचाऊ (क. ग) बिचाळइ (थ) बिचाई (न)। उहांरा को आवइ नही इहां।सहू को जाइ, मारू तणा संदेसड़ा को पिसुण बिचाहू खाइ (च. थ)। उहाँ को कोई आवइ नहीं इहाँ कोइ सब जाय, मारू तणा संदेसड़ा को पिसुण विचाउ खाय (ज)।

८३—इक (ख)। सहिर (ग)।

८४—केवल (क. ख. घ) में।

८५—केवल (ग) में।

सउदागर राजा तिहाँ बइठा मंदिर मंझ ।
मारू दीठी अउझकइ, जाँणि खिवी घण संझ ॥८६॥
सुंदरि, सोवन वर्ण तसु, अहर अलत्ता रंगि ।
केसरि लंकी, खीण कटि, कोमल नेत्र कुरंगि ॥८७॥
सउदागर खवासनूँ पूछइ, लइ तिण मन्न ।
दीसइ रायंगणमहीँ कुंवरी कंचन-वन्न ॥८८॥

किया। इस प्रकार वह सौदागर पिंगल राजा से दिन-रात प्रेम सहित मिलता रहा।

८६—एक दिन सौदागर और राजा वहाँ महल में बैठे हुए थे। तब (सौदागर ने) मारवणी को अचानक झरोखे में देखा मानो संध्या समय बादल में बिजली चमकी हो।

८७—वह सुंदरी थी, उसका रंग सुवर्ण जैसा था, अधर अलक्तक के से रंग के थे, उसकी कमर सिंह की कमर के समान क्षीण थी और वह हरिण के समान कोमल नेत्रोंवाली थी।

८८—सौदागर खवास से, उसका मन लेकर, पूछता है—राजमहल में कंचन वर्णवाली कुमारी दीख पड़ती है।

८६—बिन्हें बैठा = बइठा मंदिर (क)। मंझि (क)। बैठी = दीठी (घ)। जांण (ख)। सजि = संझ (क)।

८७—सोहग सुंदरि = सोवन वर्ण तसु (ज)। सोवन्न वन्न (थ)। अहिर (ज)। रंग (ज)। नेत्र (ज. थ)। कुरंग (ज. थ)। खंजर नयणी खिण कटी (ज)।

८८—मन (ख)। राय अंगण (क. ख)। कंचण (ख)। वर्ण्ण (क) वन (ख)।

ते देखी, तिणि पूछियउ, कुण ए राजकुमारि ।
किह पीहर, किह सासरउ, विगतइ कहइ विचारि ॥८९॥
कुँवरी पिंगळ रायनी, मारूवणी तसु नाँम ।
नरवरगढ ढोलइ भणी परणी पुहकर ठाँम ॥९०॥
दउढ वरसरी मारुवी, त्रिहुँ वरसाँरउ कंत ।
बाळपणइ परणयाँ पछइ, अंतर पड़यउ अनंत ॥९१॥

८९—उस (मारवणी) को देखकर उसने पूछा—यह राजकुमारी कौन है ? कहाँ इसका पीहर है और कहाँ ससुराल है ? विचारकर (सब हाल) ब्यौरेवार कहो ।

९०—(उत्तर—) वह पिंगल राजा की कुमारी है, मारवणी उसका नाम है और पुष्कर नाम के स्थान पर नरवर गढ़ के राजकुमार ढोला के साथ इसका विवाह हुआ है ।

९१—उस समय मारवणी डेढ़ वर्ष की थी और उसका पति तीन वर्षों का था । बालपन में विवाह हो जाने के पश्चात् दोनों के बीच में बहुत भारी अंतर पड़ गया ।

८९—ति (च) । पूछियो (थ) । य=ए (च) । किहाँ (ज. थ) । पीहरि (थ) । सासुरौ (थ) । विगति (थ) । लियो (ज) कहो सु (थ) ।

९०—कुमरी (ग) । रायरी (च) । पिंगल राजा कूँवरी (क) । मारवणी (ख. ग. च) । तिण (क) तिणि (ख) इण (ग) इंण (ज) इणि (थ) । नाम (च) नामि (थ) । नलवर (क. ग. थ) गढि (थ) । ढोला तणी (ग) ढोला भणी (च. थ) । परण्या (ख) । पुक्कर (घ) पुष्करि (थ) । गाँम (क. ख. ग) ठांमि (च. थ) ।

९१—डोढ (क) । मारवी (ख) । त्रिह (ख) । बात सुणी सैदा-

सउदागर राजा कन्हे अरज करइ एकंति ।
साल्हकुँवर सूँ वीनती कहि किण दाखूँ भंति ॥९२॥
साल्हकुवर सुरपति जिसउ रूपे अधिक अनूप ।
लाखाँ बगसइ मांगणा, लाख भड़ाँ सिर भूप ॥९३॥
माळवगढ राजा सुधू, कुँवरी माळवणोह ।
ढोलइतिण बहु प्रीति छइ अति रंग नेह घणोह ॥९४॥
मइँ घोड़ा बेच्या घणा, रहियउ मास चियारि ।
राति दिवस ढोलइ कन्हइ,रहतउ राज दुवारि ॥९५॥

९२—सौदागर राजा से एकांत में अर्ज करता है कि बताइए, मैं साल्हकुमार से किस भाँति विनती कह सुनाऊँ ।

९३—साल्हकुमार इंद्र जैसा रूप में अतीव अनुपम है। वह याचकों को लाखों का दान देता है और लाखों योद्धाओं का अधिपति है ।

९४–मालवगढ़ के राजा की सुंदर कन्या राजकुमारी मालवणी (उसकी स्त्री) है । ढोला का उससे अति अनुराग और स्नेहपूर्ण घनिष्ठ प्रेम है ।

९५—मैंने वहाँ बहुत घोड़े बेचे और चार मास तक

गरै जाण्यौ सहु वृत्तंत (ग. थ) । बात सुण सउदागरइ जाण्यउ सहु वृत्तंत (च) । बाळपणै (क. ख. ग) । परणी (क. ग) परण्या (च) । विन्हे (च), विन्हइ (थ) = पछै । पड़्यौ (क. ख. ग) ।

९२—कहै (घ) । एक करंत = करै एकंति (क. घ) । सेां (ख) । किम (ख) । भंति (क) ।

९३—रूप अनूपम रूप (ख) रूपै अमर सरूप (ग) । लाख (क. ख) । लोयणां (क. ग) । लखाँ (ग) ।

९४—सधू (ग) । प्रीत (ख. ग) ।

९५—चीयार (क) । दुवार (क) ।

राजा, कउ जण पाठवइ, ढोलइ निरति न होइ ।
माळवणी मारइ तियउ, पूगळ पंथ जिकोइ ॥९६॥
सउदागर राजासुँ वह, सुणउ हमारी कथ्थ ।
मारवणी छानी रही, से माळवणी तथ्थ ॥९७॥
सही समाँणी साथि करि, मंदिरकूँ मल्हंत ।
सउदागर-नेड़ो बहइ, सुणिवा प्रीतम-वत्त ॥९८॥

रहा । तब मैं रात दिन ढोला के पास राजद्वार में ही रहता था ।

९६—हे राजन्, आप कोई आदमी भेजते हैं पर ढोला को खबर नहीं होती । जो कोई पूगळ के मार्ग पर होता है उसको मालवणी मरवा देती है ।

९७—सौदागर राजा से कहता है—हमारी बात सुनिए । जो मारवणी ढोला से अब तक छिपी रही उसका रहस्य मालवणी है ।

९८—समवयस्का सखियों को साथ लेकर मंदिर को जाती हुई मारवणी प्रियतम की बातें सुनने के लिये सौदागर के पास से निकलती है ।

९६—जन (ग) । पाठवै (क. ख. ग) । पिंगळ दिनप्रति (च. थ) पिंगळ राजा (ज) = राजा कउ जण । ढोला (च. ज. थ) । निरत (ज) । होय (ज) । मारै (क ख. ग) । तिहाँ (च. थ) । सदा मारही = मारइ तियउ (ज) । पूगळि (थ) । ज (च. ज), न (थ) = जि ।

९७—कहै (क. ख. ग) । कथ (ख) । मालवणी (क. ख. ग) । थ्यौ = से (क) । हत्थ (क) ।

९८—संति सखी (क. ख) साति सखी (घ) सह सामहणी (च) । साथे करे (क. ख) साथ कर (ग) । साथ (च) । घर आवै मयमत्त

सउदागर-संदेसड़ा, साँभळिया स्रवणेहि ।
मारुवणी ते मन दहइ, मूक्यउ जळ नयणेहि ॥ ९९ ॥
सउदागर राजा कन्हइ, कहियउ एह विचार ।
राँणो राय विमासियउ, तेड़इ साल्हकुमार ॥१००॥
राजा प्रोहित तेड़ियउ, तूँ जाइ ढोलउ ल्याव ।
सखियाँ मारूनूँ कहइ, हुवउ अणंद उछाव ॥१०१॥

९९—सौदागर के संदेशों को मारवणी ने कानों से सुना। उनसे मारवणी का मन संतप्त हो उठा और नयनों में आँसू बह चले।

१००—सौदागर ने राजा के आगे ये समाचार कहे। (इसके पीछे) राणी और राजा ने परामर्श किया कि साल्हकुमार को बुला भेजें।

१०१—राजा ने पुरोहित को बुलाया और कहा कि जाकर ढोला को ले आओ। यह सुनकर सखियाँ मारवणी से कहती हैं कि अब आनन्दोत्सव हुए।

(ग) घरि आवइ मयमत्त (च. थ)=मंदिर कूँ मल्हपंत। सौदागर (क. ख) सौदागर (ग)। नड़ी (ग) साथी (ग)। वहै (क. ख. ग)। कावले संभालावत (ग) का वळि संभळि वत्त (च. थ)= सुणिवा प्रीतम वत्त।

९९—सौदागर (क. ख)। संभळीया (च)। श्रवणेह (क. ख)। मालवणी प्रिय संभरयौ (ख) मारवणी मनमथ हुई (क) मारुवणी मनि अंदोह घणी (ज) मारुवणी मनि ऊमह्यो (थ)।

१००—तेड़यो (ख) तेडो (घ)।

राँणी राजानूँ कहइ, मेल्हउ माँगणहार ।
माँगणगारा रीझवइ, ल्यावइ साल्हकुमार ॥१०२॥
राजा प्रोहित राखिजइ, जिण की उत्तिम जाति ।
मोकलि घररा मंगता, विरह जगावइ राति ॥१०३॥
पाछइ प्रोहित रखियउ, तेड़्या माँगणहार ।
जे भेदक गीताँ-तणा, बात करइ सुविचार ॥१०४॥

१०२—राणी राजा से कहती है कि याचकों को भेजो, याचक लोग साल्हकुमार को रिझा लेंगे और उसे ले आवेंगे ।

१०३—हे राजा, पुरोहित को रहने दो जिसकी जाति उत्तम है । घर के याचकों को भेजिए जो रात्रि में विरह को जागरित करेंगे ।

१०४—पीछे राजा ने पुरोहित को रोक लिया और याचकों को बुलाया जो संगीत के भेद जाननेवाले और खूब विचारकर बातें करनेवाले थे ।

१०२—मेल्हे (क) । गाई = गारा (घ) । ल्यावै (ख) सुख पावै (क) = ल्यावइ । कुवार (ख) ।

१०३—बाबा विप्र म मोकळे (ग. च) बाबा विप्र म कोळे (थ) ब्रांह्मण बाप म मोकळे (ज) । जांह (क. ख. ग) । उतिम (ख) सूधी (छ) सीतळ (न) । जात (ग) । मेल्हे (क) मूके (ग. थ.) । का = रा (ख. थ) । मागता (च) मंगिता (थ) । पुकारै (क. ख) । रात (ग) । ज्यउँ विरह = विरह (च) ।

१०४—प्रोहित घर ना राखिया (थ) । भेंद (थ) । गीता (च) । जणा (थ) ।

ढाढी गुणी बोलाविया राजा तिणही ताळ।
नरवरगढ़ ढोलइ-कन्हइ जावउ वागरवाळ ॥१०५।
सीख करे पिंगळ कन्हाँ, घर आया तिणि बार।
मेल्हि सखी तेड़ाविया मारू माँगणहार ॥१०६॥
मारू सनमुख तेड़िया, दियण सँदेसा कज्ज।
कहउ कदे थे चालिस्यउ, काँइ विहाणइ अज्ज ॥१०७॥
आज निसह म्हे चालिस्याँ, बहिस्याँ पंथी-वेस।
जउ जीव्या तउ आविस्याँ, मुया त उणिहिज देस॥१०८॥

१०५—राजा ने तत्काल गुणी ढाढियों को बुलवाया और कहा कि हे याचको, नरवरगढ़ ढोला कुमार के पास जाओ।

१०६—ढाढी पिंगळ से बिदा लेकर उस समय घर लौट आए। मारवणी ने सखी को भेजकर याचकों को बुलाया।

१०७—मारवणी ने (प्रियतम का) संदेश देने के लिये ढाढियों को सन्मुख बुलवाया और कहा—कहो, तुम लोग कब प्रस्थान करोगे ? सबेरे या आज ही ?

१०८—ढाढियों ने उत्तर दिया—

आज रात्रि को हम चल देंगे और पथिक के वेश में चलेंगे। यदि जीते रहे तो आवेंगे और मर गए तो उसी देश में (रह जायँगे)।

१०५—गुणी ढाढी (क)। तिणही ज (ग)। नळवर (क. ख. ग)। कुँवर = कन्है (क)। माँगणवाळ (ख)।

१०७—सनमुखे (क. ख)। कहण = दियण (क. ग)। काज (ख) कज (ग)। कदि (ख) का (क. ग)। आज (ख) अज (ग)।

१०८—हूँ (क. ख)। पंथी (क. ख)। जौ (क. ख)। जीवीया

मारुवणी भगताविया मारू राग निपाइ ।
दूहा संदेसाँ-तणाँ दीया तियाँ सिखाइ ॥१०६॥

(मारवणी का सँदेसा)

नरवर देस सुहाँमणउ, जइ जावउ पहियाह ।
मारू-तणा सँदेसड़ा ढोलइनूँ कहियाह ॥११०॥
संदेसा ही लख लहइ, जउ कहि जाणइ कोइ ।
ज्यूं धणि आखइ नयण भरि,ज्यँउ जइ आखइ सोइ॥१११॥

१०६—मारवणी ने मारू राग में बनाकर सँदेसे के दोहे कहे और उनको सिखा दिए ।

११०—नरवर देश सुहावना है । हे पथिको, यदि तुम वहाँ जाओ तो मारवणी के सँदेसे ढोला को कहना ।

१११—सँदेसों से ही मन की दशा जानी जा सकती है, यदि कोई कहना जाने—जिस प्रकार प्रेयसी आँसुओं से आँखें भरकर कहती है उसी प्रकार यदि वह कहे ।

(क. ख. ग) जीवीया (थ) । आइस्यां (ख) आवस्यां (ग) । मुआं (ख) मुहा (ग) मूआ (च) मुआ (थ) । तउ (च) । उणही (च. ज. थ) । देसि (च. ज. थ) । म्हांकउ सज्जन तिह वसइ, जिहाँ चंदउ चउथइ देसि (च) म्हाका सज्जन तिहाँ बसइ, जिहाँ सुचंगौ वैदेस (ज) थाँका सज्जन जिहाँ वसइ, जिहाँ सुचंद चउथइ देसि (थ) । (प्रथम पंक्ति)

१०६—मारवणी (ग. च. ज) । नपाय (ग) नीपाइ (च) निपाय (ज. थ) । मिसैं = तणा (ग) । तीया (ग) तिहाँ (ज) तसु (च) । सिखाय (ग. ज) सीखाइ (च) ।

११०—सखी वाक्यं (क. ख) ।
सुहावणौ (क) सुहांमणौ (ख) । जउ (क) । ढोलानै (क) ।

१११—संदासा (ख) संदेसउ (च) । लहै (ख) लिख्या (क) ।

ढाढी, एक सँदेसड़उ प्रीतम कहिया जाइ ।
साधण बलि कुइला भई, भसम ढँढोलिसि आइ ॥११२॥
ढाढी, जे प्रीतम मिलइ, यूँ कहि दाखवियाह ।
पंजर नहिँ छइ प्रांणियउ, थाँ दिस झळ रहियाह॥११३॥
पंथी, एक संदेसड़उ, भल माणसनइ भख्ख ।
आतम तुझ पासइ अछइ, आळग रूड़ा रख्ख ॥११४॥

११२—हे ढाढी, जाकर प्रियतम से एक सँदेसा कहना—तुम्हारी वह प्रेयसी जलकर कोयला हो गई है, तुम आकर उसकी भस्म को ढूँढ़ना ।

११३—हे ढाढी, यदि प्रियतम मिले तो इस प्रकार कहना—उसके पंजर में प्राण नहीं है, केवल उसकी लौ तुम्हारी ओर जल रही है ।

११४—हे पथिक, एक सँदेसा उस भलेमानुस को कहो—उसकी आत्मा तुम्हारे पास है उसके शरीर को चाहे तुम दूर भले ही रखो ।

जै (ख) । जाँणै (क. ख. ग) । ढूँ = धणि (क. ख. ग) । देखूँ = आखइ (क. ख. ग) । ल्युं (क) तिम (ख) = ज्यउ । जउ (क) जै (ख) = जइ । देखै (क) अखै (ख) दाखै (घ) ।

११२—लगि पुहचाइ (ग) । सायधण (ख. ग) । कोइला (क. ग. झ) । हुई (ख. ग) । ढंढालिस (क) ।

११३—पंथी एक संदेसड़उ ढोलानइ कहीयाँ (च. ज. थ) । पिंडि नही छइ प्राणियउ ऊथि कथे लहियाह (च) पिंड सही छै प्राहुणो ओथे किथ लहीयाह (आ) । छै (क. घ) । प्राहुणो (न) । ओधे के लहियाह (क) ऊथे केथा लहिया (घ) ऊथ किथे लहियाह (न) ऊठत कळिकळियाह (ध) । छइ लहीयाह (थ) झळ रहियाह ।

११४—भाखि (ज) लिख (थ) । मुझ (थ) । ऊळग (थ) । राखि (ज) ।

ढाढी, जे राज्यँद मिलइ, यूँ दाखविया जाइ ।
जोबण-हस्ती मद चढ्यउ, अंकुस लइ घरि आइ॥११५॥
ढाढी, जे साहिब मिलइ, यूँ दाखविया जाइ ।
आँख्याँ-सीप विकासियाँ, स्वाति ज बरसउ आइ॥११६॥
ढाढी, एक सँदेसड़उ कहि ढोला समझाइ ।
जोबण-आँबउ फलि रह्यउ, साख न खाअउ आइ॥११७॥

११५—हे ढाढी, यदि राजन् मिलें तो जाकर यों कहना—यौवन-रूपी हाथी मदोन्मत्त हो गया है, तुम अंकुश लेकर घर आओ।

११६—हे ढाढी, यदि स्वामी मिलें तो जाकर यों कहना—आँख-रूपी सीपियाँ विकसित हुई हैं (तुम्हारी प्रतीक्षा में खुल रही हैं), हे स्वाति, तुम आकर बरसो।

११७—हे ढाढी, एक सँदेसा ढोला को समझाकर कहना—यौवन-रूपी आम्र फल रहा है, आकर उसकी फसल क्यों नहीं खाते?

११५—प्रीतम = राज्यंद (ख)। पंथी एक संदेसड़उ (थ) = ढाढी०। इउँ कहि दापवीयाह (ख) ढोला लगि ले जाइ (ज. थ)। योवन (क) जोबन (ख)। ज्युं गुडै (ख) युं गुड्यौ (क) जुं जुड्यौ (ज) गडबड्यउ (थ) = मद चढ्यउ। तुं अंकुस (च)। यौ थे = ले घरि (ख)। आव (क) आउ (च)।

११६—ढाढी एक संदेसडे ढौलै लगि पहुचाइ (ग)। इउँ कहि दापवीयाह (ख)। आंखि (ख) अख्यां (ग)। सीची (ग)। विकसीया (क) वैकस्सीयाँ (ग)। स्वाति = स्वातिज (ख. ग)।

ढाढी, जइ प्रीतम मिलइ, यूँ दाखविया जाइ ।
जोबण छत्र उपाड़ियउ, राज न बइसउ काइ ॥११८॥
ढाढी, जइ साहिब मिलइ, यूँ दाखविया जाइ ।
जोबण-कमळ विकासियउ, भमर न बइसइ आइ॥११९॥
ढाढी, एक सँदेसड़उ ढोलइ लगि लइ जाइ ।
जोबन-चाँपउ मउरियउ, कळी न चुट्टइ आइ ॥१२०॥

११८—हे ढाढी, यदि प्राणाधार मिलें तो जाकर इस प्रकार कहना—यौवन ने छत्र उठाया है, हे राजन् (उसकी छाया में आकर) क्यों नहीं बैठते ?

११९—हे ढाढी, यदि स्वामी मिलें तो जाकर यों कहना—यौवन-रूपी कमल खिल गया है, हे भ्रमर, तुम आकर क्यों नहीं बैठते ?

१२०—हे ढाढी, एक सँदेसा ढोला तक ले जाओ—यौवन-रूपी चंपा मौर-युक्त हो गया है। तुम आकर कलियाँ क्यों नहीं चुनते ?

११८—जउ (क)। ढाढी एक संदेसड़उ (ग. च)। इउं कहि दाखवीयाह (ख) प्रीतम लगि पहुँचाइ (ग) कहि ढोला समझाइ (च)। योवन (क) जोबन (ख)। छाँहन (घ) छाजै (च. ज) = राज न। वयसौ (क. ख. ग)। आइ (क. ख. ग)।

११९—ढाढी एक संदेसड़उ प्रीतम कहिओ जाइ (ग)। इउं कहि दाखवीयाह (ख)। योवन (क) जोबन (ख)। विकस्सीयो (ग)। वयसउ (क) वयठउ (ख) = न बइसइ। कळीयाँ मउरीयाँ (च) = कमळ विकासियउ।

१२०—केवल (च) में।

ढाढी, एक सँदेसड़उ ढोलइ लगि लइ जाइ ।
क ण पाकउ,करसण हुअउ,भोग लियउ घरि आइ॥१२१॥
ढाढी, एक सँदेसड़उ ढोलइ लगि लइ जाइ ।
जोबण फट्टि तलावड़ो, पालि न बंधउ काँइ ॥१२२॥
पंथी, एक सँदेसड़उ लग ढोलउ पैहचाइ ।
विरह-महादव जागियउ, अगिन बुझावउ आइ ॥१२३॥
पही, भमंता जइ मिलइ, तउ प्री आखे भाय ।
जोबण बंधन तोड़सइ, बंधण घातउ आय ॥१२४॥

१२१—हे ढाढी, एक सँदेसा ढोला तक ले जाओ—खेती हो गई, अन्न पक गया, तुम घर आकर अपना भोग लो।

१२२—हे ढाढी, एक सँदेसा ढोला तक ले जाओ—यौवन-रूपी तलैया फूट चली है क्या तुम आकर पाल नहीं बाँधोगे ?

१२३—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—विरह-रूपी प्रचंड दावानल प्रज्वलित हो गया है, आकर अग्नि को बुझाओ।

१२४—हे पथिक, भ्रमण करते हुए यदि मिलो तो हे भाई, मेरे प्रियतम से कहना—यौवन बन्धन तोड़ देगा, तुम आकर बन्धन डालो।

१२१—केवल (च) में।

१२२—पंथी (क)। संदेसड़ै (क)। लग ढोला पैहचाहि (क)। विरह महाजळ ऊमट्यौ (क)। पाळ जु बंधौ आय (क)।

१२३—थे अगिन = अगिन (क)।

१२४—गज जोवण = जोबण (क)।

पंथी, एक सँदेसड़उ लग ढोलइ पैहचाइ ।
निकसी वेणी-सापणी, स्वात न वरसउ आइ ॥१२५॥
पंथी, एक सँदेसड़उ लग ढोलइ पैहचाइ ।
तन मन उत्तर बाळियउ, दखिखण वाजइ आइ ॥१२६॥
पंथी, एक सँदेसड़इ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
विरह-महाविस तन वसइ, ओखद दियइ न आइ ॥१२७॥
पंथी, एक सँदेसड़इ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
विरह-वाघ वनि तनि वसइ, सेहर गाजइ आइ ॥१२८॥

१२५—हे पथिक, एक सँदेसा ढोले तक पहुँचाओ—वेणी-रूपी नागिन निकली है, तुम आकर स्वाति का जल बरसो न !

१२६—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—तन और मन को उत्तरवात (शिशिरवात) ने जला दिया है, हे दाक्षिणात्य पवन तुम आकर चलो ।

१२७—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—विरह-रूपी महाविष शरीर में व्याप रहा है, आकर औषधि क्यों नहीं देते ?

१२८—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—विरह-रूपी

१२५—पैहचाहि (क) । निवसी (क) । थे स्वात = स्वात (क) आय (क) ।

१२६—पैंहचाइ (क) । वाळीयै (क) । थे दषिण = दखिखण (क) । आय (क) ।

१२७—संदेसड़ौ (क) । माहा (क) । उषद (क) । दीयै (क) । आय (क) ।

१२८—संदेसड़ै (क) । विरहि (क) । थें सेहर = सेहर (क) । गाजै आय (क) ।

पंथी, एक सँदेसड़इ लग ढोलइ पैहचाइ ।
धँण कँमलाँणी कमदणी, सिसहर ऊगइ आइ॥१२९॥
पंथी, एक संदेसड़इ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
धँण कँमलाँणो कँमलणी, सूरिज ऊगइ आइ॥१३०॥
पंथी, एक संदेसड़उ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
जोवन खीर समुंद्र हुइ, रतन ज काढइ आइ ॥१३१॥
पंथो, एक संदेसड़इ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
जंघा-केळिनि फळि गई, स्वात जु बरसउ आइ॥१३२॥

बाघ तन-रूपी वन में बसता है, तुम शिखर पर आकर गर्जन करो।

१२९—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—प्रेयसी-रूपी कुमुदिनी कुम्हला गई है, हे चन्द्र, तुम आकर उदय होओ।

१३०—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—प्रेयसी रूपी कमलिनी कुम्हला गई है; हे सूर्य, तुम आकर उदय होओ।

१३१—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—यौवन क्षीरसागर हो रहा है, तुम आकर रत्न तो निकालो।

१३२—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—जंघा-रूपी कदली फल गई है; हे प्रियतम, तुम आकर स्वातिजल बरसो।

१२९—कमोदीनी (क)। सीसहर थ उगै आय (क)।

१३०—संदेसड़ै (क)। धंणिं (क)। सूरज उगै (क)।

१३१—संदेसड़ौ (क)। सुंमुंद (क)। हुयै (क)। थे रतन ज काढै आय (क)।

१३२—जंघ (क)। आय (क)।

पंथी, एक संदेसड़उ लग ढोलइ पैहच्याइ ।
सावज संबळ तोड़स्यइ, बैसासणइ न जाइ ॥१३३॥
पंथी, हेक संदेसड़उ लग ढोलइ पैहच्याय ।
जोबन जायइ प्राहुणउ, वेगइरउ घर आय ॥१३४॥
पही, भमंतउ जउ मिलइ, कहे अम्हीणी वत्त ।
धण कँणयररी कंब ज्यउँ, सूकी तोइ सुरत्त॥१३५॥

१३३—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—स्वाद पाथेय (भोजन) से ही मिटता है, विश्वास से नहीं ।

१३४—हे पथिक, एक सँदेसा ढोला तक पहुँचाओ—यौवन-रूपी अतिथि (घर आकर निराश) लौटा जा रहा है । जल्दी घर आओ ।

१३५—हे पथिक, यदि घूमते हुए तुम ढोला से मिलो तो हमारी यह बात कहना—प्रेयसी तुम्हारी सुरत (याद) में कनेर की छड़ी के समान सूख गई है ।

१३३—संकळ (क) । तोड़सै (क) । जाय (क) ।

१३५—एही (ग) । भमंतो (ग) । जो मिलै (ग) । ढाढी जे राजिँद मिलै (ख) ढाढी जे ढोलै मिलै (क) । तैं कह्यौ अम्हीणं बत्त (क) कहिया एह सुवत्त (ख) कहिया वत्त सुवत्त (त) । तो अखे (ग) अखे (च. ज)=कहिया । वत (ग) धत्त (ज) । कणीयर (ख) कणयर (च) । की=री (च) । काँब (ख. ग) । युं (च) । सूसी (ख. त) । तोहि (क) तोही (ज) । सुरत (ग) । (च. में यह दोहा दो स्थान पर आया है—नं० ३९३ और ४०८ । ४०८ में 'कंणयर' के स्थान पर 'केसर' है)

पंथी, एक सँदेसड़उ कहिज्यउ सात सलाँम ।
जबथी हमतुम बीछड़े, नयणे नींद हराँम॥१३६॥
पंथी-हाथ सँदेसड़इ, धण विललंती देह ।
पगसूँ काढइ लीहटो, उर आँसुआँ भरेह ॥१३७॥
ढोला, ढीली हर किया, मूक्या मनह विसारि ।
संदेसउ हन पाठवइ, जीवाँ किसइ अधारि ॥१३८॥

१३६—हे पंथी, मेरा एक सँदेसा है। मेरे प्रियतम को सात सलाम कहना और कहना कि जब से हमतुम बिछुड़े हैं तभी से आँखों को नींद हराम है।

१३७—मारवणी विलाप करती हुई पथिक के हाथ सँदेसा देती है, पैर से (पृथ्वी पर) रेखा खींचती है और अपना हृदय आँसुओं से भर लेती है।

१३८—हे ढोला, तुमने प्रेम को शिथिल कर दिया और मुझे मन से बिसार दिया है। सँदेसा तक नहीं भेजते, बताओ किस आधार पर जिएँ।

१३६—ढाढी एक संदेसड़ौ (क)। दिस सजणां सलाम (क) दिस सज्जनां सलाम (ज)। पंथी इक दिसि सज्जणां कहियौ सात सळाम (थ)। तुम्ह (च. ज)। थी विछुड़्या (ज)=बीछड़े। वीछड्या (क)। जब हमि तुम्हि थी वीछुड़े (थ)। तब थी नींद हराम (क)।

१३७—संदेसड़ै (क) संदेसड़ो (ज)। विलवंती (ज)। स्यौं (ज) लीहड़ी (ज)। ए भरेय (क)=नयण भरेह।

१३८—धर (च) मन (छ) घर (द)=हर। कीया (च)। बीसारि (च)। जन (द)। आधारि (च)।

ढोला, ढीली हर मुझ, दीठउ घणे जणेह ।
चोल-बरन्ने कप्पड़े, सावर धन अंणेह ॥१३९॥
कागळ नहीं, क मस नहीं, नहीं क लेखणहार।
संदेसा ही नाविया, जीवुँ किसइ आधार ॥१४०॥
कागळ नहीं, कमसि नहीं, लिखताँ आळस थाइ।
कइ उण देस सँदेसड़ा, मोलइ वड़इ विकाइ ॥१४१॥
वायस वीजउ नाँम, ते आगळि लल्लउ ठवइ ।
जइ तूँ हुई सुजाँण, तउ तूँ वहिलउ मोकळे॥१४२॥

१३९—हे ढोला, मेरी प्रेम-स्मृति को शिथिल कर, मजीठ रंग के वस्त्रों में (अर्थात् दूल्हे की पोशाक में) उस अन्य पत्नी को ब्याहकर लाते हुए तुमको बहुत से लोगों ने देखा है।

१४०—कागज नहीं है या स्याही नहीं है या लिखनेवाला नहीं है ? तुम्हारे सँदेसे ही नहीं आए, मैं किस आधार पर जियूँ।

१४१—कागज नहीं है या स्याही नहीं है या लिखते हुए आलस्य होता है या उस देश में सँदेसे बड़े मूल्य पर बिकते हैं ?

१४२—वायस का जो दूसरा नाम (अर्थात् काग) है उसके

१३९—ढोलू (च) ढोलो (ट)। टीली (च) ढाली (ट)। हरडे (च) हारडे (छ) = हर मुझ। ढीठा (ट)। जणेहि (च)। लाल सुरंगे कपड़े (ट)। सावरते नयणेहि (च)।

१४०—ज (क. घ) = क। मिस (झ)। लिखणहार (क. ख. घ)। जीवौं किस (ख. घ. झ)। अधार (क)।

१४१—कइ लिखतां = लिखताँ। मोल (च. छ)। विकवाइ (छ)।

१४२—ललउ (च)। ठवि (च)। तुं हुइं (च)।

संदेसउ जिन पाठवइ, मरिस्यउँ हीया फूटि ।
पारेवाका झूल जिउँ पड़िनइँ आँगणि त्रूटि ॥१४३॥
संदेसा मति मोकळउ, प्रीतम, तूँ आवेस ।
आँगलड़ी ही गळि गयाँ, नयण न वाँचण देस॥१४४॥
फागुण मासि वसंत रुत आयउ जइ न सुणेसि ।
चाचरिकइ मिस खेलती, होळो झंपावेसि ॥१४५॥

आगे लकार रखकर—अर्थात् कागत (पत्र)—यदि तुम सुजान हो तो, तुरंत भेज देना ।

१४३—(हे निठुर,) सँदेसा भी नहीं भेजते; मैं हृदय फटकर मर जाऊँगी—कबूतर का झूला जैसे आँगन में गिरकर टूट जाता है ।

१४४—हे प्रियतम, सँदेसा मत भेजो, तुम्हीं आ जाओ । मेरी अँगुलियाँ भी गल गई हैं और मेरी आँखें मुझे बाँचने नहीं देतीं ।

१४५—वसंत ऋतु के फाल्गुन मास में यदि मैं तुमको आया हुआ नहीं सुनूँगी तो चर्चरी नृत्य के मिस खेलती हुई होली की ज्वाला में फाँद पड़ूँगी ।

१४३—फूल = झूळ (च) ।

१४४—संदेसउ जन पाठवइ (च) । अत = मति (क) । पीतमं (क) । आवेह (ख) । जन कागळ लिखि देई (च) = प्रीतम० । कागज ही (क. ख. ग) । आगळ का ही गळ गया (झ) । ण = न (च) वाचण देइ (च) । देह (ख) । धार खंडेस = वांचण देस (क) ।

१४५—मास (क. ख. ग. घ) । रितु (ख. ग. ज. घ) । जो प्रीतम नावेस (क) जउ तूं ढोला नावेसि (च) । जउ ढोला नावेसि (थ) । जै (ग) । चाचर कै (क. ख) तौ चाचर (ग) तउ चचिरि (च) । मिसि (थ) । झाँफ भरेस (क) झाँफ भरेसि (ख) झाँप मरेस (ग) ।

जइ तूँ ढोला नावियउ, कइ फागुण कइ चेत्रि ।
तउ म्हे घोड़ा बाँधिस्याँ, काती कुड़ियाँ खेत्रि॥ १४६॥
जउ साहिब तूँ नावियउ, मेहाँ पहलइ पूर ।
विचइ वहेसी वाहळा, दूर स दूरे दूर ॥१४७॥
सज्जणिया, सावण हुया, धड़ि उलटी भंडार ।
विरह-महारस ऊमटइ, के ताकहूँ सँभार ॥१४८

१४६—हे ढोला, यदि तुम या तो फाल्गुन में या चैत्र में नहीं आए तो हम ही कार्त्तिक में, फसल कट जाने पर, घोड़ों पर जीन कसेंगी।

१४७—हे नाथ, जो तुम मेघों के प्रथम धारापात पर नहीं आए तो बीच में नाले बहने लगेंगे और जो दूर है वह दूर से भी दूर हो जायगा।

१४८—हे साजन, यह सावन आया, पृथ्वी ने अपना गुप्त भंडार

१४६—जे (ज)। तुं (च)। नावीये (क. ग)। का (ग. ज)। फागुण = कइ फागुण (क)। का (क. ग. ज)। चैत (ग) चैति (थ)। म्हेई (क. ज) तो अम्हेई (ग) कइ तो म्हे (थ) = तउ म्हे। बंधिस्यां (क) बांधस्यां (ग. ज) कुडीयाह (क) कुडीये (ज) कुडस्यां (ग) ऊडइ (थ)। खेत्र (ग. ज) खेति (थ)। तो मैं लेसूँ ल्हासिउ काती राम रखेत्र (ध)।

१४७—जे (क. ख) जै (ग)। तुं (च. ज) तूं (थ)। ढोला (च. ज. थ) नावीयौ (क. ख. ग)। मेहा (च) सांवण (क. ख) मे श्रावण (ग)। पहलै (क. ख) पहली (ग) पहले (थ)। पूरि (च. थ) विचै (क. ग) तौ आडा (ख)। वहिसी (ख) वहइला (च) वहेस्यइ (थ) दूरि (क. ख. ग. च. थ)।

१४८—साजाणियां (थ) सजनी (ज)। हुआ (ज) हुवा (थ)।

जउ तूँ साहिब, नावियउ सावण पहिली तीज ।
बीजळ-तणइ झबूकड़इ मूँध मरेसी खीज ॥१४९॥
जइ तूँ ढोला, नावियउ काजळियारी तीज ।
चमक मरेसी मारवी, देख खिवंताँ वीज ॥१५०॥
बीजुळियाँ जाळउमिल्याँ, ढोला, हूँ न सहेसि ।
जउ आसाढि न आवियउ, सावण समकि मरेसि ॥ १५१॥

उलट दिया। विरह का महा जल-प्रवाह उमड़ रहा है, उसको कौन सँभालेगा ?

१४९—हे नाथ, यदि तुम सावन की प्रथम तीज पर नहीं आए तो बिजली की चमक से मुग्धा मारवणी खिजलाकर मर जायगी।

१५०—हे ढोला, जो तू कजरी की तीज पर नहीं आया तो बिजली को चमकती हुई देखकर मारवणी चौंककर मर जायगी।

१५१—बिजलियों के जाल मिल रहे हैं। मैं यह नहीं सहूँगी, जो तुम आषाढ़ में नहीं आए तो मैं सावन में चौंककर मर जाऊँगी।

स्रावण (च)। घट्ट (ज) घढ़ि (थ)। उलट्टीयेा (ज) भंडारि (थ)। ऊमड्यउ (थ)। संभारि (थ)।

१४९—जे (ख)। ढोला = साहिब (च)। ढोला जे तूं नावीयइ (क) श्रावणि (च) सांवणि (थ)। पैहली (क)। त्रीज (क. च. थ)। जबूकड़े (क. ख)। वीजलीयाँ विललाईयाँ (च. थ)। मेरस्यइ (थ)। खीजि (च. थ)। ३थ खिवेजी वीजळी रा धण मसै खीज (क) साहधण हियड़ो फूटसी देखि खिवंती वीज (न)।

१५१—वीजुका (ज)। जाळुमलां (ज) विललाइयाँ (थ)। सहेस (ज) आसाढ (ज. थ)। तेा श्रावण (च)। समक (ज) चमकि (थ)। मरेस (ज)।

वीज, न देख चहड्डियाँ प्रो परदेस गयाँह ।
आपण लोय झबुक्कड़ा, गळि लागी सहराँह ॥१५२॥
बीजुळियाँ पारोकियाँ नीठ ज नीगमियाँह ।
अजइ न सज्जन बाहुड़े, वळि पाछी वळियाँह ॥१५३॥
जउ तूँ ढोला, नावियउ मेहाँ नीगमनाँह ।
किया करायइ सज्जणा दाधा माँहि घणाँह ॥१५४॥

१५२—हे बिजली, ऊँची चढ़ी हुई तुम परदेश गये हुए दूसरों के प्रियजनों को नहीं देखती जो तुम स्वयं शिखरों के गले लगकर क्रीड़ा करती हुई चमक रही हो।

१५३—परकीया नायिकाओं की भाँति बिजलियाँ बड़ी ही कठिनता से गई थीं। हे साजन, तुम अभी तक नहीं लौटे और वे (बिजलियाँ) फिर लौट आईं।

१५४—हे ढोला, यदि तुम मेघों के जाते जाते नहीं आए तो हे साजन, मेघों से परिपूर्ण ऋतु में भी मेरे किए कराए (सौभाग्य, अथवा पुण्य) जल जायँगे।

१५२—केवल (ट) में।

१५३—बीजलीया (ट)। परोकियाँ (ट. च)। परणीयां (ट)। नीठे जी गमियांह (ट)। ढोला आगळि इवँ कहे (च) = अजइ०। वळ (ट) वीजळि = पाछी (च)।

१५४—जै (ग)। साहिब (ग) = ढोला। मेहा (च. ज)। नीगमताह (ग)। तौ कीयौ करायौ (ग) किं कीजइ तीयां (च) कीया कराया (थ)। सजनां (ग. ज)। दीधो (ग) दीधा (ज) दीधी (थ. ध)। माहि (च) मही (ज) नही (थ) सभ (ध)। धणांह (ज) हीयांह (ध)।

वहिलउ आए वल्लहा, नागर चतुर सुजाँण ।
तुझविणधणविलखीफिरइ,गुणबिनलालकमाण॥१५५॥
राति ज रूँनी निसहु भरि, सुणी मह्माजनि लोइ ।
हाथाळी छाला पड़्या, चीर निचोइ निचोइ ॥१५६॥
ढोला, मिलिसि म वीसरिसि,नवि आविसि,ना लेसि
मारू-तणइ कंकडइ वाइस ऊडावेसि ॥१५७॥

१५५—हे नागर चतुर सुजान प्यारे, शीघ्र आना। तुम्हारे बिना प्रेयसी उदास फिरती है, जिस प्रकार प्रत्यंचा के बिना लाल कमान।

१५६—कल जो मैं रात भर रोई तो गुरुजनों (तक) ने सुना। (और) साड़ी को निचोड़ते निचोड़ते मेरी हथेलियों में छाले पड़ गए।

१५७—हे ढोला, न तो मिलते हो, न भूलते हो, न आते ही हो और न ले जाते हो। (फिर आकर) मारवणी के अस्थि-पंजर पर कौवों को उड़ावोगे।

१५५—वेगो (क. ख. घ) वहिलो (ग)। आवै (ग) आवे (च. ज) आवि (घ)। वालहा (च)। नागरि (ग)। तो=तुझ (क. ख. घ)। धन (ग)। फिरै (क. ख. ग. घ)। ज्युं गुण (क. ख. ग. घ) ज्यउ गुण (च. ज)=गुण।

१५६—महाजन (ज. थ)। हथाळी (थ)। छाल्या (च)। निचोय निचोय (ज)।

१५७—साहीब (क. ख. ग) साहिब (झ)। मिलीस (क. ख. थ) मिलस (झ)। न (क. ख.)=म। वीसरसि (च. ज.) वीसरिस (झ)। न (क. ख. थ) ना (घ)। आइसि (ख) आएस (क) आएसि (थ) आवेस (ज. झ)। न लेस (क. घ. झ)। तणँ (क. ख. झ) तणय (च. ज) वायस (च. ज)।

हियड़इ भीतर पइसि करि ऊगउ सज्जण रूँख।
नित सूकइ नित पल्हवइ, नित नित नवला दूख॥१५८॥
अकथ कहाणी प्रेमकी किणसूँ कही न जाइ।
गूँगाका सुपना भया, सुमर सुमर पिछताइ॥१५९॥
प्रीतम, तोरइ कारणइ ताता भात न खाहि।
हियड़ा भीतर प्रिय बसइ, दाझणा डरपाहि॥१६०॥

१५८—मेरे हृदय में प्रविष्ट होकर साजन-रूपी वृक्ष उगा है। वह नित्य सूखता है और नित्य पल्लवित होता है जिससे नित्य नए नए दुःख देखने पड़ते हैं।

१५९—प्रेम की अकथनीय कहानी किसी से नहीं कही जाती। वह गूँगे के स्वप्न की भाँति हो गई है जिसे वह याद कर करके पछताता है (क्योंकि किसी से कह नहीं सकता)।

१६०—हे प्रियतम, तुम्हारे कारण मैं गर्म भात नहीं खाती। हृदय में प्यारा निवास करता है उसको जला देने के भय से डरती हूँ।

१५८—हीया (ख. झ) हीयै (क. घ)। मांही (ख. झ)। कै (ज)=करि। ऊगा (ख. झ)। नित (क. ख. थ. ज)। पालवै (ज. झ) पलवै (घ)। नित (ख. घ)। नित्त (क) नितु नितु (ज)=नित नित। नवलै (ज)। दूख (झ)।

१६०—खाव (ख)। प्री (क. घ)। भै=ती (क)। डरपाव (ख)।

चंदण-देह कपूर-रस सीतळ गंग-प्रवाह ।
मन-रंजण, तन-उल्हवण, कदे मिलेसी नाह ॥१६१॥
मत जाणे प्रिउ, नेह गयउ दूर विदेस गयाँह ।
बिवणाउ बाधइ सज्जणाँ ओछउ ओहि खळाँह॥ १६२ ॥
हूँ कुँमलाणी कंत विण, जळह विहूणी वेल ।
विणाजारारी भाइ जिउँ गया धुकंती मेल्ह ॥१६३॥
आडा डूँगर, वन घणा, आडा घणा पलास ।
सो साजण किम वीसरइ, बहु गुणतणा निवास॥१६४॥

१६१—हे मन को रंजन करनेवाले, शरीर को स्पर्श से उल्लसित करनेवाले और चंदन, कपूर-रस तथा गंगा के प्रवाह के समान शीतल गातवाले नाथ, कब मिलोगे ?

१६२—हे प्यारे, यह मत जानना कि दूर विदेश में जाने से स्नेह भी चला गया। बिछुड़ने पर सज्जनों का प्रेम दुगुना बढ़ता है और दुष्टों का ओछा होता जाता है।

१६३—मैं कंत के विना कुम्हला गई जिस प्रकार जल-विहीन लता। मेरा प्यारा मुझे बंजारे की भट्ठी के समान सुलगती हुई छोड़कर चला गया।

१६४—हमारे बीच में बहुत से पर्वत और वन हैं तथा बहुत

१६१—चंदन (ग)। काच=देह (ग)। उल्हसण (ख. ग) उल्लवण (त)। मिलेस्यौ (ख. ग)।

१६२—केवल (झ) में।

१६३—केवल (झ) में।

१६४—केवल (झ) में।

आँखड़ियाँ डंबर हुई, नयण गमाया रोय ।
से साजण परदेसमइँ रह्या विडाणा होय ॥१६५॥
मुख नीसाँसाँ मूँकती, नयणे नीर प्रवाह ।
सूळो सिरखी सेझड़ो तो विण जाणे नाह ॥१६६॥
वालँभ, एक हिलोर दे, आइ सकइ तउ आइ ।
बाँहड़ियाँ बे थक्कियाँ काग उडाइ उडाइ ॥१६७॥
जिम सालूरां सरवराँ, जिम धरणी अर मेह ।
चंपावरणी वालहा, इम पाळीजइ नेह ॥१६८॥

से राक्षस (दुर्जन) बीच में हैं। तो भी वे साजन किस प्रकार भूले जा सकते हैं जो अनेक गुणों के घर हैं।

१६५—मेरी आँखें (फूलकर) लाल हो गईं, मैंने अपनी दृष्टि को रोकर खो दी और वे साजन परदेश में पराए हो रहे।

१६६—मुख से निःश्वास छोड़ती है, आँखों से जल बह रहा है। हे नाथ, तुम्हारे बिना सेज को शूली के सदृश समझती है।

१६७—हे वल्लभ, मेरे हृदय में आनंद की एक हिलोर उठाओ, आ सको तो आओ। मेरी दोनों बाँहें काग उड़ाते उड़ाते थक गई हैं।

१६८—जिस प्रकार मेंढ़क और सरोवर, एवं जिस प्रकार पृथ्वी और मेघ, स्नेह निभाते हैं उसी प्रकार हे प्यारे, चंपकवर्णी प्रेयसी के साथ स्नेह निभाइए।

१६५—केवल (क) में।
१६६—केवल (क) में।
१६७—केवल (च) में।
१६८—केवल (क) में।

वालिभ गरथ वसीकरण, वीजा सहु अकयथ्थ।
जिए चड्या दळ उत्तरइ, तरुणि पसारइ हथ्थ॥१६९॥
वासर चित्त न वीसरइ, निसिभरि अवर न कोइ।
जइ निद्रा-भरि भोगवूँ, तउ सुपनंतरि सोइ ॥१७०॥

सोरठा

जेती जउ मनमाँहि, पंजर जइ तेती पुळइ।
मनि वइराग न थाइ, वालँभ वीछुड़ियाँ तणी ॥१७१॥

१६९—एक प्यारा ही वशीकरण धन है और सब अकारथ हैं, जिसके प्रेम का मद चढ़ने से और सब मद उतर जाते हैं और युवती व्याकुल होकर हाथ फैलाने लगती है।

१७०—प्रियतम दिन में चित्त से नहीं भूलते, रात भर और कोई बात चित्त में नहीं आती। यदि भर नींद सोती हूँ तो स्वप्न में भी वही दिखाई देते हैं।

१७१—जितनी (अभिलाषाएँ) मन में हैं उतना यदि शरीर दौड़े तो प्राणवल्लभ से बिछुड़ने की मन में विरक्ति न हो।

१६९—केवव (च) में।

१७०—निंदा (घ) = निसि। भर (ख. घ. झ)। भोलवँ (झ)। सुपनंतर (घ)।

१७१—तेती (क) जौती (झ)। जाइ = मांहि (ख)। तौ = जइ (क. घ)। वेदन न हूवै (क. घ. त) = मनि वैराग न। काय (क) काई (घ) = थाइ। वाल्हां (ख)।

दूहा

फूलाँ फळाँ निघट्टियाँ, मेहाँ धर पड़ियाँह ।
परदेसाँका सज्जणा, पत्तीजूँ मिळियाँह ॥१७२॥
सालूरा पाँणी विना रहइ विलक्खा जेम ।
ढाढी, साहिबसूँ कहइ, मो मन तो विण एम ॥१७३॥
पावस मास, विदेस प्रिय, घरि तरुणी कुळसुध्ध ।
सारँग सिखर, निसद्द करि, मरइ स कोमळ मुध्ध॥१७४॥

१७२—फूलों में फलों के लगने पर और मेहों के पृथ्वी पर पड़ने पर प्रतीति होती है, उसी प्रकार हे परदेशी प्यारे, तुम्हारे मिलने पर ही मैं पतियाऊँगी ।

१७३—मेंढ़क जिस प्रकार पानी के विना विकल रहते हैं, हे ढाढ़ी, तू स्वामी को कहना कि उसी प्रकार मेरा मन तुम्हारे बिना व्याकुल है ।

१७४—वर्षा का महीना है, प्रियतम विदेश में है और शुद्ध कुल-वाली प्रिया घर में है । शिखर पर मोर शब्द करता है, कहीं कोमलांगी मुग्धा मर जायगी ।

१७२—निघटीयाँ (ख) णकटीया (ग) नवहीयाँ (ज) निफूलियाँ (झ) । मेह (घ) । धरि (ज) । पडीयां (ग) । रा = का (ज) । पत्तीज्युं (ग) पत्तीजुं (ज) ।

१७३—सालरा (ग) । विलषी (घ) ।

१७४—विदिस (घ) । प्री (घ) । घर (ख) । सुध (ख) । मसंद (ख) नसद्द (झ) । सु = स (क) । मूंध (घ) मुंध (ख) ।

तुँही ज सज्जण, मित्त तूँ, प्रोतम तूँ परिवाँण ।
हियड़इ भीतरि तूँ वसइ, भावइँ जाँण म जाँण॥१७५॥
हूँ बळिहारी सज्जणाँ, सज्जण मेा बळिहार ।
हूँ सज्जण पग पानही, सज्जण मेा गळहार ॥१७६॥
लेाभी ठाकुर, आवि घरि, काँई करइ विदेसि ।
दिन दिन जेावण तन खिसइ,लाभ किसाकउ लेसि १७७
बहु धंधाळू, आव घरि, कासूँ करइ वदेस ।
संपत सघळी संपजे, आ दिन कदी लहेस ॥१७८॥

१७५—तू ही सज्जन है, तू ही मित्र है, तू निश्चय ही प्रियतम है। मेरे हृदय के अंदर तू बसता है इस बात को तू चाहे जान या न जान।

१७६—मैं प्रियतम पर बलिहारी हूँ और प्रियतम मुझ पर बलिहार हैं। मैं प्रियतम के पाँवों की जूती हूँ और वे मेरे गले के हार हैं।

१७७—हे लोभी स्वामी, घर आओ। विदेश में क्या करते हो? दिन दिन यौवन और शरीर गल रहा है। कौन से लाभ प्राप्त करोगे?

१७८—बहुत धंधोंवाले (प्रियतम), घर आओ, किसके कारण

१७५—तू ही (ख)। मित्र (क. ख. घ)। परमाण (क) परवांण (घ)। हीयै (क)। भीतर (ख)।

१७६—केवल (ऋ) में।

१७७—केवळ (च) में।

१७८—केवल (ट) में।

अवसर जे नहिं आविया, वेळा जे न पहुत्त ॥
सज्जण तिण संदेसड़इ करिज्यउ राज बहुत्त ॥१७६॥

सोरठा

संभारियाँ सँताप, वीसारिया न वीसरइ ।
काळेजा बिचि काप, परहर तूँ फाटइ नहीं ॥१८०॥

दूहा

यहु तन जारी मसि करूँ, धूँआ जाहि सरग्गि ।
मुझ प्रिय बद्दळ होइ करि, वरसि बुझावइ अग्गि॥१८१॥

विदेश वास करते हो ? यौवन की सब संपत्ति इसी समय संचित हो रही है। यह सुदिन फिर कब पाओगे ?

१७६—जो अवसर पर नहीं आए और समय पर जो नहीं पहुँचे तो—उन सज्जन से संदेश कहना कि—तुम फिर बहुत दिनों तक राज्य करते रहना ।

१८०—स्मरण करने से संताप होता है, भुलाने से नहीं भूलते। कलेजा भीतर से कट रहा है। तुमने छोड़ दिया है पर यह तो भी नहीं फटता ।

१८१—यह तन जलाकर मैं कोयला कर दूँ और उसका धुँआ स्वर्ग तक पहुँच जाय। मेरा प्रियतम बादल बनकर बरसे और बरस कर आग को बुझा दे ।

१८०—केवल (ऋ) में ।
१८१—केवल (ऋ) में ।

भरइ, पळट्टइ, भी भरइ, भी भरि, भी पळटेहि ।
ढाढी-हाथ संदेसड़ा धण विललंती देहि ॥१८२॥
दूहा संदेसा मिसइँ दीधा तिणाँ सिखाइ ।
प्रीतम आगळि वीनती करिया इणि विधि जाइ॥१८३॥

(ढाढियों का नरवर जाना)

स्रवण सँदेसा साँभळे ढाढी किया प्रयाँण ।
मागरवाळ जु आविया देसे साल्ह सुजाँण॥१८४॥

१८२—मारवणी सँदेसे को कहती है, बदलती है, फिर कहती है, कहकर फिर बदल देती है। इस प्रकार वह प्रियतमा विलाप करती हुई ढाढ़ी के हाथ सँदेसे देती है।

१८३—उसने सँदेसे के मिस उन ढाढ़ियों को दोहे सिखा दिए और कहा कि प्रियतम के आगे इस प्रकार जाकर विनती करना।

१८४—कानों से संदेसों को सुनकर ढाढ़ियों ने प्रयाण किया। इसके बाद वे याचक सुजान साल्ह कुमार के देश में आए।

१८२—भरै (क. घ) तलै (ख) भरि (ग. ङ)। पलटै (क. ख. ग) पलटी (ङ)। भरै (क. ख. ग. घ. ङ)। भरि भरि (क) भी भर (ज)। पलटेह (क. ख)। पंथी = ढाढी (ज)। हाथि (च)। संदेसड़ो (क) संदेसडो (ज)। विलवंती (च. ज. ग. ङ)। देह (क. ख. ग. ङ)।

१८३—दीन्हा (क. घ) दीया (ग)। तणीं (ख) तिया (ग)। सिषाय (ग)। आगळ (ख)। वेनवी (घ)। कहिया (ग)। इण (ग)।

१८४—केवल (क) में।

पूगळहूँताँ पुहकरइ ढाढी कीध प्रयाँण ।
माळवणीका माणसाँ आए मिल्या अजाँण ॥१८५॥
ढाढी रात्यूँ ओळग्या, गाया बहु बहु भंत ।
माँगण-पंथी जाँणि कइ, तब छंडिया निचंत ॥१८६॥
वागरवाळ विचारियउ, ए मति उत्तिम कीध ।
साल्ह-महलहूँ ढूकड़ा ढाढी डेरउ लीध ॥१८७॥

१८५—ढाढ़ियों ने पूगल से पुष्कर की ओर प्रयाण किया और मालवणी के मनुष्यों से छिपे हुए आ मिले ।

१८६—ढाढ़ी रातों रात चल करके (नरवर में) पहुँचे और उन्होंने बहुत भाँति से गीत गाए । तब रक्षकों ने उन्हें याचक पथिक जानकर निश्चिंत होकर छोड़ दिया ।

१८७—याचकों ने विचारा—यह विचार उत्तम किया । साल्हकुमार के महल के नजदीक ढाढ़ियों ने डेरा लिया ।

१८५—हंता (ख) हुता (ग) । पहकरै (ख) । ढोला दिसै = ढाढी कीध (ग) । प्रणाम (क) प्रमाण (घ) ।

१८६—ढोलै (क) ढोलै (क घ) = रात्यूँ । उळग्या (क. घ) ऊळग्या (ग) । गावै (क. घ) । बह बह (क. घ) भांति (ख) भाँति (ग) । पंथी (क) । जण कह्या (क. ग) । छोडीया (ख) छंडाया (घ) । निछंत (ग) ।

१८७—विचारीयै (ग) । उत्तम (ख) । ढाढियां = ढूकड़ा (ख) । नेड = ढाढी (ख) । डेरा (क) ढेरा (ग) ।

ढाढी गाया निसह भरि राग मल्हार निवाज ।
च्यार पहर झड़ मंडियउ, घण गुहिरइ सुरगाज ॥१८८॥
सिंधु परइ सउ जोयणाँ खिवियाँ वीजुळियाँह ।
ढोलउ नरवर सेरियाँ, धण पूगळ गळियाँह ॥१८९॥
सिंधु परइ सत जोअणे खिवियाँ वीजळियाँह ।
सुरहउ लोद्र महक्कियाँ, भीनी ठोवड़ियाँह ॥१९०॥
सिंधु परइ सउ जोअणे नीची खिवइ निहल्ल ।
उर भेदंती सज्जणाँ, ऊचेड़ंती सल्ल ॥१९१॥

१८८—ढाढ़ियों ने रात्रिभर मल्हार राग रचकर गाया। चार पहर तक वर्षा की झड़ी लगी रही और बादल गंभीर स्वर से गरजते रहे।

१८९—समुद्र के पार सौ योजनों पर बिजुलियाँ चमक रही हैं। ढोला नरवर की गलियों में और प्रेयसी पूगल की गलियों में है।

१९०—समुद्र के पार सौ योजनों पर बिजुलियाँ चमक रही हैं, लोद्र देश (पूगल) सुरभि से महकने लगा और ठौर ठौर (वर्षा से) भीग गईं ।

१९१—समुद्र के पार सौ योजन पर बिजली बहुत ही नीची

१८८—गावै (क. घ)। मिवाज = निवाज (क. ख)। पुहर (ग)। घणि (ग)। सुं = सुर (क)। सिर काज = सुर गाज (ग)।

१८९—सँधि (क)। दिसउ = परइ (क)। शत (च) = सो (क)। खिवै न (ज)। विजुळीयांह (च) वीजुळियाँ (ज)। ढोलइ (क)। नलवर (च)।

१९१—दिसै (क) = परइ। सो (क)। जोयणां (क)। निहल

ढाढी गाया निसह भरि, सुणियउ साल्ह सुजाँण।
ओछइ पाँणी मच्छ ज्यउँ वेलत थयउ विहाँण॥१९२॥
दुख-वीसारण, मनहरण, जउ ई नाद न हुंति।
हियड़उ रतन-तळाव ज्यउँ फूटी दह दिसि जंति॥१९३॥

(ढोला से ढाढियों का मिलना)

मंदिरहूँताँ ऊतरयउ रवि ऊगंतइ वार।
माँगणहार वोलाविया पूछण तास विचार॥१९४॥

चमक रही है। वह प्रेमियों के हृदयों को भेदन करती हुई विरह-रूपी शल्य को उखेलती है।

१९२—ढाढ़ियों ने रात्रि भर गाया और सुजान साल्हकुमार ने सुना। छिछले पानी में तड़पती हुई मछली की तरह तड़पते हुए उसे प्रभात हुआ।

१९३—दुख को विस्मरण करानेवाला और मन को हरने-वाला यह संगीत यदि न होता तो हृदय रत्न-सरोवर की भाँति फूट-कर दशों दिशाओं में बह जाता।

१९४—सूर्योदय के समय वह महलों से नीचे उतरा और याचकों को उनका विचार जानने के लिये बुलाया।

(क)। भेदंतां (क) बीधंती (?)। विरहियां (?) = सज्जणां। मारू छेडै सल (क)।

१९२—गावै (क. घ)। सुणीया (ख)। उछै (क. ग) औछौ (घ)। मछ (ख)। जिम (ख) जूँ (ग)। विलपत (ग)।

१९३—केवल (ऋ) में।

१९४—मंदरि (घ)। हुआ (घ)। ऊगतै (ख)। सु वार (ख) मांगळहार (घ)। तेडावियौ (ख)।

कवण देसतइँ आविया, किहाँ तुम्हारउ वास ।
कुँण ढोलउ, कुँण मारुवी, राति मल्हाया जास ॥१६५॥
पूगळहुंता आविया, पूगळ म्हाँकउ वास ।
पिंगळ राजा तास धू मेल्हा थाँकइ पास ॥१६६॥
मारुवणी पिंगळ सुधू, अपछररइ उणिहार ।
बाळपणइ परणी पछइ, भूल न कीन्हो सार ॥१६७॥

१६५—ढोला का प्रश्न—

तुम कौन से देश से आए हो ? तुम्हारा निवास कहाँ है ? कौन ढोला है और कौन मारुवी है जिनके विषय में रात में तुमने गाया था ।

१६६—ढाढ़ियों का उत्तर—

हम पूगल से आए हैं । पूगल में हमारा निवास है । वहाँ पिंगल नाम के राजा हैं । उनकी पुत्री ने हमें आपके पास भेजा है ।

१६७—मारवणी पिंगल राजा की सुपुत्री है । वह अप्सरा के समान सुंदरी है । बाल्यकाल में विवाह होने के पीछे भूल करके भी आपने उसकी सुधि न ली ।

१६५—ढाढी सनमुख तेड़ीया कहो बात सु प्रकास (ग) = कवण० । किंण दिसा सुं आवया (घ) । तुम्हारा (घ) । तास = जास (क. ग. घ) ।

१६६—हंता (ख) । हुती (घ) । आवीयो (ख) । तासु (क) । मेल्हा (घ) ।

१६७—कुमरी = मारुवणी (ग) । रायनी = सुधू (ग) । री (ख) । अणुहार (ख), उणहार (ग) । बालापणै (ख) । मूळ = भूल (क) । म = न (क) ।

दुज्जण-वयण न संभरइ, मनाँ न वीसारेह ।
कूँझाँ लाल बचाँह ज्यउँ खिण खिण चीतारेह ॥१९८॥
सज्जण,दुज्जण के कहे भड़िक न दीजइ गाळि ।
हळिवइ हळिवइ छंडियइ जिम जळ छंडइ पाळि॥१९९॥
संदेसे ही घर भरयउ कइ अंगणि कइ वार ।
अवसि ज लग्गा दीहड़ा, सेई गिणइ गँवार ॥२००॥

१९८—दुर्जनों के वचनों को न सुनो और मन से मारवणी को मत विसारो। कुंझ पक्षी जिस प्रकार (अपने) लाल लाल बच्चों को क्षण क्षण में याद करते रहते हैं उसी प्रकार (मारवणी तुमको) याद करती है।

१९९—हे सज्जन, दुर्जनों के कहने से एक दम परित्याग नहीं कर देना चाहिए। यदि छोड़ना ही हो तो धीरे-धीरे छोड़ना चाहिए जैसे पानी किनारे को छोड़ता है।

२००—क्या आँगन और क्या दरवाजे—सारा घर मारवणी ने संदेसों से भर दिया है। दिन अवश्य लग गए हैं पर उनकी गणना गँवार (को छोड़कर और कौन) करता है।

१९८—पिसुणां चींत्यौ जनि करहु=दुज्जण० (थ)। मनह न (ग. घ)। वीसारेहि (थ)। कूंझी (ग) कुंझी (थ)। चींतारेहि (थ)।

१९९—केवल (क) में।

२००—संदेसा (घ)। आंगण (घ)। अवस (घ)। लगे (ख)। से किम (घ)। गणै (ख)।

जळमँहि वसइ कमोदणो, चदउ वसइ अगासि।
ज्यउ ज्याँहीकइ मनि वसइ, सउ त्याँहीकइ पासि॥२०१॥
चुगइ, चितारइ, भी चुगइ, चुगि चुगि चित्तारेह।
कुरभो बच्चा मेल्हिकइ, दूरि थकाँ पाळेह॥२०२॥
चीतारंती चुगतियाँ कुंभो रोवहियाँह।
दूराहुंता तउ पलइ, जऊ न मेल्ह हियाँह॥२०३॥

२०१—कुमुदिनी पानी में रहती है और चंद्रमा आकाश में रहता है परंतु फिर भी जो जिसके मन में बसता है वह उसके पास ही होता है।

२०२—कुंभ चुगती है, फिर अपने बच्चों की याद करती है और चुग चुगकर फिर याद करती है। इस प्रकार कुंभ अपने बच्चों को छोड़कर भी, (चुगने के लिये दूर जाने पर भी) दूर रहती हुई, पालती है।

२०३—चुगती हुई कुंभें अपने बच्चों की याद करके रो उठती

२०१—मै (ग)। कमोदिनी (ख. ग)। कमळ कमोदिक जळ बसइ (च) जेम कमोदणि जळ बसइ (ज)। चन्दा (ग) चन्दौ (क. ख)। वसै (क. ख. ग)। अगास (ख) आकास (क. ग. घ) आकासि (ज)। जे (क. ख. ग. ज) जाहू (क. ख. ग) जीयाँ रै (ज)। मन (क. ग. घ. ज)। बसै (क. ख. ग)। ते=सउ (ज)। ताहू (क. ख. ग. झ)। तीयाँ रै (ज)। पास (क. ख. ग. घ. ज. झ)।

२०२—चीतारे (क. घ)। कूंभां (ख) कुरुझ (घ)। मेल्हीया (क) मेल्हया (घ)।

२०३—चुगंतीयां (च)। चुगंति फळ (थ)। कूंभी (ग)। रोरवीयांह (ग. न) रोहवीयांह (ज) रोहवियांह (थ)। दूरां (च)।

दिसि चाहंती सज्जणा, नेहाळंदी मुंध ।
सा धण कुंभि-बचाह ज्यउँ लंबी थई तुँ कंध ॥२०४॥
चीतारंती सज्जणाँ, नीहाळंती मग्ग ।
धण कुंभाह-बचाहि जिउँ लाँबा हूयापग्ग ॥२०५॥
आसालुधी हूँ न मुइय सज्जन-जंजाळेइ ।
मारू सेकइ हत्थड़ा झीणे अंगारेइ ॥२०६॥

हैं। दूर होते हुए भी (वे) तभी पल सकते हैं जब कि उन्हें हृदय से न भुला दिया हो।

२०४—वह मुग्धा प्रेयसी प्रियतम (के आने) की दिशा देखती हुई और प्रतीक्षा करती हुई कुंभ के बच्चे की तरह लंबी गर्दन-वाली हो गई है।

२०५—प्रियतम की याद करती हुई और उसका मार्ग देखती हुई प्रियतमा मारवणी के पैर कुंभ के बच्चे की भाँति लंबे हो गए हैं।

२०६—प्रियतम के स्वप्नों द्वारा मिलन की आशा से लुब्ध हुई

हूंत (ग) हुंती (ज)। जेा = तउ (ग. ज) जउ (थ)। मिलै (ग) मिळइ (च) पुलै (ज)। तेा (ग) तौ (ज) तउ (थ) = जऊ। मन मेल्हइयाह (ग)। मेलिहयहियांह (थ)। दूर थकांही पल्हवै जौ वन मेल्ही जाह (?)।

२०४—दिस (ज)। सजनां (ज)। नेहालद्धी (च)। नेह उलंध्या पंथ (थ)। साय धण (ज)। वचह (ज)। कुंभ न चंच ज्युं = कुंभि० (थ)। लांबी (थ)। भई (ज)। कुकंब = तुँ कंध (थ)।

२०५—केवल (च) में।

२०६—केवल (च) में।

चंदमुखी, हंसा-गमणि, कोमळ दीरघ केस ।
कंचन-वरणी कामनी वेगउ आवि मिलेस ॥२०७॥
ढोलइ मनि आरति हुई, सांभळि ए विरतंत ।
जे दिन मारू विण गया, दई न ग्याँन गिणंत ॥२०८॥
माँगणहाराँ सीख दी ढोलइ तिणहि ज ताळ ।
सोवन-जड़ित सिँगार दे नाँख्यउ दळिद उलाळ ॥२०९॥

मारवणी नहीं मरी। इस प्रकार वह अपने हाथ मानो आधे बुझे हुए अंगारों में सेक रही है।

२०७—चाँद जैसे मुखवाली, हंस जैसी गतिवाली, कोमल और लंबे केशोंवाली और स्वर्ण जैसे रंगवाली कामिनी से शीघ्र आकर मिलो।

२०८—यह वृत्तांत सुनकर ढोला के मन में लालसा उत्पन्न हुई और सोचने लगा कि मेरे जो दिन मारवणी के बिना गए विधाता उनको मेरे जीवन में न गिने।

२०९—ढोला ने उसी समय याचकों को बिदा दी और सुवर्ण जड़े हुए शृंगार देकर उनका दारिद्र्य नष्ट कर दिया।

२०७—चन्दामुषि (ख)। गमण (ख)। काटिहर = दीरघ (ग)। कंचण (ग)। वरणा (ख. ग)। वालहा (ख. ग) वलहा (घ)। आव (ग) आई (ख)। मिलेसि (ख. ग)।

२०८—मन (ख. ग)। आतर (ग) आरित (घ)। सांभळ (ख)। विन (ग)। लहंत (ख) गिनंत (ग)।

२०९—सोवण (ख)। जड़त (क)। सणगार (ख) सिणगार (क) सिंगारि (घ)। नांखौ (क) नांख्या (घ)। दळद (क. घ) दरिद्र (ग)।

माँगणहाराँ सीख दी, आयउ मंदिर माँहि ।
ढोलइ मन आणँद भयउ, मारूतणइ उछाहि ॥२१०॥

(ढोला की आतुरता)

मन सींचाणउ जइ हुवइ, पाँखाँ हुवइ त प्राँण ।
जाइ मिलीजइ साजणाँ, डोहीजइ महिराँण ॥२११॥
आडा डूँगर वन घणा, ताँह मिलीजइ केम ।
ऊलाळीजइ मूँठ भरि मन सींचाणउ जेम ॥२१२॥
इहाँ सु पंजर मन उहाँ, जय जाणइला लोइ ।
नयणा आडा वींझ वन, मनह न आडउ कोइ ॥२१३॥

२१०—ढोला ने याचकों को विदा दी और महल में आया। ढोला के मन में मारू के मिलन के उत्साह से आनंद हुआ।

२११—यदि मन बाज पक्षी हो और प्राण पाँखें हों तो महारण्य को उलाँघा जाय और प्रियतमा से जा मिला जाय।

२१२—बीच में बहुत से पर्वत और वन हैं, उस (प्रियतमा) से कैसे मिला जाय। बाज की भाँति मन को मूँठ भरकर उड़ा दिया जाय।

२१३—मेरा देह-पिंजर तो यहाँ है और मन वहाँ है। वास्तव में यदि लोग समझें तो यद्यपि आँखों के अवरोधी घने जंगल हैं परंतु मन का अवरोधी कोई नहीं।

२१०—हुवौ (ख)। तणै (ख)। उछाह (ख)।

२११—जो (क, घ)। हुवै परांण (ख)। सजनां (ख)। डोडहीजै (क)।

२१२—वींझ वन = वन घणा (क)। वीन वीन (घ)। तिहीं (ख)। ऊडाडीजै (ङ)। सींचाणै (ख)।

२१३—केवल (च) में।

जिउँ मन पसरइ चिहुँ दिसइ, जिम जउ कर पसरंति।
दूरि थकाँ ही सज्जणाँ, कंठा ग्रहण करंति ॥२१४॥

(ढोला-मालवणी संवाद)

माळवणी सिणगार सभि, आई वालँभ पास।
मन संकोची पदमिणी, प्रीतम देखि उदास ॥२१५॥
जेहा सज्जण काल्ह था, तेहा नाँही अज्ज।
माथि त्रिसूळउ, नाक सळ, कोइ विणट्ठा कज्ज ॥२१६॥

२१४—जिस प्रकार मन चारों दिशाओं में प्रसरित हो जाता है उसी प्रकार यदि हाथ भी प्रसरित होते तो दूर बसती हुई प्रियतमा को गले से भेंटता।

२१५—शृंगार सजाकर मालवणी प्रियतम के पास आई, परंतु प्रियतम को उदास देखकर वह पद्मिनी मन में संकुचित हो गई।

२१६—वह मन में सोचने लगी कि प्रियतम जैसे कल थे वैसे आज नहीं हैं। (आज उनके) मस्तक पर त्रिशूल बन रहा है और नाक में सल पड़ रहा है; जान पड़ता है कि कोई काम बिगड़ गया है।

२१४—जे (ख) जिम (झ)। चहुँ दिसां (ख)। ज्युं (क) त्यौं (ख) तिम (झ) = जिम। जे = जउ (क. ख)। पसरंत (क. ख)। दूर (क)। वसंता = थकां ही (क. ख)। साजणा (ख)। प्रहान (क)। करन्त (क)।

२१५—सजि (ख)। प्रिय पास जे = सिणगार सजि (ग)। देखी प्रीय उदास (ख), देखी चिंत उदास (ग)।

२१६—केवल (ख) में।

मनह सँकाणी माळवणि, प्रियु काँई चलचित्त ।
कइ मारुवणी सुधि सुणी, कइ का नवली वत्त ॥२१७॥
साहिब हँसउ न बोलिया, मुझसूँ रीस ज आज ।
अंतरि आमणदूमणा, किसउ ज इवड़उ काज॥२१८॥
चिंता डाइणि ज्याँ नराँ, त्याँ दृढ अंग न थाइ ।
जइ धीरा मन धीरवइ, तउ तन भीतर खाइ ॥२१९॥

२१७—मालवणी मन में शंकित हुई कि प्रियतम का चित्त क्यों चलायमान है, क्या उन्होंने मारवणी की सुध सुनी है या कोई नई बात हुई है ?

२१८—मालवणी—

हे प्रियतम तुम न हँसते हो न बोलते हो, आज मुझसे अवश्य रिसाए हुए हो। अंतःकरण में व्यथित एवं उदास हो। ऐसा कौन सा भारी काम आ पड़ा ?

२१९—जिन लोगों को चिंता-रूपी डाइन लगी हुई है उनके अंग दृढ़ नहीं होते। जो धीर पुरुष हैं वे धैर्यपूर्वक सह लेते हैं, तो भी उनके तन को भीतर ही खाती है।

२१७—मन (ज) मनि (थ)। मालवी (ज)। प्रीव (ज)। कांय (ज)। चिल (थ)। का (थ)। मारवणी (ज)। बुद्धि (ज)। तणी = सुणी (थ)। कइ वळि (ज) कानि पडी वळि (थ)।

२१८—बोलही (क. घ)। रीसौ (घ)। अज (घ)। इतरो (क) इतरू (घ) = अंतरि। अवडो (घ) इतरौ (ख)। कज (घ)।

२१९—डाइण (क. ग. घ) डाकिण (ख)। जिहाँ (ख. घ. च. थ)। जहा (ग)। तिहां (क) तां (ख) तीयां (घ) तिह (च)। घटि = दृढ़ (च)। अंगि न = अंग न (च)। माइ (च. थ) माय

चिंता बंध्यउ सयळ जग, चिंता किणहि न बध्ध ।
जे नर चिंता वस करइ, ते माणस नहि सिध्ध ॥२२०॥
माळवणी, तूँ मन-समी, जाणइ सहू विवेक।
हिरणाखी, हसिनइ कहइ, करउँ दिसाउर एक॥२२१॥
गढ नरवर अति दीपता, ऊँचा महल अवास ।
घरि कामिण हरणाखियाँ, किसउ दिसावर तास॥२२२॥

२२०—ढोला—

सारा जगत् चिंता से बँधा हुआ है पर चिंता को किसी ने नहीं बाँधा। जो मनुष्य चिंता को वश में कर लेते हैं वे मनुष्य नहीं किंतु सिद्ध हैं।

२२१—हे मालवणी, तू मेरे मन में समा गई है, तू सब बातों को समझती है। हे हरिणाक्षी, यदि तू हँसकर कहे तो मैं एक (बार) परदेशाटन करूँ।

२२२—मालवणी—

इक ढोलो इक मारवी करहो कूँकूँ-वन्न ॥ (न)
नोट—केवल (ट) और (न) में ।

६३९—डिंभू (च. ज) । जेहै (ज) जेही (च) । लंक्कि (ख) । सिर (च. ज) । चडी (थ) । दड्ढक्कि (थ) ।

६४०—ऊंमरि (थ) । अति ऊतावळि (थ) = ऊतावळि । पाथर्‌या (ज) सही (थ) = खयंग । चढियो (ज) ।

ऊँमर दीठा जावता, हळहळ करइ करूर ।
एराकी ओखंभिया, जइसइ केती दूर ॥६४१॥
मारू स्रवणे संभळी, वळि दीठी नयणेह ।
ऊँमर खड़इ उताँमळा लागउ अधिकउ नेह ॥६४२॥
ऊँमर बिच छेती घणी घाते गयउ जिहाज ।
चारण ढोलइ साँमुहउ आइ कियउ सुभराज॥६४३॥

६४१—ऊमर ने उनको जाते हुए देखा और वह क्रूर (दुष्ट) हलबड़ी करने लगा। उसने घोड़े पीछे दौड़ा दिए और कहने लगा कि कितनी दूर जायगा।

६४२—ऊमर ने मारवणी (के रूप) को कानों से सुना ही था अब आँखों से देख लिया। इसलिये अधिक लगन लगा हुआ ऊमर घोड़ों को शीघ्रता के साथ दौड़ाने लगा।

६४३—जहाज (ऊँट) ऊमर और अपने बीच में बहुत फासला डाल गया। इसी समय एक चारण ने ढोला के सामने आकर शुभराज किया।

६४१—हरहळ (ग)। कळहळ (झ)। जावै (क. ग) जस्यै (झ)।

६४२—नित सुणी (क. त) = संभळी। वळ (ग) वळी (ख)। ऊँतावळा (ख. ग) उतावळौ (झ)। अधिक सनेह (क. ख)।

६४३—बिच (ख. ग)। पड़ी (ख) = घणी। संमहौ (ख)। साल्ह साम्हो (क. घ) = ढोलइ साँमुहउ। आय (ग) मिल्यौ (क) = आइ। तास करै (क. घ) = कियौ।

चारण ढोलइनूँ कहइ, किस गुण आया, राज।
ऊपर थे बिन्हे चढ्या, करह कूट किण काज॥६४४॥
कूट कटाड़ी दे छुरी उणही कर तिण तास।
चारण, तूँ देखइ जिसा, कहिज्यउ ऊँमर पास॥६४५॥
बीजइ दिन ऊँमर मिल्यउ, पह ऊगंतइ सूर।
ढोलउ-मारू एकठा, कहि, केतीहेक दूर॥६४६॥

६४४—फिर चारण ढोला से कहने लगा—आप किस बूते पर यहाँ तक आए। तुम दोनों तो ऊपर चढ़े हो फिर ऊँट के पैर में बंधन किस लिये?

६४५—तब उसने चारण को छुरी देकर उसी के हाथ से उस (ऊँट) का बंधन कटवाया (और चारण से कहा)—हे चारण, तुम हमको जैसा देखते हो, जाकर वैसा का वैसा ऊमर से कह देना।

६४६—(चारण वहाँ से चला।) दूसरे रोज सूर्य के उदय होते हुए मार्ग में ऊमर मिला (और उससे पूछने लगा कि) बताओ, ढोला और मारवणी, जो एक साथ जा रहे हैं, कितनी दूर पर हैं?

केवल (क. ख. ग. घ. त) में।

६४४—सुं (क. घ) = नूँ। बेउ (ख)। करहो (क. ग. घ)। कूटयौ (क. ग. घ) कूटै (ख)।

केवल (क. ख. ग. घ. त) में।

६४५—कढि कटारी (ख. ग) = कूट कटाड़ी। काटे कूटो तास (ख. ग) काटे बंधण तास (झ) = उणही कर तिण तास। जिसी (क) तिसौ (ख)।

केवल (क. ख. ग. घ. त. झ) में।

६४६—प्रह (क. घ)। कहो स (क. घ) = कहि। केती (क. घ) = केतीहेक। एक (ग) इक (झ) = हेक। कहो स केती (त) = कहि केती हेक। दूरि (क)।

ऊँमर, सुणि मुझ वीनती, दउड़ि म मार तुरंग।
करहउ लँघियउ कूटियउ आडावळ बड वंग ॥६४७॥
ऊँचा डूँगर, विखम थळ, लागा किर तारेहि।
कूच्यइ करहइ लंघिया, घोड़ा म म्मारेहि ॥६४८॥
कूटि कटाड़ो इणि करह, हिव नरवर नेड़ेह।
ऊँमर, सुणि मुझ वीनती, घोड़ा म म्मारेह ॥६४९॥

६४७—(उत्तर में चारण ने कहा)—हे ऊमर, मेरी प्रार्थना सुनो, बेचारे घोड़ों को दौड़ाकर मत मार डालो। (वहाँ तो) पैर बँधा हुआ ऊँट आडावळा की महान् घाटी को लाँघ गया है।

६४८—ऊबड़-खाबड़ भूमि को और ऊँचे पहाड़ों को, जो मानो तारों से बातें करते हैं, ऊँट पैर बँधे हुए ही लाँघ गया है। (अब) तू घोड़ों को दौड़ाकर मत मार।

६४९—ढोला ने इन्हीं हाथों से ऊँट का बंधन कटवाया है और अब तो वह नरवर के निकट होगा। हे ऊमर, मेरी विनती सुन, घोड़ों को मत मार।

केवल (क. ख. ग. घ. त. झ) में।

६४७—सुणी (ख)। वीनंती (क)। न (ख) = म। करहे (ख)। कूँटै करहै लंघीया (क. ग)। उलंघीयाँ (घ)। आडवळारो बंग (ख)।

केवल (क. ख. ग. घ. त) में।

६४८—ऊचा (च)। पंथ (ज) = डूंगर। लंगा (ज)। कुंअ्यै (ज) कुहटे (थ)। मा (थ)। सेा पिंण त्रिंण पांवाँ थकां मति घोड़ा मारेह [(ज) में द्वितीय पंक्ति]।

६४९—कूंट (क)। करद (क. घ) = करह। नळवर (ग)। गढ नेडेह (क. घ) = नेड़ेह। छै तेह (झ) = नेड़े। सुण (ग)। न (ख. ग) = म। घोड़ा दौड़ न मारेह (झ)।

(ढोला का नरवर लौट आना)

ऊँमर मन विलखउ हुयउ चारण-वचन सुणेह।
उणिहि ज पँथ पाछउ वळयउ, साल्ह निचंत करेह॥६५०॥
ढोलउ नरवर आवियउ, मंगळ गावइ नार।
उछव हुवउ आयउ घरे, हरख्यउ नगर अपार॥६५१॥

(दंपति-विनोद)

साल्हकुमर विलसइ सदा काँमिण सुगुण सुगात।
माळवणीनूँ एक निस, मारवणी दुइ रात॥६५२॥

६५०—चारण के वचन सुनकर ऊमर मन में उदास हो गया और उसी मार्ग से वापिस लौट गया और इस प्रकार साल्हकुमार को निश्चिंत कर गया।

६५१—ढोला नरवर लौट आया। वहाँ नारियाँ मंगल-गीत गाने लगीं और उत्सव होने लगा। ढोला घर लौट आया (यह सुनकर) सारा नगर बहुत हर्षित हुआ।

६५२—अब साल्हकुमार सद्गुणवती और सुंदरी नारियों के साथ नित्य सुख भोगने लगा। उसने मालवणी को एक रात और

केवल (क. ख. ग. घ. ऋ. त) में।

६५०—मनह (ख)। कियौ (क. घ)। भणेह (ऋ) = सुणेह। उण (क. ग)। नचीत (ख)।

केवल (क. ख. ग. घ. ऋ. त) में।

६५१—नळवर (घ)। नारि (क. ख)। हूवा (ग) करि (क. घ) = हूवो। आया (ग)। हरख्या (कं)।

६५२—कामणि (ग)। निशि (क)। मारवणी (ख) = माळवणी। रांति (ग. त)।

मारवणी नइ माळविण, ढोलउ तिण भरतार ।
एकणि मंदिर रँग रमइ, की जोड़ी करतार ॥६५३॥

(मारवाड़ की निंदा)

ततखण माळवणी कहइ, साँभळि कंत सुरंग ।
सगळा देस सुहाँमणा, मारू-देस विरंग ॥६५४॥
बाळउँ, बाबा, देसड़उ, पाँणी जिहाँ कुवाँह ।
आधीरात कुहक्कड़ा, ज्यउँ माणसाँ मुवाँह ॥६५५॥

मारवणी को दो रातें दीं (एक रात मालवणी के साथ रहता और दो रात मारवणी के साथ)।

६५३—मारवणी, मालवणी और उनका पति ढोला एक ही महल में आनंद से रंग मनाते हैं। विधाता ने यह (अपूर्व) जोड़ी बनाई।

६५४—उस समय मालवणी कहती है—हे रसिक कंत, सुनो, सारे देश सुहावने हैं, किंतु एक मारू-देश (मारवाड़) ही विरंगा (नीरस) है।

६५५—हे बाबा, ऐसा देश जला दूँ जहाँ पानी गहरे कुँवों में

केवल (क. ख. ग. घ. त) में।

६५३—मारू अर माळवणी (क. ख. ग. घ)। ढोलै (क. ख. ग. घ)। ल्यांहरै ढोलो (न) = ढोलो तिण। एकण (ग. न)। सुखै (न) = रँग। रँग में (क. ख) = रँग रमइ। कीई (ग) करि (न) = की।

केवल (क. ख. ग. घ. न) में।

६५४—सँभळ (ग)। सिगळा (ग)।

केवल (क. ख. ग. घ) में।

६५५—बाळूँ (क. ख. ग. घ. न)। बाबा बाळूँउँ (च. थ)। ढोला प्रीतम (न) = बाबा। जहाँ पांणी (क. ख) जिहाँ पांणी

बाळउँ, बाबा, देसड़उ, पाँणी-संदी तांति ।
पाणी-केरइ कारणइ प्री छंडइ अधरांति ॥६५६॥
[बाळूँ, ढोला, देसड़उ, जइँ पाँणो कूँवेण ।
कूँकूँ-वरणा हथ्थड़ा नहीं सुँ घाढा जेंण ॥६५७॥]

मिलता है और जहाँ पर (लोग) आधी रात को ही पुकारने लगते हैं मानो मनुष्य मर गए हों ।

६५६—हे बाबा, उस देश को जला दूँ जहाँ पानी का भी कष्ट है और पानी (निकालने) के लिये प्रियतम आधी रात को ही छोड़कर चले जाते हैं ।

६५७—हे ढोला, उस देश को जला दूँ जहाँ पानी गहरे कुँवों में मिलता है और जहाँ कुंकुमवर्णवाले सुंदर हाथ उसको नहीं निकालते ।

(ज. थ. न. च)। कुएहि (च) कुवेह (ज) कूआं (न) कूवेहि (थ)। रातै (न) रातइ (थ)। पुंकारण (च) कूकवा (ज) कूकुयउ (थ) कूकुआ (न) विहांवणौ (क. ख. ग. घ) = कुहक्कड़ा । ज्यौं (क. ख. ग. घ) जिउ (च) जाणें (ज) जिम (न)। मांणिसां (ग) मांणस (च. न)। मुएहि (च. थ) मुवेह (ज) मूंआह (न) मुवां (ग)।

६५६—बाळूं (क. ख. ग. घ)। बाळुँ (न)। बाबा बाळूँ (च. थ)। पांणि (च)। जहाँ पांणी की (क. ख. ग. घ) = पाँणी-संदी की (क. ख. ग. घ. न) हंदी (ज.) हुंती (च)। तात (क. ख. ग. घ) वात (च. थ)। धण एकली सुइ रहे (क. ख. ग. घ. न) एक घड़ी के कारणें (ज) = पांणी केरइ कारणइ । प्रीव (ज) प्रिय (थ)। सींचै (क. ख. ग. घ. न) छांडै (ज) = छंडइ । आधी (च. ग. थ)। रात (ज. क. ख. ग. घ)।

६५७—केवल (ज) में ।

बाबा, म देइस मारुवाँ, सूधा एवाळाँह ।
कंधि कुहाड़उ,सिरि घड़उ,वासउ मंझि थळाँह॥६५८॥
बाबा, म देइस मारुवाँ, वर कूँआरि रहेसि ।
हाथि कचोळउ,सिरि घड़उ, सीचंती य मरेसि॥६५९॥
मारू, थाँकइ देसड़इ एक न भाजइ रिडु ।
ऊचाळउ क अवरसणउ,कइ फाकउ, कइ तिडु॥६६०॥

६५८—बाबा, मारू-देश में सीधेसादे भेड़ चरानेवालों को मुझे मत देना (विवाहना), जहाँ कंधे पर कुल्हाड़ा और सिर पर घड़ा रखना पड़ेगा और थळी (मरुभूमि) के बीचों-बीच रहना पड़ेगा ।

६५९—बाबा, मुझे मारू देश में मत देना, कुमारी चाहे रह जाऊँ । वहाँ हाथ में कटोरा (जिससे घड़े में पानी भरा जाता है), और सिर पर घड़ा, इस प्रकार पानी ढोती-ढोती ही मर जाऊँगी ।

६६०—हे मारवणी, तुम्हारे देश में एक भी कष्ट दूर नहीं होता,

६५८—न (च. थ) = म । देईस (क. ख. ग. घ. ङ) । मारवाडि (ज) मारुई (च. थ) । जावा (ज. थ. च) = सूधा । गोवाळांह (क. ख. ग. घ. न) एहवळाहँ (ज) । सिर (क. ख. ग. घ. ज) । मझि (थ) मंझि (क. ख. ग. घ) ।

६५९—न (च. थ) । देई (ग. च. ज) । मारुइ (च. थ) मारुवाड़ि (ज) । थळि (च) वळि (थ) । कुमारि (क. ख. ग. घ) कुँआरि (च. ज) कुँवारी (थ) । राह (थ) । हुंचै पेट भरेस (ज) = वर कूँआरि रहेसि । हाथ (च. ज. क. ख. ग. घ) । सिर (क. ख. ग. घ. च. ज) । पांणी भरति (ज) सीचंता (थ) सीचंती (क. ख. ग. घ) सीचंतौ (ङ) = सीचंती य । कूवाह (थ) = मरेसि ।

६६०—मारवाडिकै (ङ) मारवाड़कै (न) मारुआडि कै (क-भू. थ) = मारू थाँकइ । देसमैं (ङ. न) देस-महि (क-भू) देस-मइँ (थ) ।

जिण भुइ पन्नग पीयणा, कयर-कँटाळा रूँख।
आके-फोगे छाँहड़ी, हूँछाँ भाँजइ भूख ॥६६१॥
पहिरण-ओढण कंबळा, साठे पुरिसे नीर।
आपण लोक उभाँखरा, गाडर-छाळी खीर ॥६६२॥

या तो ऊचाळा होता है, या वर्षा नहीं होती, या फाका या टिड्डी आ पड़ती है (एक-न-एक कष्ट सदा लगा ही रहता है)।

६६१—(तुम्हारा देश ऐसा है) जिस भूमि में **पीणे** साँप हैं, जहाँ करील और ऊँटकटारा घास ही पेड़ गिने जाते हैं, जहाँ आक और फोग के नीचे ही छाया मिलती है और जहाँ **भुरट** नामक कँटीली घास के बीजों से ही भूख दूर होती है।

६६२—जहाँ पहिनने-ओढ़ने के लिये कंबल ही मिलते हैं, जहाँ साठ पुरुष नीचे पानी मिलता है, जहाँ लोग स्वयं भ्रमणशील (?) हैं, और जहाँ भेड़ और बकरी का ही दूध मिलता है।

मारूकोइ देसमाहि (च)। तीजै (क. ख) जावै (न) जाइ (च) जाई (थ) जाअै (क-भू) भाजइ। रीड (क. ख) रहु (क-भू) पीड (न. झ) रिड (ग)। कबही होई (ग) कबही हुवै (न) कदही होइ (च) कदीही होई (थ) = ऊचाळउ क। अवरसणा (क-भू)। कबही मेह बरसे नहीं (झ)। का (क. ख. घ) = कइ। पाका (ग) फाकउ (क· ख. ग. घ. झ)। का (क. ख)। कबही फाका (न) = कइ फाका कइ। तीड (क. ख. ग. न. झ)।

६६१—पीवणा (थ)। जिहाँ छै सांगर रूखड़ो (ज) = जिण भुइ पन्नग पीयणा। कंटाळो (ज) कूवा कंठै (थ) = कयर कँटाळा। हुंचै (ज) फूंगा (घ)। भुख (थ)। हुंछां तणां भुरठ (घ)।

६६२—पैहरणा (ज)। पुरसे (च)। देस खरो ही झंखरो (ज)।

(मालवदेश की निंदा)

वळती मारवणी कहइ, मारू-देस सुरंग ।
बीजा तउ सगळा भला, माळव-देस विरंग ॥६६३॥
बाळूँ, बाबा, देसड़उ, जहाँ पाँणी सेवार ।
ना पणिहारी झूलरउ, ना कूवइ लैकार ॥६६४॥
बाळूँ, बाबा, देसड़उ, जहाँ फीकरिया लोग ।
एक न दीसइ गोरियाँ, घरि-घरि दीसइ सोग॥६६५॥

६६३—उत्तर में मारवणी कहती है कि मारू देश सुरंगा है; और सब देश तो अच्छे हैं पर मालव देश बिरंगा है।

६६४—बाबा, उस देश को जला दूँ जहाँ पानी पर सेवार छाया रहता है और जहाँ न तो पनिहारिनों का झुंड आता-जाता रहता है और न कूँवों पर पानी निकालनेवालों का लयपूर्ण शब्द ही होता है।

६६५—बाबा, उस देश को जला दूँ जहाँ के लोग फीके (नीरस) हैं, जहाँ एक भी गोरी (सुंदरी) दिखाई नहीं देती, और जहाँ (काले वस्त्र पहनने का रिवाज होने के कारण) घर-घर शोक छाया-सा दिखाई देता है।

६६३—मारू (क. ख) = माळव। वळ बीजा केइ क भला पिण माळव देस विरंग (न)।

६६४—ललकार (क)।

६६५—प्रातम (न) = बाबा। फीकरिया (ग. न)। गोरड़ी (न) घर घर (क. ख. न)।

(मारवाड़ की प्रशंसा)

मारू-देस उपन्निया, तिहाँका दंत सुसेत ।
कूझ-बची-गोरंगियाँ, खंजर जेहा नेत ॥६६६॥
मारू-देस उपन्नियाँ, सर ज्यउँ पध्धरियाह ।
कड़वा कदे न बोलही, मीठा बोलणियाह ॥६६७॥
देस निवाणूँ, सजळ जळ, मीठा-बोला लोइ ।
मारू काँमिणि दिखणि धर हरि दीयइ तउ होइ॥६६८॥

६६६—जो मारू-देश में उत्पन्न हुई हैं उनके दाँत बड़े उज्ज्वल होते हैं, वे कुंझ पक्षी के बच्चों की भाँति गौर-वर्ण होती हैं और उनके नेत्र खंजन जैसे होते हैं।

६६७—मारू-देश में उत्पन्न हुई स्त्रियाँ तीर की भाँति सीधी होती हैं, वे कभी कटुवचन नहीं बोलतीं और स्वभाव से ही मीठी बोलनेवाली होती हैं।

६६८—वहाँ की भूमि नीची और उपजाऊ है, पानी स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद है, और लोग मीठे बोलनेवाले हैं। ऐसे मारू-देश की कामिनी, ईश्वर ही दे तो, दक्षिण की भूमि में मिल सकती है।

६६६—उपनीया (ग)। ताहकां (ग)। सपेत (ग) सुस्वेत (च)। कूंझी (ग)। बचा (ग)। खंज गली लांग अंगिया (थ)।

६६७—सरि जिम (ज)। पधरीयांह (ज. ग) पधरीयाँ (च)। कडुआ बोल न जाणही (थ) कडवा बोल ण बोलही (ज) कडवा बोल ण जाणही (च)। सेा मीठा (च) = मीठा।

६६८—बिंवांणी (ज)। जळ सजळ (थ)। बोली (ज. थ)। दक्षण धरा (च) दक्षिण वर (थ)। जै हरि (ज) जौ हरी (च) = हरि। जै हरि दिय त होई (थ)।

देस सुरंगउ, भुइँ निजळ, न दियाँ दोस थळाँह ।
घरि-घरि चंद-वदन्नियाँ, नीर चढइ कमळाँह ॥६६९॥
सुणि, सुंदरि, केता कहाँ मारू-देस-वखाँण ।
मारवणी मिळियाँ पछइ जाणयउ जनम प्रवाँण॥६७०॥
झगड़उ भागउ गोरियाँ, ढोलइ पूरी सख्ख ।
मारू रुळियाइत हुई, पाँमी प्रीय परख्ख ॥६७१॥
माळव-देस विखेाड़िया, मारू किया वखाण ।
मारू सेाहागिण थई सुंदरि सगुण सुजाँण ॥६७२॥

६६९—ढोला कहता है—

(मारवाड़ का) देश सुरंगा है, यद्यपि भूमि निर्जल है—थळी को दोष मत दो—वहाँ, जल पर खिले हुए कमलों के समान, घर-घर चंद्रवदनी स्त्रियाँ हैं।

६७०—हे सुंदरी, सुनो, मैं मारू देश का कितना बखान करूँ। मारवणी के मिलने के बाद मैंने जन्म को प्रमाणित (सफल) जाना है।

६७१—ढोला ने मारवणी की साख भरी (समर्थन किया), और दोनों स्त्रियों का झगड़ा मिट गया। मारवणी आनंदित हुई। उसने प्रियतम के प्रेम की परीक्षा पा ली।

६७२—ढोला ने मालव देश की अप्रशंसा की और मारू देश की

६६९—सजळ (ग)। वदनीया (ग)। चंदा (झ)। चढै (घ)।

६७०—कहुं (च) कहूं (थ)। पछे (थ)। जाणां (च) जाण्या (थ)।

६७१—बे त्रियाँ (ग. ज)। कँवरँ (ज)=ढोलै। सक्खि (च) साख (ज) साखि (थ)। रळियाइत (ज. थ)। पीव (ज)। परख (ज)।

६७२—मालवणी (क. ख. घ. न)। बिखेाड़ियो (ग. न)। कीयां

जिम मधुकर-नइँ केतकी, जिम कोइल सहकार।
मारवणी-मन हरखियउ तिम ढोलइ भरतार॥६७३॥

(उपसंहार)

आणँद अति, ऊछाह अति नरवर माँहे ढोल।
ससनेही सयणाँ-तणाँ कळिमाँ रहिया बोल॥६७४॥

प्रशंसा की। इस प्रकार सद्गुणवती और चतुर मारवणी सौभाग्यवती हुई।

६७३—जिस प्रकार केतकी से मधुकर का, और जिस प्रकार आम्रवृक्ष से कोकिल का, मन हर्षित होता है उसी प्रकार ढोला पति से मारवणी का मन हर्षित हुआ।

६७४—अत्यंत आनंद और बड़े उत्सवों के साथ ढोला नरवर में रहने लगा। उन प्रेमी स्नेहियों की वार्ता इस कलियुग में रह गई है।

(न)। सोहागणि (क. ख) सुहागण (ग)। हुई (न) = थई। सुगुण (ग. न)।

६७३—सिर (न) = नइँ। सुं (न) = मन। ज्यों (क. ख. ग) = तिम। सु ढोलौ (ग) = ढोलइ। ढोलो (न)। ज्युं हंस सोहै मांनसर ज्युं ढौलौ मारूरै भरतार [(ऋ) में द्वितीय पंक्ति]।

६७४—अधिक (न) = अति। वाज्या (न) = माँहे। ससनीहौ (क. ख)। सयणां (ग. न)। तणौ (क. ख) तणी (न)। मैं (ग. न)। रहियौ (ग)।

परिशिष्ट

नोट

परिशिष्ट में भिन्न भिन्न प्रतिलिपियों में उपलब्ध पद्य अथवा गद्य का वही अंश दिया गया है जिसका हमारे अनुसार वाचक कुशल-लाभ से पूर्व की 'ढोला-मारूरा दूहा' की असली प्राचीन प्रति में, यदि प्राप्य होती तो, होना संभव नहीं था।

जो दोहे मूल में रख लिए गए हैं उनकी संख्या, मूल के अनुसार, परिशिष्ट में उद्धृत प्रतिलिपियों में दे दी गई है जिससे यदि कोई विद्वान् उन प्रतिलिपियों के पूर्ण रूप को खड़ा करना चाहें तो, संख्याओं के स्थान पर मूल के उन्हीं संख्याओंवाले दोहों को रखकर, सहज ही में कर सकते हैं।

(थ)

[यह प्रति बीकानेर के राँगड़ी-श्वेतांबर-जैन-उपाश्रय के महिमा-भक्ति-भंडार में है। इसका पाठ जोधपुरीय (च) प्रति से मिलता है। यह प्रति प्राचीन जान पड़ती है। इसमें जेसलमेर-निवासी वाचक कुशललाभ द्वारा रची हुई चौपाइयाँ भी सम्मिलित हैं। इसका पाठ अत्यंत शुद्ध है।]

ढोला-मारवणरी चोपई

श्रीसारदाय (शारदायै) नमः

दूहा

सकळ-सुरासुर-सामिनी, सुणि, माता सरसत्ति।
विनय करीनइ वीनवुँ, मुझ द्यउ अविरल मत्ति॥
जेतां नवरस एणि जुगि सविहूँ धुरि सिणगार।
रागइँ सुर-नर रँजियइ, अबळा तसु आधार॥
वचन-विलास, विनोद-रस, हाव-भाव, तिहां हास।
प्रेम-प्रीति, संयोग-सुख, ए सिणगार-अवास॥
गाहा-गूढा - गीत - गुण - कउतिग - कथा-कलोळ।
चतुर-तणा चित-रंजवण, कहियइ कवि कल्लोळ॥

गाहा

मणहर-नवरस-मज्झे सुंदरि-नारीण-सरस - संबंधा।
निरुवम कव्व-निबद्धा सुणउ, सयणा जणा सगुणा॥
नरवर-नयर-नरिंदो नळराय सुउ सु सल्हकुमर-वरो।
पिंगळराय स धूआ वनिता मारुवणी वरणेसु॥

कवित्त

पंथ उदंड प्रचंड सदा चंगो पुरसाण।
बीजी निर्मळ वस्न पंक विण गंगानउ पाँणी॥
पट्टकूल पट्टणी देस भोगी धर दक्षण।
कुंजर कदळीखंड विप्र तेरोतरी विचक्षण॥
तिम चंद-वदनि, चंपक-वरणि, दंत झबुकइ दामिनी।
सारंग-नयणि संसारि इणि मनोहर मारू काँमिनी॥
मरुधर देस मझारि सबळ धन-धन्न-समिद्धउ।
नामइ पूगळ नयर पुहवि सगळइ परसिद्धउ॥
राज करै रिणराह प्रगट पिंगळ पृथिवीपति।
प्रतपै जस-परताप दानि जळहर जिम दीपति॥
देवड़ी नाम ऊमा घरणि, मारुवणी तसु धू कुमरि।
चौसठि कळा सुंदरि कुँमरि चतुर कथा कहिस्युँ सुपरि॥

चउपई

पूगळ नयरी मरुधर देस, निरुपम पिंगळ नामि नरेस।
मारुवाडी नवकोटी धणी, उत्तर सिंधु भूमि तसु-तणी॥
मोटा नगर लोग सुखि बसइ, चावउ कुँवर कुळ छइ चिहुँ दिसइ।
आठ सहस हयवर तसु मिळइ, पंच सहस पायदळ तसु जुडइ॥
वरस वारमइ वइठउ राजि, अरि भाजइ संभळि आवाजि।
त्रिणि वरस माहि निज प्राणि, साधी सुंधु मनावी आण॥
पनर वरस पोढउ राजान, रूपवंत रतिराय समाण।
पाळइ राज सुषी आपणउ, तिणि अवसरि हूओ, ते सुणउ॥
एकणि दिवसि हुँउस आपणी, भूप चढइ अहेडा-भणी।
कटक सहू सारंगी केड़ि, वहिया जूजू ऊजड़ वेड़ि॥
रानि भमंतउ राष्यउ (? थाक्यउ) राय, व्याप्यो तृषा ऊन्हाळइ वाय।
वहतो राजा पडियो वाट, तरुतळ वइठउ दीठउ भाट॥

तासु पासि छागळि जळि भरी, ठाकुर-तणी दृष्टि वे ठरी ।
देषी भाट दीयो दीर्घायु, रेवँत-थी ऊतरियो राय ॥
निरमळ सीतळ पायउ नीर, सुषी हूओ नरराय सरीर ।
भाट पासि तव पूछइ भूप, कवण काजि, तुझ किसउ सरूप ॥
नळवर गढ मुझ वसिवा ठाउ, मागउँ राउळ हुंसु पसाउ ।
इह आव्यउ जस कीरति सुणी, पिंगळ राजा भेटण-भणी ॥
मोटउ नगर लोग सुखि वसइ, चावउ कुँवर कुळ छइ चिहुँ दिसइ ।
आठ सहस हयवर तसु मिलइ, पंच सहस पायदळ तसु जुडइ ॥
वरस वारमइ वइठउ राजि, अरि भाजइ संभळि आवाजि ।
पँचाग तेहनइ कीध पसाउ, भाटइ ओळखियउ नरनाह ॥
कहउ भट्ट, तइँ कुण-कुण ठाम, कुण-कुण देस, नगर कुण नाम ।
वस्तु अपूरव दीठी जेह, मुझ आगळि परगासउ तेह ॥
भाट कहइ, संभळि झ बात, मइ दीठा मरहठ, मेवात ।
दीठा बंग, गौड, बंगाल, कुंकण, नइ काबिल, पंचाळ ॥
दीठौ सगळउ दक्षण देस, चतुर नारि तनि चंचल वेस ।
माळव नैइ काबिल, मुकराण, कासमीर, हुरमुज, षुरसाँण ॥
सिंहळ-दीप पदमिनी नारि, परम उलँघि रयणायर पार ।
गुज्जरात, सोरठ, गाजणउ, जोयउ देस तिहाँ स्त्री-तणउ ॥
सिंधु, सवालख, नै सोवीर, पूरव गंगा पइलइ तीरि ।
दीठा मइँ इणि परि बहु देस, आपणि हरखि भाट नै वेसि ॥
पिंगळराय कहइ तिणि वार, काँई बळी (? वसत) अपूरब सार ।
दीठी हुइ, सा मुझनइ दाखि, गम गोवर मन माहिँ म राखि ॥
उत्तम दीठी वस्त अनंत, ते कहतां किम आवइ अंत ।
ताहरइ मनि जे अचरिज होइ, कहउ तेह, जिम दाषुँ सोइ ॥
नेडइ मंडळि काई नारि, रूपवंत हुय राज-कुँमारि ।
अति अदभुत सुंदर आकार, ते परणेवा हरख अपार ॥

भाट भणइ, सुणि पिंगळराउ, मुझ भुइ जोवा-तणउ सुभाउ ।
वरस वीस लगि इणइ वेसि, जोई वनिता देसि-विदेसि ॥
रमणी घणी रूपि रतन्नि, निरखी एकाएक असंभ ।
पण जाळोर नगर पदमनी, दीठी गउषि, जाणि दामिनी ॥

दूहा

सिरि अढार आबू-धणी, गढ जाळोर दुरंग ।
तिहाँ सामँतसी देवडउ, अमली आण अभंग ॥

चउपई

सबल सेन, सोवन-गिरि-धणी । पटराणी झाली (सोढी) तसु-तणी॥
तसु पुत्री ऊमा देवड़ी । जाणि विधाता सइहथि घडी ॥

दूहा

चंद-वयणि, चंपक-वरणि, अहर अलत्ता-रंगि ।
षंजर-नयणी, खीण-कटि, चंदन-परिमळ चंग ॥
अति अद्भुत संसार इणि नारी रूपि रतन्न ।
षंजर-नयणी खीण-कटि कुमरि सु कंचन-वन्नि ॥
जौ तुझ सारीखउ जुडइ भामिणि तिणि भरतार ।
जोडो राही-कान्ह ज्यउँ कर मेळै करतार ॥

चउपई

भाट वचन राजा साँभळी, कउतिग ए हियडइ अटकळी ।
कहउ भाट, का बुधि विनाणि, जिणि ए कारज चडइ प्रमाणि॥
राजा-तणा कटक असवार, ते आवी मिळिया तिणि वारि ।
भाट साथि लीधउ करि भाउ, आपण नयर पधारयउ राय ॥
राजा पासि भाट ते रहइ, नित-नित नवा कणहता लहइ ।
राजा-मनि ऊमा-देवडी, नवि वीसारइ एक जि घडी ॥
तेडि प्रधान मंत्रि आपणउ, करइ आळोचन परिणेवा-तणउ ।
तेह जि भाट मूँक्यउ परधान, देई अनर्गळ वंछित दान ॥

साथइ जेसळ नाम पवास, रायइ मूक्या मन वेसास।
घणी भलामण तेहनइ कही, तूँ साचउ मित्र माहरउ सही॥
काँई बुद्धि सुमति केळवे, जिम तिम ए जोडी मेळवे।
सर्व साजहसुँ परवड्या, आवी जाळोरइ ऊतरया॥
वंस छत्रीस साष माँहि वडउ, चावउ सामँतसी देवडउ।
पिंगळराय-तणा परधान, आया सुणी दियउ बहुमान॥
भगति करी परधानह-तणी, पूछइ, कहउ (बात) आपणी।
पूगल-हूंती पिंगळराय, किणि कारणि मूँक्या इणि ठाइ॥
एक वीनती हिव अम्हतणी, संभळि तूँ सोवनगिरि-धणी।
कुँअरि तुम्हारो अपछर जिसी, पिंगळराय-तणइ मनि वसी॥
श्रवणे सुणीयउ कुमरी-रूप, उळक थयउ आप मनि भूप।
अम्हनइ मोकळिया इणि ठाइ, कुमरि तुम्हारी मागइ राय॥
वतळउ सामँतसी बोलीयउ, कुमरि नातरउ पहिलउ कीयउ।
पहिली जूनागढनो धणी, माँगी हूँती राजा-भणी॥
तेहनइ म्हे तउ ऊतर दियउ, वरसें वडउ वींद निरषीयउ।
उदयचंद राजा चावडउ, छइ रिणधवळ कुमर तसु वडउ॥
सतर सहस गुजरधर-धणी, तिणि प्रधान मूँक्या अम्ह-भणी।
कुमरि मँगावी मीनति करी, दीन्ही ऊमादे कुँअरी॥
झाली अजी न मानी वात, रोगिल देस गंड गुजरात।
निबळ पुरुष नइ नीळज नारि, किम तिहाँ दीजइ राजकुमारे॥
करते तउ कीधउ नातरउ, पाणि जाणे पडीयउ पांतरउ।
कहइ बात जेसळसब कहिउ, तउहिव सीख अम्हानइ दीयउ॥
एह बात झाली साँभळी, ते प्रधान तेडाया वळी।
एक उपाय बुद्धि तिणि लह्यउ, वळतउ जेसळनइ इम कह्यउ॥
कुमरि-वात जोतिष ए कही, वरस एक लगि सूझइ नही।
पाछइ लगन-तणउ दिन नही, एह बुद्धि म्हे करिस्याँ सही॥

कुमरी लगन परिणवा चार, आगळि एक दीह असवार।
मूँकेस्याँ रिणधवलाँह-भणी, सकिस्यइ नही आवि ते-भणी ॥
लगनि-थकी पहिलइ इक मासि, माणस मूँकेस्याँ तुम्हि पासि।
छानी वात विमासी बहू, संझि सहू को आविसी सहू ॥
आबू-तणी जात्रनइ मिसइ, लगन-तणी बेळा हुइ जिस्यइ।
आवि इहाँ ऊतरियो तुम्हे, कुमरी परणावेस्याँ अम्हे ॥
उदयचंद रिणधवळह भणी, कुमरि वीवाह लगनि दिन गिणी।
आगिमि एक दीह असवार, मूँकेस्याँ परिणवा विचार ॥
किम आवेस्यइ इक दिन माहि, लगन दीह वहि आघउ थाइ।
दोस न कोई इम अम्ह-तणउ, साच वचन होस्यइ इम आपणउ॥
सीष मागि चाल्या परधान, दीधा अरथ गरथ बहुमान।
पूगळ नयरि पहूता आइ, मिळिया हरषइ पिंगळराय ॥
समाचार सविस्तर कह्या, पिंगळराय हीय गहगह्या।
छाना नितु पुहचइ परधान, रळियात थ्या चिति परधान ॥
मास दीह आगळि असवार, आया पूगळि नयरि ति वारि।
करी सजाई जानह-तणी, पिंगळ चाल्या परणण-भणी ॥
सवळसेन साथइ बहु थट्ट, याचक चारण बाँभण भट्ट।
आप सरीषा राजकुँमार, साथइ एक सहस परिवार ॥
पहिरण पट्टकूळ सवि-तणइ, चडीया आडंबर घणइ।
वाजित्र वाज पंच सबद्द, रिण कोळाहळ काहळ सद्द ॥
सबळ सेन साथइ परिवरया, जाइ जाळोर नयरि ऊतरया।
चाचि(ग)दे सगली परि सुणी, परि माडी परिणावा-तणी ॥
लोक सहू पाषतियइ मिळ्या, देषी कटक देस खळभळ्या।
पूछइ प्रजा, कवण ए राय, कवण काजि, जास्यइ किणि ठाइ ॥
वळता ऊतर एहवा करइ, रषे कोइ मन माहे डरइ।
पिंगळ राजा पूगळ-धणी, जास्यइ जात्रा आबू-भणी ॥

गोधूळिक वेळा जब हूई, जोवा जान पधारी जूई।
तब पिंगळ तेडो सुभ वार, परिणाव्यउ करि मंगलच्यारि॥
निरषयउ नयणे पिंगळराय, राजाइ तसु आय्यउँ दाय।
रूपवंत नइँ सुंदर देह, सोढी-मनि निरषतां सनेह॥
सोळह वरसे परण्यउँ राउ, अति सुकमाळ असंभय काय।
बारह वरस-तणी देवडो, लोक कहइ, ए जोडी जुडी॥
एक कहइ, तूठउ करतार, पाम्यउ तिणि पिंगळ भरतार।
सगे कीयउ वीवाह सुरंग, विहुँ ना मनि वाधिउ उछरंग॥
भगति-जुगति कीजय अति घणो, सामुहणी सा सोढी-तणी।
खरच्या गरथ नगरि जाळोरि, गूँजइँ गिरि वाजित्रह घोर॥
अणहिळवाडा-पाटण सामि, वीजउ नफर गयउ तिणि ठामि।
उदयचंदनय कियउ जूहार, परणावउ रिणधवळ कुँमार॥
वळतउ पूछइ वात विवेक, लगन विचइँ थायइ दिन एक।
पंथइ वहतां माँदउ पड्यउ, तिणि कारणि मैाडउ आपड्यउ॥
राजा कोप धरयउ मन माहि, नफर कढाव्यो वाहइ साहि।
राजा कहइ न बीजउ कोइ, जउ मुझ मागी परणइ सोइ॥
करी सजाई परणण-तणी, चडी जान रिणधवळाँह-तणी।
घणी उतावळि सउ परवरयउ, सोवन गिरि नेडउ संचरयउ॥
वीजइ दिनि चाचिगदे राइ, बइठउ मन माँहि करइ उपाय।
मत आवइ रिणधवळाँहँ जान, करिसी झूँझ पिंगराजान॥
अळगाँ थी ऊपडती खेह, देषी राजा पड्यउ संदेह।
सही एह रिणधवळाह सिँघात, विणसेस्यइ हिव सगळी वात॥
नर थोडा पिंगळ नरनाथ, सबल एह रिणधवळह साथ।
माहोमाह झूझ माँडिस्यइ, कुळि कळंक माहरइ लागिस्यइ॥
चाचिगदे मनि पडियो सोच, सोढो साथि करइ आळोच।
जउ जाणेस्यइ पिंगळ राय, दीठइ कटकि छाँडि किम जाय॥

करि आळोच तेह नइ कहउ, आपाँ विहुँ नेह तउ रहइ।
थे पहुचउ हिव पूगल-भणी, तउ अविहड होइ प्रीति आपणी ॥
जदि त्रेवडि करिस्याँ अउझणउ, तदि हइलाणउ कुमरी तणउ।
पीहरि राखी राजकुमारि, पिँगळ राय चाल्यउ तिणि वारि ॥
चाल्यउ कटक सहू दळ चडी, पीहरि छइ ऊमा देवडा।
परणा नइ दळ साथइ करी, पहुता कुसळइँ पूगळ पुरी ॥
तव आवी रिणधवळह जान, मिळियो चाचिगदे राजान।
मोडा आव्या हिव किणि काज, नफर तणउ देस महाराज ॥
नगन बेळा लगि जोई वाट, नाया तुम्हे थयउ ऊचाट।
नेह लगन जउ किमही टळइ, वळतउ वरस पंच नवि मिळइ ॥
तिणि वेळा पूगळनउ धणी, जात्रा जातउ आबू-तणी।
अरडइ ते वहतउ आवीयउ, पिंगळ राजा परणावियउ ॥
रीसाणउ रिणधवळ कुमार, बाप-भणी मूक्यउ समाचार।
एहवउ छळ चाचिगदे कीयउ, पिंगळ राजा परणावियउ ॥
उदयादीतइ जाणी बात, चाचिगदे इम षेली घात।
करी कोप मन माहे घणउ, तेडाव्यउ कुमर आपणउ ॥
उदयचंद चाचिगदे राय, रोस चडया वे पेलइँ दाव।
माहोमाहि माँडाणउ पेध, वधियौ वयर हुयउ वहु वेध ॥
सोवनगिरि-हूँती चिहुँ दिसइ, लूसे देस कदे नहु वसइँ।
पिंगळ राजा ते परि सुणी, माँड्या सेन सजाई घणी ॥
उमादेस्यउँ अविहड प्रीति, वाळपणा लगि लागी चीति।
कहवारउउ चाचिगदे-भणी, आवाँ भीर अम्हे तुम्ह-तणी ॥
वळतउ चाचिगदे वीनवइ, रपे कटक ले आवउ हिवइ।
नही सोनगिरि केहनइ पाडि, जास्यइ आपण ही गढ छाडि ॥
हिव ते जेसळ नामि षवास, मनि आपणइ सुबुद्धि विमासि।
पूगळ माहि बुद्धि केळवइ, गोवळ सहि गोवर मेळवइ ॥

धवळ धेनुवे धवळइ वरणि, सारीषा वाछडा सुवर्ण ।
घोडा-तणी वाळि माहि आणि, पाइगहइ बाँध्या तिणि ठाणि॥
घोडा समउ ग्रास ते लहइ, मापणि बाँधी साथइ रहइ ।
पीयइ दूध मनगमता ग्रास, वेगइ ते हारवइ ब्रहास ॥
वेआसणी वहिल अति चंग, कीधी एक अपूरब अंग ।
वेवइ धवळ जोतरिया तेणि, जाणे पंषी चाल्या जेणि ॥
जेसळ आप बडइ असवार, कोस वधरइ वारावार ।
जोयण एक घड़ीमइ जाइ, हारइ नही न थाका थाइ ॥
इम दीहाडी करइ अभ्यास, जाँ लगि हूआ बारह मास ।
जोजन द्यउढ घडी माहि नीम, वळी जाइ आवइ करि सीम ॥
इणि परि धोरी सीषवि दोइ, राजा प्रति वीनवियउ सोइ ।
वरस एक जब पूरण हुवा, तब पिंगळ चिंतातुर थया ॥
इक आपणउ पुरुष पाठवइ, कहउ त आवणउ कीजय हिवइ ।
तउ वहि जाइ राजानइ मिळयउ, मारग सहू सूधउ साँभळयउ॥
धवळा आसण मंडइ राउ, तउही बंधि न वइठइ काइ ।
घणी सभाई थई अउझणइ, त्रेवडि छइ ऊमादे-तणइ ॥
साथइ जउ गाडर असवार, आथर ऊठ चलावइ भार ।
सवळ साथ जउ वाटइ वहइ, तउ रिणधबळ नहीं सा सहइ ॥
सू(?रू)धो वाट कटक संग्राम, अनरथ थास्यइ जाइमाँम ।
चाचिगदे तिणि आगइ वहू, कही वात मारगनीसहू ॥
जउ प्रछन्न आवइ एकलउ, पहिली आणउ कीधउ भलउ।
कुमरी घरि पुहुचावी पछइ, सगळो वात सोहिली अचइ ॥
ते आव्यउ जेसळ परधान, हरषित मिळयउ पिंगळ राजान ।
मारग-तणी वात सहू कही, तेवड झूझ म करियो सही ॥
एकणि वहिलइ जेसळ साथ, इम त्रेवडि माँडी नरनाथ ।
इतलउ कहिइ माहरउ मान, कहियउ चाचगदे राजान ॥

दूहा

जेसळनइ पिंगळ कहइ करि आणा परिआण।
दिन एकणि माँहि देवडी जिम आवइ इणि ठामि॥
साचउ छोरू तू सही, तूँ सेवक हूँ साँमि।
आगइ ते परणावियउ, करि वळि एतउ काँम॥
सोवनगिरिहुँ चिहुँ दिसइ रूधा मारग घाट।
पंथी को पूगळ-तणउ बहे न सक्कइ वाट॥
कटकी जउ आपे करौं, तउ रीसावइ राय।
साँमतसी रूठइ थकइ बंधि न बइसइ काय॥
वचन सुणी राजा-तणउ जेसळ कीयउ प्रणाँम।
तउ हूँ छोरू ताहरउ, जउ सारूँ ए काँम॥

चउपई

राय कहइ जेसळ इक वात, सउ कोस जावउ एकणि रात।
इणि परि वहिस्यउ जोयण घडी, आणेस्यउ ऊमा देवडी॥
सीष मानि जेसळ वीनवइ, लूण हलाल करेसुँ हिवइ।
तउ ताहरउ छोरू महाराज, जउ मेळावउँ वहिली आज॥
तेह जि वहिल सज्ज तिणि करी, धवळा ते धोरी जोतरी।
पहिली जे सीषविया हुता, जोयण घडी जाइ आवता॥
जोजन घडीयइ झाझउ थाय, लोहा भरइ न थाका थाइ।
दीवइ मारगि जेसळ वहइ, वाटघाट सगळी विधि लहइ॥
सभई भूमइ अवरइ नाम, कहइ अवर मुझ अवरे काम।
साँझ समइ कीधइ रमझोळा, जायइ ऊतरीयउ जाळोर॥
चाचिगदे राजा साँभळिउ, जेसळनइ तब आवी मिळिउ।
सोढी-भणी जणावी वात, सहू समारया एकणि राति॥
बीजइ दिनि ते छानउ रहिउ, कुमरि हलाणउ किणि नवि लहिउ।
एक लाष नउ छइ तु(?उ)झाणउ, ते मंडाविउ कुमरी-तणउ॥

ताँ लगि इहाँ कणि राषिउ अछइ, पूगळि कुमरी पहुता पछइ।
मोकळिस्याँ मोटइ मंडाण, ताहरइ छइ बहुलउ परिपाण ॥
सहू जडाव साथि तसु दीयउ, साँझ समइ मुकलावउ कीयउ।
चाली ऊमादे कुँअरी, दीधी साथइ दीवाधरी ॥
न लियइ वीसाम उनविरहइ, पवन वेग ते वाटे वहइ।
कहइ उडइ पंषी आगासि, प्रगडइ आया पूगळ पासि ॥
वहिल छोडि ऊतरिया जिसइ, पिंगळराय पधारिउ तिसइ।
साथे कटक मेळि परिवार, करइ भट्ट तिहाँ जयजयकार ॥
चामर ढालइ छत्र सिरि चंग, वाजइ तंती नाद मृदंग।
पइसारउ तिणि इणि परि कीयउ, पटराणी ले घरि आवीयउ ॥

दूहा

सुणी वात रिणधवळ, सहि काळउ थयउ कुमाँर।
पाटण पहुतउ आपणइ, आरति करइ अपार ॥
पाछ सामँतसी सुपरि मोटउ करि मंडाण।
ऊमादेरउ ऊभणउ इणि परि चल्यउ प्रमाण ॥
पटराणी पिंगळ-तणी अपछरनइ अणुहारि।
आछइ उमा देवडी सुंदरि इणि संसारि ॥
सुंदरि सोळ सिँगार सजि सेज पधारी संझि।
प्राणनाथ प्रीतम मिल्यउ उर सरि बइठउ संझि ॥
अदभुत रूप असंभ जग जोवइ इणि परि जपइ।
राणी परतखि रंभ कहउ उपम केही कहाँ ॥

सोरठा

प्रोय सुँ अधिकउ प्रेम, रयणि दिवस रंगइ रमइ।
मोह्यउ मधुकर जेम कुसुम जाँणि केतकि-तणउ ॥
माथउ धोई मेटि ऊभी सूरज साँमुही।
ताह उपन्नी पेटि मोहणवेली मारुई ॥

चउपई

राजा मन मइँ घणउ उछरंग, पट्टराणी सुँ प्रेम प्रसंग।
मनह मनोरथ सुँ नवमास, हूआ पूरा पूगी आस॥
मात पिता मनि आणँद घणउँ, जनम हूओ मारुवणी-तणउ।
कीया वधावा नगर मझारि, पुत्र-तणी परि मंगळचार॥
अति सुंदर सरूप आकार, अपछर रंभ-तणी अणुहारि।
परिमळ मधुकर पासइ रहइ, किर पदमनी सहू को कहइ॥

दूहा

वरस बयढ वउळा पछे, देव न वूठउ देसि।
षड पाषइ सवि लोग षडि, वसिवा गया विदेसि॥
मारुवाडिका देसमइँ, एक न जाई रहु।
कदि ही होइ अवरसणउ, कइ फाकउ कइ तिहु॥
पिंगळि परियणि पूछियउ, कीजइ तेवडि काइ।
ठाम सु ठाम सु अटकली, जेथी वसिजइ जाइ॥
जल षड कारणि पोजिवा, देसउ दउ इणि ठामि।
पुष्करि षड पाणी प्रथळ, संभळि पिंगळ राय॥

चउपई

पूगळथी ऊचाळा कीया, घण गोवळ सवि साथइँ लीया।
नगर सकळ लोकि परवरया, आवी पुरि पुष्करि ऊतरया॥
नीला षड नइँ नीरमळ नीर, परिघळ अन्न घणा दधि षीर।
गाडे वास किया तिणि ठामि, सहु को षुसी थया तिणि गामि॥
तिणि वेला ते भाउ भाट, विषमा पंथ र बहुला घाट।
नळवर गढ पोहतउ आपणइ, राजा आदरि तेड्यउ घणइ॥
सगळी वात सविस्तर कही, पिंगळराय-तणी परि सही।
भाऊ-भणी द्यइ राजा घणउ, हिव साल्हकुमरनी उतपति सुणउँ॥
नळराजा नळवरगढ राय, वइरी दड भंजइ भड वाइ।

पाइक लाष एक परिवार, सात सहस सेना असवार ॥
पंच सहस माता उ मता, षग्ग त्यागि नहु काइ षता ।
भरिया रिधि नवनिधि भंडार, परिथळ गाम अंत नहु पार ॥
त्रीस वरग तसु करहा-तणा, जावइँ पंथि घडी जोयणा ।
ताजी बहुत राय तस-तणय, भुपति सबळ सहू को भणइ ॥
नहीं रायनइ पुत्र संतान, तिणि अहनिसि चिंता असमान ।
दिनि प्रति पूजय देवी देव, सारइ जती-व्रतीनी सेव ॥
ओषध मंत्र यंत्र आदरइ, भरणा पुत्र काजि बहु भरइ ।
पुत्र काजि मन चिंता घणी, पेषइ अथिर रिधि आपणी ॥
इक परदेसी इम ऊचरइ, जउ पुष्कर-तणो जात्रपति करइ ।
कुटुँब सहित पहुचउ तिणि थानि, तौ सही हुवे पुत्र संतान ॥
मानी वात राइ मनि षरी, पुष्कर-तणी जात्रपति करी ।
अनुक्रमि राणी थ्या आधान, हरष्या नगर लोक राजान ॥
पुत्र जनमि हरष्यउ राजान, मनि आणंद्यौ नळ राजान ।
घरि घरि उछव मंगळ घणा, कीया वधावा पुत्रह-तणा ॥
मायताय मनि पूगी हाम, साल्हकुमर तसु दीधउ नाम ।
मृतवच्छा माता भय होइ, ढोलउ नाम कहइ सहु कोइ ॥
अति सरुप सुंदर आकार, अभिनव कामदेव अवतार ।
कुमर हुवउ त्रिहुँ वरसाँह-तणउ, जनम सफल जाणे आपणौ ॥
राजा सुहणउ पाम्यो रात्रि, जाणे जायो पुष्कर जात्र ।
तेडि प्रधान मंत्रि ऊचरइ, जात्रा-तणी सजाइ करे ॥
साथइ सेज बाला पंचास, सहस ऊठ, एकसउ त्रहास ।
राज भळायो मुहता-भणी, राजा चाल्यो जात्रा-भणी ॥
भले दिवस कीया परियाण, पंच सबद वाजइ नीसाण ।
वाटे निरभय सुषीयाँ वहइ, सूरा सगळे आदर लहइ ॥
घणी रिधि साथइ बळ घणउ, संघ चल्यउ ए राजा-तणउ ।

बाटइ मास एक ते वही, परि सिरि पुहकरि आव्या सही ॥
विधि भेटिया आदि बाराह, अधिकउ कीयो सवळ उछाह ।
भगति जुगति पूजा तसु-तणी, सफळ जात्र हुई राजा-तणा ॥

दूहा

इणि अवसरि घण ऊनम्या, प्रगट्यउ पावस मास ।
पासइ पिंगळ-रायनइ, किया ऊतारे वास ॥
उनमियौ ऊत्तर दिसा, गयण गरज्जे घोर ।
दह दिसि चमक्कइ दामिनी, मंडइ तंडव मोर ॥
च्यारि मास निश्चळ रह्या, सरवर-तणे प्रसंगि ।
पिंगल नेइ नळ भूपती, मिळिया मनि अति रंगि ॥

चउपई

सूर धीर बेवइ सुकमाळ, दीसे वीन्हइ भला भूपाळ ।
रयणि-दीहि संगति ते रमइ, भूपति बे आहेडइ भमइ ॥
एक दिवस आहेडा आळि, नळ राजा चडियो पुहगाळि ।
एक ससउ अरडे नीसरयो, तिणि पूठे आघउ संचरयउ ॥
नाठे ससउ पिँगळ-आवासि, वासइ राजा चड्यइ व्रहासि ।
घरि सूता छइ राणी सही, नळ राजा किणि लखियउ नहीं ॥
पोढी छइ ऊमा देवडी, जाणि विधाता सइहथि घडी ।
असि षाँवी नइ ऊभउ रह्यो, जोवे किणि दिसि ससउ गयो ॥
गयो ससउ कडि लंका हेठि, दीठा नळ राजा ते ट्रेठि ।
पटराणी पिंगळ-तणी, दीठी नळवर-गढनइ धणी ॥
पोढी मारवणी पालणइ, सोवन्न व्रन्न चीर आढणइ ।
पेषी राजा पाछउ वळ्यउ, इसी बुद्धि मन माँहि अटकली ॥
कुमरी साल्हकुमरनइ काजि, नातौ कीजै तौ सुख हुइ आजि ।
ए नातौ जै किणि विधि मिळे, तौ मनह मनोरथ सगळा फळै ॥
तिणि प्रभाति नळ राजा तिहाँ, आपण आयो पिंगळ जिहाँ ।

भगति अम्हे माँडी तुम्हतणी, तुम्हे पधारौ कृपा करि घणी ॥
तिहाँ पधारउ पिंगळ राय, राजा मनि आणंद न माइ ।
अमृत समा सरस आहार, जीमाड्यउ पिंगळ परिवार ॥

दूहा

*सेा वग्गा स सहि सावटू, कोडीधज केकाण ।
अम्हे साम्हा आविया, प्रीति चडी परवाणि ॥

चउपई

करि भोजन बइठा एकठा, आण्या पासा नइ सोगठा ।
रंगइँ रम्या बिन्हइँ राजान, बोल्यो नळराजा-परधान ॥
प्रीति बिहूँ भूपाळह-तणी, सगपण हुइ तौ वाधइ घणी ।
दस दीहे आपणडइ देसि, वसिस्यइ सहु को गया विदेसि ॥
साल्हकुमर सजी सिणगार, करि सरूप ए देष कुमार ।
आपण रँगि रमतउ आवियउ, पिंगळि राजा षाळै लियउ ॥
विनय करे नळराय वीनवै, ए सगपण आपाँ जउ हुवइ ।
तउ आँपाँ हुइ अविहड प्रीति, राजाँनाँ घरि एह जि रीति ॥
पिंगळि राजा कियो पसाउ, करि सगपण संतोष्यो राउ ।
दी मारवणी ढोला-भणी, प्रीतै प्रीति जु अधिकी वणी ॥
घरे पधारयउ पिंगळ राउ, मारवणी तेडी मनि भाइ ।
घणुँ लडावइ आदरि घणै, लै ऊमादे इणि परि भणै ॥
मारवणी किणि कारणि आज, घणुँ लडावइ काइ महाराज ।
पिंगळ राजा हसि बोलियो, नात्र साल्हकुमरिसुँ कियो ॥

दूहा

आपै ऊमा देवडी, वालँभ हिय (यै) विचारि ।
मनह सकोडी, मारुवी दीन्ही समुद्रह पारि ॥

---

* पाठांतर (छ)—सोना वागा सावटू = सो वग्गा० । आंम्हा ,सांम्हा आपिया । वडै = चडी । परिवाँण ।

कंता, अणदीठइ कुमरि कीयो नातरउ काँय।
प्रीय पति पट्टराणी भणै, जिहाँ सिरज्यउ तिहँ जाइ ॥

चउपई

पाणिग्रहण-तणउ परियाण, माड्यौ विहु भूपति मंडाण।
महोछव तोरण चंदरमाळ, वृधि वाधइ वारणइ विसाळ ॥
सुभ वेळा सुभ दिनि सुभ घडी, तेवडि लगन-तणो तेवडो।
चवरी माँडइ मंगळचार, जानी मानी मिळ्या ति वारि ॥
मायताय विहुँ बंधी गंठि, परण्या पुष्करि तीरथि कंठि।
धवळ मंगळ गीतध्वनि कीया, साल्हकुमर मारू परणिया ॥
अरथ गरथ षरचीया अपार, बालक वेवइ विन्हय कुमार।
थाँभइ नाम सविस्तर लिष्या, आया गया सहू ओळष्या ॥
इणि अवसरि पावस ऊतरयउ, साम्हउ सीतकाळ संचरयउ।
आपापणे देसे मनि धरइ, चालण-तणो सजाई करइ ॥
नळि कहिराव्यउ प्रोहित साथि, मारुवणी मूँकउ अम्ह साथ।
बोलइ पिगळ, कुमरी बाळ, न रहइ मात पषय इकताळ ॥
पाँचाँ साताँ वरसाँ पछे, ताँ लगि कुमरी इहाँकणि अछइ।
कुमर मूँकियो आणा काजि, कुमरी मूँकेस्याँ, महाराज ॥
सीषि मागि मिळि गळि सुषि घणइ, पहुता देसे आपापणइ।
पूगळ नयरी पिगळ राय, नळवर गढि आव्यउ नळराय ॥
अळगी भूमि न को परि लहइ, वाटि घाटि पंथी नवि वहइ।
समाचार नहु सोभ न कोइ, अळगे सगपणि ए परि होइ ॥
इणि अवसरि नळवरगढ-धणी, आळोच्या त्रेवडि आपणी।
परणी थी मारुवणी-तणी, सुधि न कहियो ढोलाभणी ॥
मारुवणी परणी जाँणिस्यइ, आणा काजि जई आणिस्यइ।
घणी भूमि, मारगि भय घणा, तिणि पाल्या माणस आपणा ॥

पाछइ नळराजा परधान, तियाँ तेडि दीया बहु मान ।
चिहु दिसि सगपण काजि चालवइ, मूँक्या सरस देस माळवै ॥

दूहा

माळव देस महीपतइँ भीम नाँम भूपाळ ।
माळवणी धू तसु-तणइ, सुंदरि अति सुकमाळ ॥
परधानह नळरायने माँगी घणइ मँडाँणि ।
जोताँ जोडावइ जुडइ प्रीति चडो परमाँणि ॥
भीमसेनि भगताविया नलरायहँ परधान ।
नळनंदनरउ नातरउ मिलियो बहु मनि मानि ॥

चउपई

कीयो नातरउ ढोला-तणउ, बिहुँ राजा मनि आणँद घणउ ।
थाप्यउ लगन, मूँक्या परधान, जुगति पधारी ढोला-जान ॥
खरच्या अरथ गरथ अति घणा, संतोष्या परीयण आपणा ।
माळवणी परणी मनि रंगि, अह-निसि ढोला मन उछरंगि ॥
हाथ मेल्हावै गज पाँचसइ, नगर पँचास गाम सुषि वसइ ।
चारि सहस तेजी तोषार, भरिया रिधि नवनिधि भंडार ॥
महीपति सबळ सु माळवधणी, तिणि परणावी धू आपणी ।
माळवणी तसु कुमरी नाम, अति सरूप सुंदरि अभिराम ॥
ढोला साथइ लागी प्रीति, चतुराईस्युँ वधतइ चौँति ।
नळवर गढ परणी आवियो, करि मँडाण पइसारउ कीयो ॥
परण्यउ मारुवणी संघाति, ढोलउ तेह न जाणइ वात ।
पूगळ दिसा न आवइ कोइ, मारुवणीनी नीरति न होइ ॥
पनरह वरस गया जब वही, सउदागर इक आव्यउ सही ।
तिणि साथइ छइ घोडा घणा, ढोलइ मोलविया तसु-तणा ॥
ढोलउ नितु फेरवइ प्रभाति, सउदागर पणि तेडइ साथि ।
भगति जुगति जीमण तसु-तणी, पूरी हउँस साल्ह तसुतणी ॥

मास पाँच सउदागर रह्यउ, लेइ मोल घराँनइ वह्यउ।
वहतउ रहतउ पूगळि आवियउ, पिंगळि राजा भगतावियउ॥

दूहा

साँझ समै सउदागरी आप-तणै उतारि।
बइठो गउषै तिणि समइ नयणे निरषी नारि॥

[इसके आगे मूल के ८७, ८८, ९० और ९१ नंबरवाले दूहे हैं।]

चउपई

पिंगळराजा-तणउ षवास, बइठउ थउ सउदागर पासि।
धुरि हूँती माँडीनइ घणी, वात कही मारुवणी-तणी॥
वळतउ सउदागर इम भणइ, साल्हकुमर नळवर गढि रहइ।
मइ घोडा तिहाँकणि वेचिया, ढोला सुँ भाइपण किया॥
तेहनइ घरि माळवणी नारि, अपछर-तणी जाणि अणुहारि।
ढोलारइ तिणस्युँ बहु प्रीति, चतुराई लगि लागी चीत॥
रूपइ रूडउ ते राजान, कुमर न कोई साल्ह समान।
षरचइ लाष लाष विद्रवे, लापे-कोडे लेषा हुवइ॥
वसिया पाँच मास तिणि ठामि, निसि दिनि हूँता ढोला गामि।
समाचार सहि ढोला-तणा, कहिया सउदागर अति घणा॥
मारुवणी तव चिति चळवळी, छानी वाताँ सहि साँभळी।
साचे मनि सउदागरि (कही), मारुवणी हीयडै गहगही॥

दूहा

[इसके आगे मूल के ९९ और १८९ नंबर के दूहे हैं।]

*बाँहडियाँ रूँयाडिया धण वंके नयणाँह।
वासी चंदन महमहै मारू गोरडियाँह॥

* पाठांतर (छ)—ढोरूळियाँ = रूँयाडिया। सहि अर ढोलडियांह = धण वंके इ०।

चउपई

सहियर चाली साथइँ करी, मारुवणी आधी संचरी।
पंषी हुवइ तौ उडी मिलइ, मारुवणी प्रीतम संभरइ॥

[इसके आगे मूल के ३४, १८, ६० (बडो दूहो), ६२, ६४, ६५, ५३, ६७ और ६८ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

सउदागर पेषो सुख लहइ, मारूनइ सँभलावी कहइ।
सिरजनहारइ सइहथि घडी, ए जोडी सारीषी जुडी॥
किहाँ नरवरगढ साल्हकुमार, रूपवंत नइँ सगुण दातार।
दानि करनि बळि पंडव जिसउ, भोग पुरंदर सुंदर जिसउ॥
मारुवणी हुई तसु नारि, तउ सही जनम सफळ दातार।
जोवन सही जु लहरे जाइ, करउ तेम जिम मेळउ थाइ॥
सहि वातां साँभली षवासि, आव्या पिंगळ राजा पासि।
वात सहू ढोलानी कही, सउदागर ते तेड्यउ सही॥
पिंगळराय सहित परिवार, सउदागर पूळइ तिणि वारि।
वातां सगली ढोला-तणी, सउदागरे कही नृप भणी॥
सहि वातां पिंगळ साँभली, आपण हिय विमासइ सही।
हिव काई ब्रेवडि कीजइ साइ, जिणि ढोलउ आवइ इणि ठाइ॥
देई सीष सउदागर-भणी, ते पहुता धरती आपणी।
पिंगळरायनइ चिंता घणी, एह वात मारुवणी सुणी॥
सुणि मारुवणी आवइ घरं, व्याप्यउ विरह मयण बळ धरे।
सूती सेज करे वेषास, मोडइ अंग, मूँकइ नीसास॥
सषियाँ साथि वात नवि करइ, वेदन विरह नयण जळ भरइ।
बीजी सषी गई घरि सही, दीवाधरी इक पासइ रही॥
आडा जडिया विन्हइ किमाड, दीवाधरी बोलावइँ माड।
आज काई वेदन तसु-तणइ, रम्यो हउँस नहि कारण किणइ॥

सुणी सुद्धि मै बालँभ-तणी, विरह विथा तिणि छेइ मुझ घणी ।
जीवण पषइ जमारउ जाइ, भाजइ दुष जै मेळउ थाय ॥
सषी नयण नव नीद्रइँ घुळइ, मारूतणी आँषि नवि मिळइ ।
मध्यराति वऊळो जेतळइ, ऊमादे चिंतइ तेतळइ ॥
किणि कारणि मारवणी आज, घरे न आवइ केणइ काजि ।
वोलावण करि जे ते तिहाँ, माता आवी मारू जिहाँ ॥
माता छानी ऊभी रहइ, सषी प्रतइ मारवणी कहइ ।
मुझनइ नींद्र न आवइ आज, विरह वियापी मूँकइ लाज ॥
कुंझडियाँ मिळि दूहा कहइ, माता साँभळि छाँनी रहइ ।
वार-वार प्रीतम संभरइ, करि विलाप नै आँसू झरइ ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के ५१, ५५, ५६ और ५४ नंबर के दूहे हैं ।]

प्रीतम-तणा सँदेसडा मारुवणो कहियाह ।
माता मन माहि जाणियो विरह वियाप थयाह ॥

[इसके आगे मूल के ७९, ८०, ८१, ८२ और ९६ नंबर के दूहे हैं ।]

चउपई

इणि प्रस्तावे सालहकुमार, मालवणीसुँ प्रीति अपार ।
बे पहरे उन्हाळा-तणै, पोढ्यउ छे मंदिर छे आपणे ॥
सुषसेजइ मालवणि सँघाति, वैठो करि प्रीति सुष वात ।
तिसडइ माता चंपावती, अलगाथी दीठी आवती ॥
ते देषी लाजियो कुमार, छानी निद्रा करइ ति बार ।
माता आवी ऊभी रही, जाण्यो सुत पोढ्यउ छे सही ॥
वहू कन्हा जणणी इक वार, आरीसउ माँग्यउ तिणि वार ।
देता लागी अधिकी वार, आण्यो मन माहे अहँकार ॥
सासू वहू प्रतइ ऊचरइ, काँई वडाई एवडी करे ।
जो मारवणी अळगी रही, तौ तुँ करं वडाई सही ॥

पिंगळराय-तणी पदमिनी, अळगी रही बहू मुझ-तणी।
तउ तूँ न्याय करइ अहँकार, इम कहि माता गई ति वारि॥
वात सहू ढोलइ साँभळी, माळवणी हुई आकुळी।
कंत कन्हे मागइ बहुदान, कीजइ एक वातनो दान॥
जे पूगळथी आवइ कोइ, ते पंथी नितु मो वसि होइ।
ढोलइ तेह जि कियो पसाउ, माळवणी इम माँडियउ दाउ॥
आडा रषवाळा आपणा, भूमि घणी वइसारया घणा।
पूगळथी आवता मारियो, ते पंथी ऊठे राषियो॥
ढोला लगे न आवइ कोइ, मारू-तणी निरति नवि होइ।
इणि तेवडि माळवणी रहइ, पूगळ पंथि न कोइ वहइ॥
पूगळराय ते जाँणी वात, माळवणी इम पेलइ घात।
भीमसेन प्रोहित आपणउ, मन वेसास तेहनइ घणु॥
ते तेडो पिंगळराय कहइ, नळवरि पंथि न कोई वहइ।
ढोलउ तेडावी जइ इहाँ, प्रोहित तुम्हे पधारउ तिहाँ॥
सहु सामहणी प्रोहित करइ, पूगळ माँहि वात विस्तरइ।
प्रोहित ढोला तेडण-भणी, एह वात मारुवणी सुणी॥
मारुवणी सुनि वात विमासि, राते आवी माता पासि।
माता जाइ बापने कह्यउ, थे इणि वात मरम नवि लहउ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के १०३ और १०४ नंबर के दूहे हैं।]

तीयाँने आप्या तुरी, दीया गरथ अपार।
सीष लेई पिंगळ कन्हा आया मारू पासि॥

[इसके आगे मूल के १०६, ११३, ११४, १६८, २०३, २०४, १६, ४२२, १४८, १४७, १४६, १५१, १५४, १४५, १५६, ११५, १३६, १४६ और १५७ नंबर के दूहे हैं।]

पंषि(ृथि)-पसारण जग-भमण कह्या संदेसा भट्ट ।
तियाँ देसाँराँ माँणसा कदि हूँ जोवुँ वट्ट ॥

[इसके आगे मूल का १०८ नंबर का दूहा है ।]

चउपई

सगळाई दूहा सीषव्या, सीष मागि मारग-सिरि थया ।
पंथि वहंता पूछइ कोइ, देस अनेरा दाषइ सोइ ॥
भाट वेसि ते मारगि वहइ, पूगळ नाम प्रगट नवि लियइ ।
गढ नळवरनइ आया घाटि, माळवणी तिहाँ वाँधइ वाट ॥
तीए झाल्या मारू जाणि, ततषिण बोल्या बीजी वाणि ।
पाँच दिवस ओळगिया तेइ, भाँट जाणीनइ छाँड्या वेउ ॥
रातइ नळवर गढ आविया, ऊतारा कुंभारे किया ।
भाऊ भाट-तणइ आवासि, नाँम-ठाँम पूछइ जण पासि ॥
छाना मिळिया भाऊ-भणी, वात कही पिंगळराय-तणी ।
दीधी भेट कह्या संदेस, म्हे छाना आव्या पंपी (थी) वेसि ॥
वळतउ भाट तियाँनइ कहइ, ए परि जउ माळवणी लहइ ।
माळवणी थाँनुँ मारावित्स्यइ, सहि त्रेवडि पेरूँ थाइस्यइ ॥
छाना रहउ प्रजापति-घरं, एतउ कहियौ माहरउ करे ।
टाणउ हूँ जिणइ दिने लहेसि, साल्हकुमर तुम्ह भेटावेसि ॥
ते कुंभार-तणइ घरि रहइ, वेळा मिलण-तणी नवि लहइ ।
एक दिवसि माळवणी सही, सषी साथि वनि रमिवा गई ॥
गाईँ गीय (त) मधुर स्वर सादि, कोकिल कंठि अनोपम नादि ।
जाणइ छत्रीसे राग विचार, ते जउ तेडावउ इक वार ॥
भाऊ भाट ने साल्हकुमार, बेउँ तेडाव्या माँगिणहार ।
साँझ समइ तेडाया तेह, निरष्या ढोलइ ते नयणेहि ॥
ढोलइ सइमुषि तेडाविया, मान महुत अधिका आपिया ।
मारू दूहा सीषाया जेह, सुसरि कंठि आलाप्या तेह ॥

दूहा सगळा तीए कह्या, ढोलइ ते हियडइ संग्रह्या।
ढोलउ पूछइ भाउ कन्हा, ए दूहा कहिया केहना॥
कुण ढोलउ, कुण मारू नारि, रूपइ रूडो राजकुमारि।
वळतउ भाउ तेहनइ कहइ, तू परणी-तणी सार नवि लहइ॥
पिंगळराय-तणी कुँमरी, अपछर-रूप धरी अवतरी।
ते उपकंठइ पुष्कर-तणइ, परणी ते तइ बालापणइ॥

दूहा

ए माणस तिणि पाठव्या साल्हकुमर तसु काजि।
मालवणीहूँ बीहता मइ मेळविया आज॥
* ढोलइ नरवर सेरियाँ धण पूगळ गळियाँह।
भीनउ लोद महक्कियउ मारू लोवडियाँह॥
मारुवणी सइमुषि कह्या दूहा मिसि संदेस।
मन मारू मेळावा करइ पधारउ उणि देसि॥
सइमुषि ढोलइ पूछिया मारू-तणा वृतंति।
ढोलउ नइ भाऊ विन्हइ वेसारी एकंति॥
भाटे मारुवणी-तणे वारू वरण वखाण।
मारू जिणि निरषो नही जनम तियाँ अप्रमाण॥
भाऊ ढोलानै कहइ कीजइ सीष पसाउ।
इयाँरी वात (?ट) उतावळी जोवे पिंगळ राउ॥
जउ ए मोडा जाविस्यइ मुझ पाषइ संदेस।
तउ मारुवणी मालतो पावकि करइ प्रवेस॥

चउपई

साल्हकुमरनइ करी जुहार, करइ वीनती मागिणिहार।
बिहुँ माँसनउ अम्हसुँ बोल, करी आवी तुम्ह पासै ढोल॥

---

* मूल के १८६ और १६० नंबर के दूहे मिलाओ। मूल का १८६ नंबर का दूहा इस (थ) प्रति में ऊपर भी आ चुका है।

हिव जउ तूँ तिह आषिसि नही, मारू अगनि प्रवेसै सही ।
मया करीनइ थे महाराज, सीष पसाउ करउ हम आज ॥
वीस तुरी आपिया व्रहास, फदिया दिया सहस पंचास ।
वागा वस्त्र अपूरव वळी, संतोषीया, पूगो मन रळी ॥
भाऊ भाट दियउ तिहाँ साथि, आपि अनर्गळि तेहनइ आथि ।
भला ग्रहणा मारू-भणी, मोकळिया प्रोतइ अति घणी ॥
भाऊ भाट नै मागिणहार, सीष मागि चाल्या असवार ।
आहेडा मिसि साल्हकुमार, पहुचावी आव्यो तिणि वार ॥

दूहा

संदेसा सहि सविगता कहियाँ तियाँ सँभाळि ।
माळवणी मनि संकतो सीष देइ ततकाळ ॥
भाऊ भाट, सँदेसडउ दिसि सयणाँ कहियाह ।
कीयउ मारू अळजउ बाहाँ दे मिळियाह ॥
विराँसिया विरुआ कियउ रपे इम म करेसि ।
ढोलाँ तणाँ सँदेसडा अळगाँ थकाँ कहेसु ॥

सोरठा

अह युँ भाजइ एम ढोलउ धण ऊमाहियउ ।
पंष विहुणा एम मन सोचाणउ झडपिस्यइ ॥

[इसके आगे मूल का २०१ नंबर का दूहा है ।]

चउपई

कुमरि चलाव्यो भाउ भाट, मारू मिळिवा-तणउ उमाह ।
चिंता करतौ आव्यो घरे, चालण-तणो सजाई करे ॥
ढोला मनि अति चिंता घणी, षाँति घणी मारुवणा-तणी ।
आवीनइ पैठ्यउ आवासि, माळवणी आवी प्रिय पासि ॥
दीठउ प्रोतम चिंत्ति उदासि, माळवणी पूछियौ षवासि ।
कुमर कहौ किणि कारणि जीये, दोसइ आज उचटियो हीय ॥

जाणउ तुम्ह सुँ कारण केइ, माळवणी संतोषइ सोइ।
वळती कही षवासे वात, भाऊ भाटे षेलो घात॥
पिंगळराय कन्हा आविया, साल्हकुमरि ते तेडाविया।
पूगळ थळ नै प्रिय भुय धणी, कही सुद्धि मारुवणी-तणी॥
भाऊ भाट नै साल्हकुमार, अळगा तेडी मागिणहार।
समाचार सुणि मारू-तणा, ढोलइ हरष किया अति घणा॥
सीष देई ते पहुचाविया, भाऊ भाट पणि साथइ दिया।
घणा गरथ दिया तिणभणी, करइ सजाई हालण-तणी॥
कही षवासे सगळी वात, माळवणी आवी प्रिय पासि।
हासा मिसी पूछइ विरतंत, काँइ सचींता दीसउ कंत॥

दूहा

[इसके आगे मूल के २१६, २१७, २२१, २२३, २२६, २२५, २३०-२२८ (प्रथम पंक्ति २३० का पूर्वार्ध एवं द्वितीय पंक्ति २२८ का पूर्वार्ध), २२६, २३२, २३३, २३६, २३८, २३६, २४०, २४१, २४२, २४३, २४४, २५१, २५०, २५६, २७०, २६१, २५७, २६३, २५२, २५३, २६२, २७३, २७५ और २७७ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

मालवणीसुँ प्रेम अपार, ढोलइ रहियउ मास बे चारि।
सुंदरि नेह बिलूधउ सही, तोइ मारुवणी वीसारइ नही॥
इणि अवसरि ते मागिणिहार, सरि सउ भाऊ भाट अपार।
त्रिणि मास ते मारग वही, पूगळि नयरि पधारया सही॥
साम्हउ आयउ पिंगळराय, भगति घणी मंडइ बहु भाइ।
मनवंछित ऊतारा दीया, भोजन विगति कणहता दीया॥
समाचार सहि ढोला-तणा, विस्तरि ईणइ कहिया घणा।
ढोलै सीष कही मुझ-भणी, कहियो सामहणी आणा-तणी॥
जाँहूँ आवुँ एणइ ठामि, ताँ थे रहियो पूगळ गामि।

दीया ग्रहणा मारू-तणा, हरष थया मनि सगळा घणा ॥
इणि प्रस्तावइ साल्हकुमार, चिंता चालण-तणी अपार ।
माळवणी मनि भगतावीयो, तेतळइ दसराहउ आवीयउ ॥
ढोलौ माळवणीनइ कहइ, हिव सव कोई बाँटाँ बहइ ।
हिव जइ हसिनइ द्यौ आदेस, तो पहुचाँ मारवणी-देसि ॥
माळवणी ए परि साँभळी, आप हुई विरहाकुळी ।
कंता साँभळि साल्हकुमार, प्रीतम प्रीय जीवन नर नारि ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के २७९, २८१, ३७०, २८३, ३०४, ३०५, ३०७, ३०८, ३११, ३४३, ३१६, ३२२, ३२३-३१७ (प्रथम पंक्ति ३२३ का पूर्वार्ध एवं द्वितीय पंक्ति ३१७ उत्तरार्ध), ३१८ और २२० नंबर के दूहे हैं ।]

* करहउ रहइ न वारियउ झळफळ लग्गो काइ ।
ऊन्हाँ डाँभ दिवारिसी डाँभाँथी मरि जाऊँ ॥
करहा माळवणी कहइ संभळि बोल्यो सव्व ।
तातो लोहड ताहरइ वळि लागो ना बद्ध ॥

चउपई

इम करहा समझावी नारि, माळवणी आवी घरि बारि ।
ढोलउ करहउ आँण्यौ जेथ, कूडइ मनि पग रापइ सोइ ॥
साल्हकुमर मनि चिंता वसी, कहे हव त्रेवडि कीजइ किसी ।
तेडी आण्या तिणि लोहार, आँका दिवरावणने काजि ॥
लेइ लोहड ताता कीया, लोहार हाथे झालीयाँ ।
आवी कहइ माळवणी तिसइ, कोई रपे करहा डाँभिस्यइ ॥
इणि गामे नर सहु अजाण, जाणइ नही करह संधाण ।
कारी वीजी सहु परिहरउ, एतउ कहियउ माँहरउ करउ ॥

---

* मूल का ३२१ नंबर का दूहा मिलाओ ।

दूहा

[इसके आगे मूल के ३३३ और ३३५ नंबर के दूहे हैं।]

* रे ढाँढाँ-करि छोहड़ी करइ करहाँरी काणि।
ऊकरडे डोका चुणे सो आप डँभायो आणि॥

चउपई

करहउ मूँक्यउ वरग मझारि, प्रिय आग (?गे) इम जंपइ नारि।
जउ हालिवा कीयउ मन षरउ, तउ एतउ कहियउ माहरउ करउ॥
जाँ लगि तेह नइ तूँ प्रिय पासि, ताँ लगि प्रोत म चडे ब्रहासि।
झाझो निद्रा व्यापइ अंगि, तिणि वेळ प्रिय चड्यउ पवंगि॥
प्री पासे इण परि मागती, पनरह दीह रही जागती।
झाझो नींद्रे व्यापी नारि, तउ करहउ आणे झेम्यउ वारि॥
सोनइया पाहौरा साथि, सोवन-जडित कंबडी हाथि।
सोनारा घूघरडा गळें, पंषीनी परि मारगि पुळइ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के ३४५, ३४८, ३४९, ३६३, ३६८, ३६९, ३७९, ३६२, ३८१, ३८६, ३८७, ३८८, ३८९ और ३९० नंबर के दूहे हैं।]

थळ मत्थइ ऊजासडउ जाणे उग्यउ तूर।
चकवा मनि आणँद हुओ किरण पसारयउ सूर॥

[इसके आगे मूल के ३९१, ३९२, ३९३, ३७५, ३७७, ३९७ और ३९९ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

पूगळ पंथइ ढोलउ वहइ, सूडानइ माळवणी कहइ।
जिम तिम करिहि नइ पाछउ वाळि, पंषी ए पडिवन्नउ पाळि॥
तव आकासि सूअउ ऊडियो, पहरि एक चंदेरी गयउ।
ढोलउ सरवरि दाँतणि करइ, सूडौ जाए इम ऊचरइ॥

---

* मूल का ३३६ नंबर का दूहा मिलाओ।

दूहा

[इसके आगे मूल के ४०२, ४०६ और ४०८ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

सूडौ तिहाँथी पाछउ वळै, आवे माळवणीनइ मिळै।
ढोला-तणी वात सहि कही, माळीवणी अणबोली रही॥
सरवरथी ढोलौ ऊतरे, करह पंषि जिम पगला भरे।
चंदेरी वहुटे आवीयो, तिसइ वणिक इक बोलावियो॥
कुण परदेसी जाइसि किहाँ, माहरइ काम अछे इक तिहाँ।
ढोलउ तउ राष्यउ नवि रहे, विवहारियौ ति वारइ कहइ॥
जो कागळ माहरउ ले जाइ, आपाँ सोना माँगउ दाइ।
जोयण वीस अछइ ते गाम, मुझ कागळ आयउ तिणि ठामि॥
ढोलउ तेहनइ कहइ ति वारि, ऊभा रहण तणो नही वार।
विवहारियउ करे वेसास, तूँ सापुरिस, म मूँकि निरास॥
ढोलउ कहइ, हो व्यवहारिया, जो कारिज जोवे सारिया।
ऊठ-तणइ पूठइ थिर थापि, कागळ लिखिनइ मुझनइ आपि॥
ऊभे ऊठि चडे ते साह, कागळ लिखण-तणी तसु आहि।
ढोलउ करह चलावइ सुषइँ, ऊपरि वइठउ कागळ लिखइ॥
कागळ लिखिनइ पूरा कीया, तिसइ तेह गामइ आविया।
साह उतारी पूछइ कोइ, एह ज गाम सही ते होइ॥
विवहारिया असंभम वात, जाँणी तास फिरी तन धात।
एती वेळा किम आवियो, हियडउ फूटि हंस ऊडियौ॥
ढोलउ पुष्कर सरवर-तीरि, ततषिण करहउ पावियो नीर।
कुण सरवर, नर इक पूछियो, तिणि पुष्कर तीरथ दाषियो॥
ढोलउ कहइ सरोवर थंभि, आषर लिष्या पुरष दाषंति।
तिये साथि थई देषियो, परण्या ते नामउ वाँचियउ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के ४२६, ४२७, ४३२ और ४२८ नंबर के दूहे हैं।]

जहाँ चीना कर कुँवळा नीली लूँव लहक्क।
ते जो वन लंघन करे मरे न चरही अक्क॥

[इसके आगे मूल का ४२४ नंबर का दूहा है।]

पिंगळ राजा रूसव्यौ, चारण कोई चाड।
साल्हकुमर तिणि ओलष्यो, तव बोलावियो माड॥

[इसके आगे मूल के ४४२ और ४४४ नंबर के दूहे हैं।]

एक ज चारण पंथि सिरि, जोई करहा वट्ट।
ढोलउ चलतउ देषि करि, तिणि मनि थयउ उचट्ट॥

चउपई

साल्हकुमर मुझ वचन जु सुणउ, ए चारण ऊमरराय-तणउ।
मारू ते माँगण आवियो, पिंगळ ते देसा काढियो॥
ऊमर मारवणीनइ काजि, घणा दुष देषइ महाराज।
पिंगळराय न करइ नातरउ, मोटाँनइ न पड़इ पाँतरउ॥
ढोला तुझ अवाज सु सुणी, कुँमरी मूँक्यो हूँ तुझ-भणी।
जउ मारू अवगुण साँभळौ(? ळै), तौ किम ढोलो पाळइ बळै॥
ढोला साँभळि माहरी वात, ऊमर षेलेस्यइ घणी घात।
मारवणीसुँ लागो मोह, तुझसुँ घणो माडिस्यइ द्रोह॥

[इसके आगे मूल का ४५० नंबर का दूहा है।]

चउपई

तिणि वातइ संभळि गहगह्यो, ढोलउ पूगळि वाटइ वहइ।
बारहट्ट पिंगळराय-तणो, गामि एक आव्यउ प्राहुणउ॥
तिणि ढोलउ दीठउ महाराज, भाटे आवि कीयो सुभराज।
ऊठ पाँचिनइ ऊभो रह्यो, पिंगळरा संदेसा कहइ॥

समाचार मारवणी-तणा, कहिया हरष थया अति घणा।
भाऊभाट ने माँगिणहार, आवा जउ छइ सालहकुमार॥

दूहा

जउ तइ दिठो मारुइ, को सहिनाण प्रगट्ट।
गळि घोलाह रूपको, सो भाषो सोवन्न॥

[इसके आगे मूल के ४७३ और ४५९ नंबर के दूहे हैं।]

उर जु गयंबर पंग धणु, दाडिम दंत सुतेज।
कुंभो भाषस(?) गोरियाँ, षंजन जेहा नेत्र॥
सदा उलको नकि सळि, झीणी लंक मझाह।
दंडा सुत्ता सप्प जिं, षंजी कढे साह॥

[इसके आगे मूल के ४७४, ४६८, ४८४, ४८५ और ४७५ नंबर के दूहे हैं।]

*डीभू लंक, मराळ गति, पिक-सर जेही भख्ख।
ढोला, एही मारूई, चाही लागे चख्ख॥

[इसके आगे मूल के ४६०, ४७०, ४८२, ४६५, ४७१ और ४८७ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

जेता दूहा चारण कह्या, सोनईया तेता तिणि लह्या।
चारण ते तिणि थान कि राह्यउ, ढोलउ पूगळि वाटइ वह्यउ॥
थाकउ करहउ आळस करइ, भारी भुँइ पग माठा भरइ।
थळ मोटा तिणि सुसतउ वहइ, ढोला त करहानइ कहइ॥

दूहा

[इसके आगे मूल के ४९१, ४९२, ४९३, ४९४, ४९५, ४९७, ४९८, ५००, ५२१ और ५२२ नंबर के दूहे हैं।]

---

* मूल के ४६० और ४५८ नंबर के दूहे मिलाओ।

चउपई

जिणि दिनि ढोलउ वाटइ वहइ, तिणि दिनि मारू सहिणउ लहइ।
मिलियो प्रीतम नींद्र मँझारि, माता आगलि कहइ विचार॥

दूहा

[इसके आगे मूल का ५०६ नंबर का दूहा है।]

सारति सहारेह, भूषउ माँस पत्राखियाँ।
अडियो अंत्रारेह, जाणे ढोलउ आवियैा॥
*सुरहि सुंगधो वाट, जाणे किर मोती जड्या।
सूती माझिम राति, जाणे ढोलौ आवियैा॥

[इसके आगे मूल के ५१२ और ५१३ नंबर के दूहे हैं।]

चउपई

इणि परि सुहिणउ लाधउ राति, मातानइ कहियो परभाति।
कही विचार सषी ए सही, ढोलउ तेउ पधारइ वही॥
मारू तिणि दिनि हरष अपार, साथइँ सषी तेणि परिवार।
समी साँझनी वेळा थई, कूआ कंठइँ रमिवा गई॥
डावउ नेत्र फरुक्यउ तिसइ, सहियर आगइ कहिनइ हसइ।
मनि संतोष चींति उल्हसइ, आज सषी प्रिय-मेळउ हुस्यइ॥
तिणि वेळा आणंद उल्हासि, आव्यो ढोलउ पूगळ पासि।
मालइ वइठा हाळी रहइ, ढोलउ तिणि थळि पूठइ वहइ॥
थाकउ करह क्रहूका करइ, थळ भारी पग माठा भरइ।
नवउ क्रहूको सुणि गहगहइ, हाळो नारी प्रति इम कहइ॥

दूहा

केहउ करहउ क्रहूकियउ, झाझा मंझि वणाह।
ढोलइ ते कंबावियो, ऊमाहियो धणाह॥

---

* मूल के ५०५ और ५०७ नंबर के दूहे मिलाओ।

चउपई

कोहरि कोळाहळ वहु सुणी, ढोलउ आयो पाणी-भणी ।
सगळे तिणि साम्हौ जांईयो, आणि अवाहि करहो ढोइयौ ॥
कोउ लखे नही तिणी वार, मारू ऊभी कूपदुवारि ।
करहउ कूवइ पीवइ अंब, किणे अजाणे वाही कंब ॥
लागी कंब करइ कूदियउ, रयबारी संधीगौ कीयउ ।
मारू ढोलइ परणी जेथ, सरही दीकर मेल्हाण तेथ ॥
सही ए सालहकुवर तेहनउ, दीसइ तेज रूप एहनउ ।
ढोलउ हूँतउ आवणहार, उभे लोके कियो जुहार ॥

दूहा

जिणि काँबे परहो कियौ, तिणि तो करह म मार ।
कंब चडका ते सहइ, अवराँ लहइ गमार ॥

[इसके आगे मूल का ५२३ नंबर का दूहा है ।]

ढाँचे पाणी झाडि घर, संबळ सुरहि घणेहि ।
साइ सकोडी मारवी, ऊचळि गई वणेहि ॥
कामिणि मारू कारणे, नळवर छंड्यउ राज ।
सुधण सुहावी हूँ कहूँ, मूँध न मिळिस्यइ आज ॥

[इसके आगे मूल के ५२४ और ५२५ नंबर के दूहे हैं ।]

जिणि कारणि थळ लंघिया, तीयाँ चित्त न कोइ ।
साजण केहा कूव सरि, करहउ त्रिसियउ होइ ॥
करहा पाणी पंचि पीउ, जउ ढोलाकउ होइ ।
जउ म्हे जाणत वालहउ, करह न मारत कोइ ॥

चउपई

सहियर ढोलउ हसिनइ कहइ, ढोला मारवणी किम लहइ ।
जउ साचउ वालहउ सुजाण, तउ मारवणी कहि अहिनाण ॥

दूहा

सव्वे लोवडियाळियाँ, न जाणुं घण काइ ।
उजल-दंती मारुवी, लसण जु डावइ पाइ ॥
सव्वे लोवडवाळियाँ, सव्वां ही गळि हार ।
एकणि मारू वाहिरा, सव्वाँ साथि जुहार ॥

चउपई

कूवा कंठइ सहु परिवार, सगळाँ मनि आणंद अपार ।
मारुवणी तिहाँ घूँघट करी, सहियर झूल माहि संचरी ॥
सेवक एक वधावा भणी, मेल्हो पिंगळ नयरी भणी ।
ढोल पधारयउ कूवा कंठि, पिंगळ मनि अधिक उतकंठ ॥
राजा प्रजा सहू हरषिया, हयवर एक वधाई दिया ।
साम्हो चड्यउ घणइ मंडाणि, ढोला मिलण-तणइ परियाण ॥
माथइ मेघाडंबर छत्र, वाजइ पंच सवद वाजित्र ।
कूवा कंठइ राय परिवार, मिलि ढोलानइ कीयां जुहार ॥
समाचार नळराजा-तणा, पिंगळ राजा पूछ्या घणा ।
ढोलउ राजा साथइ करी, घरे पधारया आणँद धरी ॥
सुरहा तेल-तणा मांजिणा, अंघोलइ सीतल वीजणा ।
ऊगटि चंदन केसरि घोळ, करइयु भोजन रंगि तँबोळ ॥
हरषित थयो सहु परिवार, साँझइ कीजइ सहू सिणगार ।
सोळ सिँगार सझइ मारुई, जाणे परतषि अपछर हुई ॥

दूहा

[इसके आगे मूल का ५३५ नंबर का दूहा है ।]

*ते साजण पावधरिया, जे जोवंती वाट ।
ते साजण नयणे देषिया, मनि हूओ उच्छाह ॥

---

* मूल का ५४१ नंबर का दूहा मिलाओ ।

तनि सिंगारइ मारुई, सिंगारयउ सहू साथ ।
अंगइ चंदन महमहइ, वीडउ सोहइ हाथि ॥
*सषी वउळावी घरि गई, प्रिय मिलियो एकंति ।
हसताँ ढोलउ चमकियो, वीजुळि षिवइ जु दंत ॥

चउपई

मारुवणी ढोलउ मनि रंगि, प्रातइँ सुषि वैठा पल्यंकि ।
प्रेमि प्रसंगे वाताँ करइ, अवळा प्रति ढोलउ इम कहइ ॥
मारवणी तुझ माँगिणहार, आव्या नळवर गढ जिणि वार ।
लाधी निरति पछइ तुझ-तणी, ऊमाहो हूओ तुझ-भणी ॥
एह गुनह षमियो माहरउ, मय वियोग कीयो ताहरउ ।
निरति पषइ कुण जाणइ लोइ, अणजाण्यां नर दोस न होइ ॥
मावीत्रे पहिलउ वीवाह, वाळपणइ कीधउ उच्छाह ।
हूँ परण्यउ जाणुं ही नही, तेह वात सहु वीसरि गई ॥
मइ माळवणी परिणी नारि, तिणिसुं वाधी प्रीति अपार ।
परण्या पछइ निरति तुझ लही, पाछइ परवसि रहियो सही ॥
पहिलइ भवे पाप मइ किया, तउ तुझ विन एता दिन गया ।
सयमुषि करता करइ वषाण, जीवित जनम आज परियाण ॥
ढोला प्रति मारूवी नवइ, स्वामी, मेळउ सिरज्यउ हुवइ ।
तुम्हे परणि पहुता नळवरइँ, पूगळ अम्हे आविया उरइ ॥
अंतर विचि हूयउ अति घणउ, संदेस्यउ नाव्यो तुम-तणौ ।
हूँ आवी जोवन वइ देह, संतावइ मुझ काम ज देह ॥
जोई तुम्ह माणसरी वाट, मूँक्या बाँभण पंथी भाट ।
वळतउ कोई आव नहीं, घणी चीत मावीत्रे हुई ॥
ससनेही—सं० सस्नेह। ई मूल से जोड़ दिया गया है। यह शब्द राजस्थानी साहित्य में बहुत आता है।

समदाँ—सं० समुद्र; प्रा० समुह; राज० समुंद, समंद, समँद, समद। आँ विकारी रूप का प्रत्यय है। संबंध का चिह्न लुप्त है।

परइ—सं० परं। मिलाओ—हिं० परे।

वसत—वसणो का वर्त्तमान। अन्य रूप वसइ-वसै, वसंत।

हिया—सं० हृदय। अन्य रूप हियो, हीयो।

मंझार—सं० मध्य; प्रा० मज्झ; राज० मंझ। मज्झ आर (मझआर भी) देशी शब्द है। देखिए—देशी नाममाला ६–१२१।

आँगणइ—आँगणो (सं० अंगन) + इ (अधिकरण-प्रत्यय)

जाँण—सं० जाने; प्रा० जाणे। अन्य रूप—जाँणि, जाँणे। मिलाओ—हिं० जनु। आधुनिक राजस्थानी में जाँणे शब्द मानो के अर्थ में आता है।

दूहा २३

सखिए—ए संबोधन का प्रत्यय है। अप्रत्यय कर्त्ता कारक के बहुवचन में (क्वचित् एकवचन में भी) यही रूप आता है। मिलाओ—

सहिए फिरि समुझावियो (दूहा ५१५)।

सखिए ऊगट माँजिणउ खिजमति करइ अनंत।

संबोधन में यह शब्द दूहा ५२८ और ५३२ में भी आया है।

वल्लहा—सं० वल्लभ ; प्रा० वल्लह ; राज० वल्लहो, व्हालो, बालो। अन्य रूप—वालेभ (= प्रियतम)। यह शब्द प्रिय (प्यारा और प्रियतम) के अर्थ में आता है। आदरार्थ बहुवचन।

जइ—सं० यदि; प्रा० जइ। अन्य रूप—जै-जे।

तोइ—सं० तदापि; प्रा० तोवि।

विसारइ—सं० विस्मृ; प्रा० विस्सर; राज० विसरणो, वीसरणो। प्रेरणार्थक—विसारणो। विसरणो और विसारणो का एक ही अर्थ होता है।

खिण खिण इ०—अन्यार्थ—वह प्रियतम क्षण क्षण में अपनी याद कराता रहता है और अपने आपको भुलवाता नहीं। (संभर = याद करना या याद आना)।

दूहा २४

एह—यह। अन्य रूप—ए।

हमारी—राजस्थानी रूप म्हाँरी है पर प्राचीन कविता में हमारो हमारी भी मिलता है।

बुझ्झ—सं० बुध्; प्रा० बुज्झ; राज० बूझणो; हिं० बूझना। बूझणो क्रिया से भाववाचक संज्ञा बुज्झ या बूझ बनती है। इसका अर्थ है समझ। मिलाओ—हिं० पहेली बूझना। बूझणो क्रिया का अर्थ राजस्थानी में समझना भी होता है। जैसे—

जाणंता **बूझ्या** नहीं बूझि न कीया गौंण।
भूलाँ कूँ भूला मिल्या पंथ बतावै कौंण॥

सुहिणइँ—सुहिणो + इ (अधिकरण-प्रत्यय) सं० स्वप्न; प्रा० सुरण, सुविण, सुमिण, सिविण, सिमिण।

साहित्य तथा दंत-कथाओं के प्रेम-वर्णन में स्वप्न का विशेष महत्त्व है। कभी कभी केवल स्वप्न में दर्शन होने से ही प्रेम उत्पन्न हो जाता है जैसे उषा का प्रेम अनिरुद्ध के प्रति। साहित्य-शास्त्र में स्वप्न को तेंतीस संचारी भावों में गिनाया गया है।

यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि मारवणी ने ढोला को पहले कभी देखा ही नहीं था उसे स्वप्न में क्योंकर देखा और फिर विरह क्यों उत्पन्न हुआ। परंतु उषा की भी यही अवस्था है। उसने भी अनिरुद्ध को पहले नहीं देखा था; और स्वप्न द्वारा ही प्रेम उत्पन्न होकर विरह उत्पन्न हुआ था। फिर मारवणी तो ढोला को एक बार बचपन में देख चुकी है—अवश्य ही अब उसे ढोला की आकृति स्मरण नहीं रह सकती। इसी लिए वह स्वप्न में ढोला को देखकर उसे पहचान नहीं पाती।

सउ—सं० सः; प्रा० सो; आधुनिक राज० सो।

तुभ्झ—अप० तुज्झ।

दूहा २५

सुण्या—सुणनो क्रिया का सामान्य भूत, पुँल्लिग, बहुवचन। सं० श्रु; प्रा० सुण; हिं० सुनना।

की—पूर्वी राजस्थानी में संबंध-प्रत्यय को (की, का, के) आता है और पश्चिमी राजस्थानी में रो (री, रा, रे)।

झाळ—सं० ज्वाला = जलन, ताप, लपट। अन्य रूप—झळ। मिलाओ—साहब मिलै न झल बुझै रही बुझाइ बुझाइ। (कबीर)

मिर्च या राई आदि की चरपराहट या तीक्ष्ण स्वाद को भी झाळ (हिं० झाल) कहते हैं। मिर्च खाते ही समस्त शरीर में एकदम आग सी लग जाती है। मारवणी के शरीर में भी वैसी ही विरह-ज्वाला प्रसृत हो उठी।

ऊपन्नउ—सं० उत्पन्न; प्रा० उप्पण्ण, सामान्य भूत, पुं०, एकवचन।

दूहा २६

तनह—तन + ह (अपादान या संबंध का प्रत्यय)।

अपभ्रंश-काल में अधिकांश विभक्ति-प्रत्यय घिस घिसाकर ह के रूप में रह गए। अतः ह प्रायः सभी कारकों के प्रत्यय का काम करता है। इससे अर्थ-बोध में असुविधा होने लगी अतः अपभ्रंश के उत्तर-काल में कारक-संबंध प्रकट करने के लिये अन्य शब्द या विभक्ति-प्रत्यय जोड़े जाने लगे।

जावइ—जावणो क्रिया का वर्त्तमान काल। अन्य रूप—जाइ (यह रूप केवल कविता में आता है)।

बाबहियउ—अप० बप्पीहा; हिं० पपीहा। अन्य रूप—बाबीहो, पपीहो, पपइयो। इसे संस्कृत में चातक कहते हैं। यह एक प्रसिद्ध पक्षी है। इसकी लंबाई प्रायः ५½ इंच होती है। मध्य भारत, नैपाल, बंगाल, आसाम, अराकान और मलय प्राय-द्वीप में यह विशेष रूप से पाया जाता है। इसका रंग हरा और काला होता है। यह वर्ष में दो बार रंग परिवर्त्तन करता है। यह बागों में कीड़ों की तलाश में फिरता है। मई में अंडे देना प्रारंभ करता है जो संख्या में तीन होते हैं। इसका घोंसला भूमि से थोड़ी ऊँचाई पर कटोरी के आकार का बहुत ही सुंदर होता है।

भारतीय साहित्य में इस पक्षी का वर्णन बहुत आया है। इसे लेकर भारतीय कवियों ने बड़ी सुंदर सुंदर उक्तियाँ कही हैं। गोस्वामी तुलसीदास का चातक-प्रेम-वर्णन (दोहावली) साहित्य की एक अपूर्व वस्तु है। चातक का प्रेम आदर्श प्रेम माना गया है। चातक के विषय में यह प्रवाद है कि वह पड़ा हुआ पानी नहीं पीता। जब मेह बरसता है तो उसका जल ऊपर से ही ले लेता है। प्यास से चाहे मर जाय पर तालाब और नदी का पानी वह कभी नहीं

पीता। यह भी प्रवाद है कि वह स्वाती नक्षत्र के दिन को छोड़कर और कभी बरसता हुआ पानी भी नहीं पीता।

भाषा के कवियों ने मान रखा है कि वह जो बोली बोलता है सो 'पी कहाँ, पी कहाँ' इस प्रकार पुकारा करता है। इसकी बोली कामोद्दीपक तथा विरहवर्धक मानी गई है। चातक-विषयक कुछ सूक्तियाँ दी जाती हैं—

बप्पीहा, पिउ पिउ भणवि कित्तिउ रुवहि हयास।
तुह जले महु पुणु वल्लहउ बिंहु वि न पूरिअ आस॥ १॥

बप्पीहा, कइँ बोल्लिएण निघिण वारइ वार।
सायर भरियइ विमल जलि, लहहि न एक्कइ धार॥ २॥

(हेमचंद्र)

चातक सुतहि पढ़ावहो आन नीर मति लेइ।
मम कुल यही सुभाव है स्वाति-बूँद चित देइ॥ १॥
पपिहा पन कौ ना तजै तजै तो तन बेकाज।
तन छूटै है कछु नहीं पन छूटे है लाज॥ २॥
पपिहा कौ पन देखि करि धीरज रहै न रंच।
मरते दम जल में पड़या तऊ न बोरी चंच॥ ३॥
ऊँची जाति **पपीहरा** पियै न नीचा नीर।
कै सुरपति कौ जाँचई कै दुख सहै सरीर॥ ४॥

(कबीर)

पपैया प्यारे कद को बैर चितारयो
मैं सूती छी अपणे भवन में पिउ पिउ करत पुकारयो।
दाधो ऊपर लूण लगायो हिवड़े करवत सारयो॥ १॥
पपीहा रे पिउ को नाँव न लेइ।
काइक जागै विरहिणी रे पीउ कहाँ जिउ देइ॥ २॥

पपइया रे पिउ की बाँणि न बोल ।
सुणि पावैली विरहणी रे थारी रालैली पाँख मरोड़ ॥
चाँच कटाऊँ **पपइया** रे ऊपर राळूँ लूँण ।
पिउ मेरा मैं पोउ की रे तूँ पिउ कहै स कूँण ॥ ३ ॥

(मीराँ)

ज्यों चातक बस स्वाति-बूँद के तन के बस ज्यों जीय ।
सूरदास, प्रभु, अति बस तेरे समुझि देखि धौं हीय ॥ १ ॥

सखी री चातक मोहि जिआवत ।
जैसेहि रैन रटति हौं पिय पिय तैसेहि सो पुनि पुनि गावत ॥
अतिहि सुकंठ नाँउ प्रीतम को ताहि जीभ मन लावत ।
आपु न पिवत सुधा-रस सजनी बिरहिनि बोलि पिआवत ॥ २ ॥

चातक न होइ, कोउ बिरहिनि नार ।
अजहूँ पिय पिय रजनि सुरति करि झूठेहि माँगत बारि ॥
अति कृस गात, देखि सखि, याको अहनिसि रटत पुकारि ।
देखो प्रीत बापुरे पसु की मानत नाहिंन हारि ॥ ३ ॥

हौं तो मोहन के बिरह जरी, तू कत जारत ?
रे पापी, तू पंखि **पपीहा**, पिउ पिउ पिउ अधराति पुकारत ॥
सब जग सुखी, दुखी तू जल बिन, तऊ न तन की बिथा बिचारत ।
सूर, स्याम बिन ब्रज पर बोलत, हठि अगिलोऊ जनम बिगारत ॥

(सूर)

जो, घन, बरखै समय-सिर, जो भरि जनम उदास ।
तुलसी, याचक चातकहि तऊ तिहारी आस ॥
उपल बरखि, गरजत तरजि, डारत कुलिस कठोर ।
चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर ?
मान राखिबो, माँगिबो, पिय सों नित नित नेहु ।
तुलसी, तीनिउ तब फबै, जब चातक मन लेहु ॥

प्रीति **पपीहा**-पयद की प्रगट नई पहिचानि।
जाचक जगत कनाउड़ो, कियो कनौड़ो दानि॥
बधिक बध्यो, पर्‌यो पुन्य जल, उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक-प्रेमपट मरतहुँ लगा न खोंच॥

(तुलसी)

दादुर-मोर-किसान-मन लग्यौ रहै घन माँहि।
पै रहीम चातक रटनि सरवरि को कोउ नाँहि॥

(रहीम)

अरे **पपैया** बावरा, आधी रात न कूक।
होळे होळे सुलगती, सो तैं डारी फूँक॥
पीहू पीहू करणरी बुरी, **पपीहा**, बाँण।
थारो सहज सुभाव ओ, म्हाँरे लागै बाण॥

(राजस्थानी सुभाषित)

आसाढ—चातक का वर्णन वर्षा ऋतु में किया जाता है। वह वर्ष भर प्यासा रहता है, वर्षा के आने पर उसे प्यास बुझाने की आशा होती है (आषाढ़ से वर्षा का आरंभ माना जाता है)। आषाढ़ में ही चातक को मेघ का प्रथम दर्शन होता है, अतः वह जोरों से पुकारने लगता है।

विरहणि—सं० विरहिणी। अन्य रूप—विरहिण-विरहिणि-विरहिणी, विरहण-विरहणी।

दूहा २७

नइ—सं० अन्यत्; अन्य रूप—अनइ-अने। जोधपुरी और गुजराती में ने और अने 'और' के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। बीकानेरी आदि में और का प्रयोग होता है।

दुहुवाँ—दुहूँ=दोनों। आँ विकारी रूप का प्रत्यय है जो यहाँ वाँ हो गया है। संबंध कारक का चिह्न लुप्त।

सहाव—सं० स्वभाव; प्रा० सहाव। अन्य रूप—सुहाव सुभाव, सभाव।

जब—बोलचाल की राजस्थानी में जद आता है।

घण—सं० घन; प्रा० घण।

प्रियाव = प्रिय + आव = हे प्रिय, तू आ। आव आवणो क्रिया का आज्ञा का रूप है। न शब्द के साथ आवणो क्रिया की भी संधि हो जाती है। जैसे—संदेसा ही **नाविया** (दूहा १४०)।

कवियों ने पपीहे की बोली के कई अर्थ लिए हैं—(१) पी पी, (२) पी कहाँ, पी कहाँ, (३) पी आव, पी आव।

दूहा २८

गउख—सं० गवाक्ष।

सिरि—यह शब्द अधिकरण-प्रत्यय 'पर' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। कबीर ने इसका ऐसा प्रयोग कई स्थलों पर किया है। जैसे—

विरहिणि ऊभी पंथ-**सिरि** पंथी पूछै धाइ।
एक सबद कहु पीव का कबर र मिलैंगे आइ॥

ऊँचइरी—ऊँचउ + एरउ। स्त्रीलिंग। एरउ या एरो प्रत्यय स्वार्थ में लगता है। मिलाओ—वेगइरउ (दूहा १३४) आघेरउ (दूहा ६३)।

मत ही = कहीं न।

साहिब—अरबी साहब। कविता में यह शब्द प्रियतम या पति के अर्थ में आता है। आजकल यह आदरार्थ संबोधन में प्रयुक्त होता है और यूरोपवासी के अर्थ में भी आता है। अन्य रूप—सायब, सा'ब (आधु०)।

बाहुड़इ—बाहुड़णो क्रिया का संभाव्य भविष्य। बहुड़णो और बाहुड़णो एक ही अर्थ में आते हैं। ये संभवतः बहु से निकले हैं। कुमारपाल-प्रतिबोध में बाहुडिअ शब्द गए हुए के अर्थ में आया है।

कोष में इसे देशी शब्द कहा गया है। मिलाओ—हिं० बहुरि, बहुरना।

को—सं० कोऽपि; प्रा० कोवि; राज० कोइ, कोई। अंतिम इ छंद की सुविधा के लिये लुप्त कर दिया गया है।

गुण—इस शब्द के बात, प्रेरणा, बूता, शक्ति, प्रकार आदि कई अर्थ होते हैं। देखो—दूहा ४९१ और ६४४।

आवइ—संभाव्य भविष्य। कविता में संभाव्य भविष्य और वर्त्तमान कालों के रूप एक से होते हैं।

चीत—चीत आवणो का अर्थ याद आना है। चीत (चौंत भी) संभवतः चित् से बना है। मिलाओ—चाँतणो = मन में लाना, सोचना और चिँतारणो = याद करना।

दूहा २८

पाज—तालाब के चारों ओर मिट्टी जमा करके जो ऊँचो भूमि बना दी जाती है उसे राजस्थानी में पाज या पाळ कहते हैं। हिंदी में इसके लिये पार शब्द आता है। उदाहरण—

बाई ऊभी सरवर-**पाळ** ऊँची चढै नीची ऊतरै।

(नरसी मेहतेरो माहेरो)

दूहा ३०

सोरठा—राजस्थानी में सोरठा दूहे का ही भेद माना जाता है। इसे सोरठियो दूहो कहते हैं। यह सोरठ देश का छंद है। करुण-रस में इस छंद का अधिकतर प्रयोग किया जाता है। सुभाषित प्रसिद्ध है—**सोरठियो** दूहो भलो, भलि मरवणरो बात।

चोर—अर्थात् दुष्ट, छिपकर सतानेवाला।

चाँच—सं० चंचु; हिं० चोंच। अन्य रूप—चंच, चाँच, चूँच।

कटाविसूँ—कटावणो का सामान्य भविष्य, उत्तम पुरुष, एक-वचन। कटावणो काटणो का प्रेरणार्थक है।

ज—यह अव्यय पाद-पूर्त्यर्थ या जोर देने के लिये जोड़ दिया जाता है।

दीन्हो—प्रा० दिण्ण; देवणो क्रिया का (अनियमित) सामान्य भूत काल स्त्रीलिंग का रूप। अन्य रूप—(अनियमित) दिध्ध, दीध, दीधो-धी, दीन्ह। (नियमित) दियो-दी।

लोर—मिलाओ—हिं० लोरी।

प्री—सं० प्रिय।

दूहा ३१

निल—सं० नील।

पंखिया—पंख + इया (वाला अर्थ का तद्धित प्रत्यय)। निल-पंखिया निलपंखियो का संबोधन है।

मगरि—सं० मुकुल (=देह); प्रा० मउळ, मगुळ। राजस्थानी में मगर पोठ को कहते हैं।

रेह—सं० रेखा; प्रा० रेहा; अंतिम स्वर का लोप।

मति—देखो—ऊपर दूहा नं० २८।

पावस—सं० प्रावृष्; प्रा० पाउस।

तळफि—सं० तप् (?); प्रा० तळप्प। प्राकृत पिंगल-सूत्र में यह तळप्प शब्द आया है।

जिउ—सं० जीव; प्रा० जीअ; अप० जीउ। अन्य रूप—जिव, जिय, जी, जिया।

देह—देवणो का संभाव्य भविष्य। ह पाद-पूर्त्यर्थ जोड़ा गया है अथवा देय के य का स्थानापन्न है।

दूहा ३२

तर—फारसी = हरा।

तइँ—प्रा० अप० तइँ। देखो—दूहा २०।

किउँ—क्यों। देखो—दूहा २०।

चकोर—भारतीय साहित्य में जिन पक्षियों को अधिक महत्त्व दिया गया है वे चक्रवाक, चातक और चकोर हैं। चकोर साधारण तीतर से कुछ बड़ा होता है। हिंदी-शब्दसागर में उसे एक प्रकार का बड़ा पहाड़ी तीतर कहा गया है। यह नैपाल, नैनीताल तथा पंजाब और अफगानिस्तान के पहाड़ी जंगलों में मिलता है। इसके ऊपर का रंग काला होता है जिस पर सफेद सफेद चित्तियाँ होती हैं। पेट का रंग कुछ सफेद होता है। चोंच और आँखें रक्तवर्ण होती हैं। यह झुंड में रहता है और वैशाख-ज्येष्ठ में बारह बारह अंडे देता है। इसके पंख बहुत ही नयनाभिराम होते हैं।

प्राचीन समय में राजा लोग इसे पाला करते थे और भोजन के समय खाद्य पदार्थ इसे दिखाकर खाते थे। यदि उनमें विष होता तो चकोर की दृष्टि पड़ते ही उसकी आँखें रक्तवर्ण हो जाती थीं और वह मर जाता था।

चकोर चाँदनी का बड़ा प्रेमी होता है। वह चंद्रमा की ओर टकटकी लगाकर बराबर देखा करता है। उसके विषय में प्रवाद है कि वह जलती हुई चिनगारियाँ खा जाता है। एक पक्षी-प्रेमी सज्जन का कहना है कि उन्होंने चकोर को पत्थर के कोयले की जलती हुई चिनगारियाँ खाते देखा है। साहित्य में चकोर के विषय में बहुत सी सूक्तियाँ हैं। कुछ नीचे दी जाती हैं—

चित दै देखि **चकोर**-त्यों, तीजैं भजै न भूख।
चिनगी चुगै अँगार की, चुगै कि चंद-मयूख॥

शीत ऋतु का वर्णन—

लगत सुभग सीतल किरन, निसि-सुख दिन अवगाहि।
माह ससी-भ्रम सूर त्यों रहत **चकोरी** चाहि॥
(बिहारी)

तैं, रहीम, मन आपुनो कीन्हो चारु **चकोर**।
निसि-बासर लाग्यो रहै कृष्णचंद्र की ओर॥
(रहीम)

दूहा ३३

बाढत—बाढणो राजस्थानी में काटने या चीरने के अर्थ में आता है। अत वर्त्तमान का प्रत्यय है। अन्य रूप—बाढंत। नियमित रूप—बाढइ (बाढै) है।

दइ—पूर्वकालिक। पूर्वकालिक प्रत्यय कभी कभी लुप्त हो जाता है। अन्य रूप—देइ-देई (कविता में)

लूण—सं० लवण; हिं० लौन।

मेरा—खड़ी बोली का प्रभाव। राजस्थानी व्याकरण के अनुसार मेरो होना चाहिए।

स—सो का संक्षिप्त रूप।

कूण—अप० कवण; हिं० कवन, कौन। अन्य रूप—कुण, कौण। वि० ऐसा ही भाव मीराँ के एक पद में आया है। देखो—दूहा २६ की टिप्पणी में उद्धृत मीराँ का तीसरा भजन।

दूहा ३४

रत—सं० रक्त; प्रा० रत्त, रात।

बोलइ—मीठे मीठे शब्द बोलकर विरह को जगाता है अतः।

काइ—सं० किं। अन्य रूप—का, कइ, कै (देखो—दूहा ६६०)। इसका अर्थ या होता है। मिलाओ—हिं० क्या तो, यह, क्या यह।

लवंतउ—लवणो का वर्त्तमान कृदंत, सं० लप्; प्रा० लव।

माठि—सं० मष्ट; प्रा० मट्ठ। मिलाओ—मष्ट करहु, अनुचित, भल नाहीं। (तुलसी)

करि—करणो का आज्ञा का रूप।

परदेसी—परदेश-वासी; प्रवासी।

आँणि—आणनो क्रिया का आज्ञा का रूप। सं० आ+नी; प्रा० आण। वि०—परदेशी शब्द के पहले 'काइ' (=या) शब्द लुप्त है।

दूहा ३५

काइक—काइ+इक=कोई एक। यहाँ एक अनिश्चय के अर्थ में आया है। मिलाओ—केतीहेक (दूहा ६४६)। इस एक का कभी कभी क ही शेष रह जाता है। जैसे—आधीक रात=आधी-एक रात (कोई आधी रात, लगभग आधी रात)।

कह्याँ—मिलाओ—हि० कहे (=कहने से या कहने पर)। कह्यो का बहुवचन विकारी रूप।

देह—संभाव्य भविष्य सामान्य भविष्य के अर्थ में अथवा देसी—देही इस सामान्य भविष्य का संक्षिप्त रूप।

दूहा ३६

डूँगर-दहण—अपने मर्म-भेदी स्वर से पर्वतों में भी ज्वाला उठा देनेवाला। जिसके करुण शब्द से पर्वत जैसी कठोर चीजों में भी ज्वाला उत्पन्न हो जाय वह यदि विरही-हृदय को जलन से विकल कर दे तो कौन बड़ी बात है!

छाँडि—प्रा० छड्ड, छंड। आज्ञा का रूप। अन्य रूप—छंडणो, छाडणो, छोड़नो। बोलचाल में छोड़नो प्रयुक्त होता है।

हमारउ—प्रा० अम्ह+रउ (संबंध चिह्न)। हमारो व्रज में तथा हमारा हिंदी में आता है। राजस्थानी के अपने रूप महारउ, म्हारउ हैं।

पुकारियउ—पुकारणो क्रिया अकर्मक और सकर्मक दोनों प्रकार से प्रयुक्त होती है।

दूहा ३७

भए—व्रज का रूप, राजस्थानी रूप 'भया' होगा।

मारू इ०—मिलाओ—चातक न होइ ए विरहिनि नार।

(सूर)

(पूरा पद ऊपर दूहा २७ की टिप्पणी में देखो।)

दूहा ३८

बोलर—बोलण चाहिए। बोलणो + अण। मिलाओ—हिं० बोलने।

कंता—कंत का संबोधन; कंत, कंतो, कंता तीनों रूपों में प्रयुक्त होता है।

नवि—इसके अर्थ न और नहीं तो (=अन्यथा) दोनों होते हैं।

कीधउ—सं० कृत; प्रा० किद्ध; सामान्य भूत, पुँल्लिंग, एकवचन का अनियमित रूप।

जोर करणो—प्रबल होना, पूरे बल पर होना, पूर्णत्व को पहुँचना, मन में प्रियतम के लिये तीव्र भावनाओं का उत्पन्न होना।

दूहा ३९

गहक्किया—गहक्कणो का सामान्य भूत, पुँल्लिग, बहुवचन। कविता में मात्राएँ पूरी करने के लिये कभी कभी अक्षर को द्वित्त कर देते हैं। गहकना=चाह या उमंग से भरना, ललकना, उमंगित होना (उमंगित होकर बोलना भी)।

मूँक्या—मूँकणो का सामान्य भूत, पुँल्लिग, बहुवचन। सं० मुच्; प्रा० मुंच, मुक्क; राज० मुक्क या मुंक। मिलाओ—गुज० मूँकवुँ। इसका अर्थ छोड़ना होता है। लक्षणा से 'दे देना' अर्थ है।

धणियाँ—धणी का बहुवचन विकारी रूप। कर्म का प्रत्यय लुप्त। धणी का अर्थ पति और मालिक होता है। मिलाओ—हिं० धनी (द्वार **धनी** के पड़ रहे धका **धनी** का खाइ—कबीर)।

धण—यह शब्द राजस्थानी में नायिका, स्त्री, प्रेयसी इन अर्थों में आता है। इसका पुँल्लिग धणी है जो धण से ही बनाया गया है।

इसकी व्युत्पत्ति सं० धन्या से की गई है पर सं० धन से भी हो सकती है। पुराने जमाने में स्त्री को भी एक प्रकार का धन ही समझा जाता था। इसका पुँल्लिग धणी संभवतः धनिन् (धन-वाला—स्त्रीवाला) से बना हो। इसका प्रयोग अपभ्रंश-काल से मिलता है। राजस्थानी में तो यह बहुत आता है। आधुनिक गीतों में भी इसका प्रयोग खूब होता है। कबीर और जायसी में भी यह आया है। पीछे दूहा ८ में यह सामान्य रूप में स्त्री के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। प्रयोगों के उदाहरण—

ढोला सामळा **धण** चंपावण्णी। (८-४-३३०)
सामि-पसाउ, सलज्जु पिउ, सीमा-संधिहिँ वासु।
पेक्खिवि बाहु-वलुल्लडा **धण** मेल्लइ णीसासु॥ (८-४-४३०)
(हेमचंद्र)

धन मैली, पिउ ऊजला, लागि न सक्कौं पाइ। (५-३६)
(कबीर)

(१) **धनि** सूखै भरे भादौं माँहा। अबहुँ न आएन्हि सींचेन्हि नाहा।

(२) बरस दिवस **धनि** रोइकै हारि परी चित झंखि।
मानुस घरि घरि बूझिकै बूझै निसरी पंखि॥
(जायसी—नागमती-वियोग-खंड १७)

(१) उदियापुरसूँ बीज मँगाय, ओ **धण** वारी रे हंजा।
जोधाणेरी बाड़्याँ में नींबू नीपजै ओ राज॥
माखणियारी पाळ बँधाय, ओ **धण** वारी रे हंजा।
दूधाँ ने सींचावो ढोलाजीरो नींबूड़ो ओ राज॥

(२) **धण** रे आँगण बाग लगावो
सायब मिलणेरे मिस आवो।

(३) थाँने आय पुजास्याँ गणगोर,
सुंदर **धण**, जाबा दो जी।

(४) आवो,ए कुरजाँ, बैठो म्हाँरी पास, कुणांरी तो भेजी अठे आई जी म्हाँरा राज। थाँरी धणरी तो भेजी अठे आई जी थारी धणरा कागद साथ; भँवर, थे बाँच लेवो जी म्हाँरा राज।

(राजस्थानी गीत)

सालण—सालणे का तुमंत रूप; हिं०—सालने। सालणो = सं० शल्य; प्रा० सल्ल।

वूठैतौ—वूठणो + ऐतौ (वर्त्तमान कृदंत का प्रत्यय)। अन्य रूप—वूठतो, वूठतो। व्याकरण के अनुसार यहाँ विकारी रूप वूठैते होना चाहिए।

दूहा ४०

गुणिय—सं० गुणी।

सगळाँ—सं० सकल; प्रा० सगळ, सयल; राज० सगळो। विकारी रूप। संबंध का प्रत्यय लुप्त।

ऊछव – सं० उत्सव; प्रा० उच्छव।

दूहा ४१

ऊनमि इ०—मिलाओ–**ऊँनवि** आई बादली बरसण लगे अँगार।

(कबीर)

बद्दळो —अन्य रूप—बादळो। बादळ की व्युत्पत्ति कुछ लोग सं० वार्दल से करते हैं और कुछ लोग उसे देशी शब्द बनाते हैं। हेमचंद्र ने देशी कहा है।

प्रयोग—

ओ गोरी मुह णिज्जिअउ **वद्दलि** लुक्कु मियंकु।
अन्नुवि जो परिहविय-तणु सो किवँ भँवइ निसंकु॥

(८—४—४०१)

चित्त—चित्त में (या स्मृति में)—दूहा २८।

यो—इसकी संज्ञा मेह है। बदली को माना जाय तो या होना चाहिए।

दूहा ४२

दिसइँ—इँ अधिकरण-प्रत्यय है, अन्य प्रत्यय ए, इ।

मेड़ी—प्रा०। देखो—मेडय। मिलाओ—तस्स य सयणट्ठाणं संचारियकट्ठमेड्यसुवरिं (सुपाहनाहचरिअं पृ० ३५१)।

जीवसे—जीवणो का सामान्य भविष्य। से भविष्य का प्रत्यय है। अन्य प्रत्यय—सी, सइ, स्सइ। आधुनिक बोलचाल की राजस्थानी में सी (जीवसी) प्रत्यय प्रयुक्त होता है। कई मुसलमान जातियाँ से का भी प्रयोग करती हैं। देहाती बोली में भी से प्रायः आता है। जैसे—जासे।

सनेह—सनेही। तुक के लिये अंतिम स्वर का लोप किया गया है। अथवा विशेषण के लिये संज्ञा प्रयुक्त की गई है।

दूहा ४३

काळी कंठळि—काली गोलाकार घटा। देखो—दूहा ५२१।

दूहा ४५

मिलउँली—मिलणो का सामान्य भविष्य, उत्तम पुरुष, एक-वचन, स्त्रीलिंग। राजस्थानी में भविष्यकाल के चार-पाँच प्रकार के रूप होते हैं। मिलसूँ-मिलूँला (इनमें लिंग-भेद नहीं होता), मिलूँली, मिलूँगी (इनमें लिंग-भेद होता है)।

दूहा ४८

टबक—नगाड़े आदि का शब्द।

भावार्थ—दादुर, मोर और मेघ का शब्द मानो नगाड़े की आवाज है और बिजली, जो चमक रही है, मानो तलवार है। इस प्रकार मानो कोई सेना उस विरहिणी पर चढ़ी आ रही है।

दूहा ४८

किँगार—कगार; यहाँ सरोवर आदि के किनारे।

दूहा ५०

नीळज्जियाँ—निर्ल्लज्जा, यहाँ विशेष्य के साथ साथ विशेषण को भी बहुवचन किया गया है। साधारणतया तथा गद्य में ऐसा नहीं किया जाता (ओकारांत पुँल्लिंग विशेषण इस नियम के अपवाद हैं)।

मधुरइ मधुरइ—जोर जोर से गरजकर विरह-वेदना को न जगा किंतु अपनी धीमी धीमी मीठी आवाज से लोरी की भाँति उसे धीरे धीरे सुला दे।

दूहा ५१

काइ—सं० कापि, प्रा० कावि।

कुरळी—कुरळनो क्रिया का सामान्य भूत, स्त्रीलिंग, एकवचन। कुरलना राजस्थानी का एक बड़ा ही भावपूर्ण शब्द है। इसका प्रयोग विशेषत: क्रौंच, चातक, सारस, कोयल, मयूर आदि के करुण किंतु मधुर शब्द के अर्थ में होता है। उदाहरण—

(१) हूँ चातक ज्यूँ **कुरळाऊँ** जी।
कछु बाहर कहि न जणाऊँ जी॥

(२) मोर असाढाँ **कुरळहे** घन चात्रग सोई हो।

(मीराँबाई)

सरवर सँवरि हंस चलि आए।
सारस **कुरळहिं**, खँजन देखाए॥

(जायसी—नागमती-वियोग-खंड)

अंबर कुंजाँ **कुरलियाँ** गरजि भरे सब ताल। (कबीर)

उवै—साधारण रूप वै है। मिलाओ—हिं० वे, अगला दोहा देखो।

मेळो—मिलाईं, बंद कीं। अंखि मेळी=सोई।

दूहा ५२

कहिजइ—कहणो का कर्मवाच्य; आधुनिक रूप—कहीजै। अन्य रूप—कहियइ-यै।

पसू—पशु की भाँति विवेक-रहित।

केरा—केरो का बहुवचन। केरो संबंध का प्रत्यय है।

प्रा० केर; अप० केरअ। इसी से राजस्थानी रो, बँगला एर, व्रज को, एवं हिंदी 'का'—ये संबंध-प्रत्यय बने हैं।

अणुराव—अनु + रव = पीछे पीछे बोलना। वैसा ही शब्द करना। अणुराव गूँज को भी कहते हैं।

दूहा ५३

तिणका—बहुवचन = उनके।

जिणकी इ०—अर्थात् जो प्रियतम से बिछुड़ जाते हैं वे सदा इसी प्रकार करुण शब्द से रोया करते हैं जो चारों ओर फैलकर गूँजने लगता है। मिलाओ—

अंबर कुंजाँ कुरलियाँ गरजि भरे सब ताल।
जिनिपै गोबिद बीछुटे तिनिकै कवन हवाल॥
अंबर घनहर छाइया बरसि भरे सब ताल।
चातक ज्यौं तरसत रहै तिनिकौ कवन हवाल॥
(कबीर)
कुरझड़ियाँ कुरळा रही, गूँजि उठे सब ताल।
जिनकी जोड़ी बीछड़ी तिनका कोण हवाल॥
(राजस्थानी सुभाषित)

दूहा ५४

कूँझड़ियाँ—सं० क्रौंच; प्रा० कुंच, कोंच; राज० कुंज-कूँज, कुंझ-कूँझ, कुंझ-कूँझ, कुंझो-कूँझो, कुरज, कुरझ-कुरझो, कुंजड़ी-कुंझड़ी-कूँझड़ी-कूँझड़ो। अनुवाद में इसका अर्थ कुररी दिया गया

है, जो ठीक नहीं है। हिंदी में इसको करौंकुल कहते हैं। यह सारस की जाति का पक्षी होता है और सरोवर आदि के जल के किनारे रहता है। यह झुंड बनाकर आकाश में उड़ता है। इसका स्वर बड़ा ही करुण होता है। राजस्थानी साहित्य में यह पक्षी चातक की ही भाँति महत्त्वपूर्ण है। चातक राजस्थान में नहीं होता, क्रौंच होता है अतः उसका महत्त्व और भी अधिक है। क्रौंच के करुण रुदन ने ही भारतीय काव्य-रचना को जन्म दिया। आदिकवि वाल्मीकि की कवित्व-शक्ति का आकस्मिक स्फुरण एक क्रौंच पक्षी के व्याध द्वारा निहत अपने प्रियतम के प्रति करुण रुदन को सुनकर ही हुआ था और भारतीय साहित्य की उस प्रथम काव्य-कृति ने क्रौंच को अमर कर दिया है—

मा,निषाद, प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंच-मिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

क्रौंच के बच्चे निर्मल श्वेत वर्ण के होते हैं। स्त्रियों के गौर वर्ण से उनकी उपमा दी जाती है (कूँझ-बचाँ गोरंगियाँ खंजर जेहा नेत—दूहा ४५७)। कहते हैं कि कुंज पक्षी अपने बच्चों को छोड़कर जब चुगने जाता है तब वहाँ से उनको बराबर पुकारता रहता है और बच्चे भी बराबर गर्दन ऊँची किए उसकी प्रतीक्षा करते रहते हैं (देखो—दूहा २०२ से २०५)। कबीर ने भी इस भाव का एक दोहा कहा है (देखो—दूहा २०२ की टिप्पणी में अवतरण)। उदाहरण—

तूँ छै ए, कुरजाँ, भायेली, तूँ छै धरम की बहण।
एक सँदेसो, ए बाई म्हारी, ले उडो, ए म्हारी
राज, कुरजा, म्हारा पीव मिला दे ए॥
(राजस्थानी गीत)

करळव—सं० कलरव। यह शब्द प्रायः मधुर किंतु करुण शब्द के अर्थ में आता है।

वणेहि—वण (सं० वन) + एहि (अधिकरण-प्रत्यय)।

द्रह—सं० ह्रद, द्रह; प्रा० दह।

दूहा ५५

दरंगि—दरंग + इ। दरंग = सं० दुर्ग। अन्य रूप—द्रंग, दुग्ग। अपभ्रंश और राजस्थानी में कभी कभी आगे का द्वित्त वर्ण Single कर दिया जाता है और मात्रा पूरी करने के लिये पूर्व वर्ण को सानुस्वार कर दिया जाता है। कुछ विद्वान् यह मानते हैं कि पुराने लेखक द्वित्त अक्षर लिखने का परिश्रम बचाने के लिये पूर्व अक्षर पर अनुस्वार का सा एक चिह्न कर देते थे (मिलाओ—उर्दू का तसदीद), वही बाद में भ्रम से अनुस्वार हो गया। मक्कड का मंकड हो गया, द्रग्ग का द्रंग, इसी प्रकार और भी।

करवत—सं० करपत्र; प्रा० करवत्त।

बूही—बूहणो क्रिया का सामान्य भूत, स्त्रीलिंग, एकवचन। राजस्थानी में वहणो (हिं० बहना) क्रिया चलना के अर्थ में आती है। कविता में तथा कुछ देहाती बोलियों में यह क्रिया बुहणो और बूहणो के रूप में भी प्रयुक्त होती है। प्रयोग—

जिण मारग कंहर **बुहो** लागो वास तिणाँह।
ते खड़ ऊभा सूकसी नहि चरसी हिरणाह॥
(राजस्थानी सुभाषित)

दूहा ५६

बइसि—बइसणो का पूर्वकालिक। बइस = सं० उपविश्; प्रा० बइस। राजस्थानी में बैसणा और बैठणो दोनों रूप आते हैं।

सारहली—सं० शल्य; प्रा० सल्ल, साल; राज० सार। हली ऊनवाचक प्रत्यय। बढ़ई के छेद करने के औजार को सार कहते हैं।

सल्हियाँ—मिलाओ—हिं० सालना।

दूहा ५७

समंदाँ—समुद्रों के, यहाँ जलाशय के।

वींट—(१) सं० वृंत; प्रा० विंट=फल-पत्तों आदि के डंठल या बंधन। (२) सं० विष्ठा। पक्षियों की विष्ठा को राजस्थानी में बींट कहते हैं। वि०—(ख) प्रति का बैठ (=बैठकर) पाठ स्पष्टतर है।

जामोपत्त—जाम (सं० जन्म; प्रा० जम्म) + उपत्त (सं० उत्पत्ति)। इस शब्द का ठीक अर्थ स्पष्ट नहीं है।

माँझिम रत्त—सं० मध्यम रात्रि=आधी रात।

दूहा ५८

कळिअव—सं० कलकल; प्रा० कलयल।

वाइ—सं० वायु।

त्याँ—विकारी रूप, कर्म का प्रत्यय लुप्त=उनको।

दूहा ५९

पइलइ—हिं० परला; राज० पैलो; गुज० पेलुं।

वूहा—(१) देखो दूहा ५५ में बूही। (२) सं० वृष्ट; राज० वूठो, वूहो।

सोरठा ६०

आवी—आवणो का पूर्वकालिक। आवी वहइ संयुक्त क्रिया है—आकर बहती है=आ बहती है (आ निकलती है)।

एकणि—एकण + इ (अधिकरण-प्रत्यय)। ण प्रत्यय स्वार्थ में लगता है। एकण का अर्थ 'एक ही, अकेला' भी होता है।

दूहा ६१

आडा—यह विशेषण बीच में क्रिया-विशेषण का काम देता है।

वणइ—वणनो का वर्त्तमानकाल; हिं० बनता है।

जाणइ—जाणो कृदंत संज्ञा का विकारी रूप, संबंध-प्रत्यय लुप्त = जाने की।

भत्त—हिं० भाँति; राज० भाँत = प्रकार, उपाय।

वणइ इ०—अन्यार्थ—बीच में वन हैं, उन वनों में जाने का अर्थात् वनों को पार करने का उपाय नहीं है।

संदइ—संदउ का विकारी रूप। संदउ (संदो) राजस्थानी में संबंध का प्रत्यय है। ऐसा ही दूसरा प्रत्यय हंदो है। इसकी व्युत्पत्ति प्रा० सुंतो से की जाती है।

हिलूसइ—हिलूसणो का वर्त्तमानकाल। सं० उल्लस्।

दूहा ६२

द्यउ नइ—मिलाओ—हिं० दे न।

विनउ—मिलाओ—हिं० बाना।

लंघी—लंघणो का पूर्वकालिक (लंघ + ई)।

मिलउँ—अन्य रूप—मिलौं, मिलूँ।

दूहा ६३

आघेरि—सं० अग्र; प्रा० अग्ग; राज० आगो, आघो। एरो स्वार्थिक प्रत्यय है। मिलाओ—वेगेरो, ऊँचेरो।

दूहा ६४

उपराठियाँ—पीठ किए हुए। देखो—दूहा ३५० और ३६३।

नइ—कर्म का प्रत्यय। वर्त्तमान रूप—ने। अन्य रूप—नूँ। इनके अतिरिक्त कूँ, कौं, को, कौ, कहुँ आदि भी प्रयुक्त होते हैं।

कहियाँह—कहना।

दूहा ६५

हवाँ—हुवणो का संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, बहुवचन। अन्य रूप—हुवाँ।

चवाँ—चवणो का संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, बहुवचन। प्रा० चइ।

छाँ—वर्त्तमान काल, उत्तम पुरुष, बहुवचन। पश्चिमी राजस्थानी—हाँ; हिं०—हैं।

पाठविसि—भेजेगी (तो)।

दूहा ६६

थाहरइ—(१) थाहरणो का वर्तमान काल। अन्य रूप—ठाहरणो, ठहरणो। (२) आधुनिक रूप—थारे = हिं० तुम्हारे; गुज० त्हारे।

काजळ—अर्थात् मसि जिससे संदेश लिखा जाय।

गहिलाइ—गहिलाणो का कर्मवाच्य, संभाव्य भविष्य। सं० गृहीत।

कहिवाइ—कहणो का प्रेरणार्थक, कर्मवाच्य, वर्तमानकाल = कहाए जाते हैं। प्रेरणार्थक रूप—कहवाणो, कहावणो, कहाड़नो।

दूहा ६७

गँमार—किसी शिकारी से अभिप्राय है।

आखर—सं० अक्षर; प्रा० अक्खर = प्रेरणा। प्रयोग—

काटी-कूटी माछली छोँके धरी चहोड़ि।
कोइ एक आखिर मनि बस्या, दह मैं पड़ी बहोड़ि॥
(कबीर)

सँमार—अन्य रूप—सँवार, सम्हाल।

दूहा ६८

हुवइ—हुवणो का संभाव्य भविष्य।

मनाँ—मन का बहुवचन, विकारी रूप, कर्म का प्रत्यय लुप्त = मनों को।

बँधाँड़ाँ—बाँधणो का प्रेरणार्थक बँधाड़नो। संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, बहुवचन। अन्य रूप—बँधावणो।

दूहा ७०

भुइ—सं० भू ; जमीन, बीच की जमीन; अतः फासला।

माँगी ताँगी—मिलाओ—हिं० रोटी-ओटी।

दूहा ७१

ई—ही।

किउँ—सं० किम् ; अप० किंव, किवँ। यहाँ किमपि—कुछ का मतलब है।

अवाडू—सं० अपवृत्त (?) = विपरीत।

दूहा ७२

मिळीजइ—मिलना का आज्ञार्थ या कर्मवाच्य = मिलिए या मिला जाता है।

हूँ—अपादान का प्रत्यय। यह दूसरे अपादान प्रत्यय सूँ से बना है। राजस्थानी में स का ह प्रायः हो जाता है। मिलाओ—हिं० हू, हूं।

मेल्हियइ—प्रा० मेल्ल, मिल्ल; आज्ञा का रूप। मेल्हणो क्रिया राजस्थानी में छोड़ना, भूलना, रखना, भेजना आदि अर्थों में आती है।

दिणियर—सं० दिनकर; प्रा० दिणयर।

दूहा ७३

हुंति—हेतुहेतुमद्भूत = होता या होते। अन्य रूप—हुंत, होत, हुता, होता (आधुनिक राजस्थानी)।

दूहा ७४

वज्जइ—(१) सं० व्रज्; प्रा० वज्ज। (२) सं० वा; प्रा० वाय; राज० वाज।

उआँ—ऊ (=वह) का विकारी रूप। कर्म का प्रत्यय लुप्त। अन्य रूप—वाँ।

लाख पसाव—सं० लक्ष+प्रसाद। पुराने जमाने में राजा लोग बहुत प्रसन्न होकर कवियों आदि को कई प्रकार के पुरस्कार देते थे जिनमें लाखपसाव, कोड़पसाव और अड़बपसाव मुख्य हैं। इन नामों का मतलब है प्रसाद या अनुग्रह करके लाख, करोड़ या अरब द्रव्य का दान देना। अड़बपसाव करनेवाले राजा इने-गिने ही हुए हैं। पहले वास्तव में इतना द्रव्य दिया जाता था पर बाद में तो लाख आदि का नाम ही नाम रह गया। यह आवश्यक नहीं था कि पुरस्कार में नकद द्रव्य ही दिया जाय। जागीर, घोड़े, हाथी, वस्त्र आदि भी दिए जाते थे। राजस्थानी साहित्य में नीचे लिखे दानी प्रसिद्ध हैं—

* (१) सिंध का राजा ऊनड़—इसने नौ लाख गाँववाली सिंध की समस्त भूमि एक ही दिन में दान दे डाली।

(२) अजमेर का गौड़वंशी राजा बच्छराज—इसने अड़ब-पसाव (एक अरब द्रव्य) दान किया था।

(३) बीकानेर-नरेश राजा रायसिंह ने सवा करोड़ का दान किया।

(४) बीकानेर के राव लूणकरण का छठा पुत्र करमसी—इसने एक चारण को करोड़ रुपए का दान दिया। जो कुछ पास था वह सब दे चुकने पर भी जब एक करोड़ की रकम पूरी नहीं हुई तब अपने कीरतसी नामक कुँवर को चारण के हवाले कर दिया।

---

* (१) माई एहा पूत जण जेहा ऊनड़ जाम।
दीधी सातूँ सिंध इम जिम दीजै इक गाम॥
(२) देतो अड़बपसाव दन धिनो गोड़ बछराज।
गढ अजमेर सुमेरसूँ ऊँचो दीसै आज॥
(३) कोड़ दीध कमधज कमै, सवा कोड़ यह सींग।
बीकाणो दाता बड़ा उभै हवा अरडींग॥

दूहा ७५

दिऊँ—आधुनिक रूप—दूँ।

मेळइ—मेळनो मिळना का प्रेरणार्थक है।

मुज्झ, तुज्झ—कारक-प्रत्यय लुप्त। वि०—भाव के लिये मिलाओ—

काढि कलेजो मैं धरूँ, रे कौवा, तूँ ले जाइ।
ज्याँ देसाँ म्हाँरो पिव वसै वे देखै तू खाइ॥

दूहा ७६

जागवइ—जागवणो, जागणो का प्रेरणार्थक है। अन्य रूप—जगावणो।

परि—भाँति, ज्यों। मिलाओ—

तिल तिल बरख बरख **परि** जाई। पहर पहर जुग जुग, न सेराई॥
(जायसी)

गावै करि मंगल चढ़ि चढ़ि गउखे मनै सूर सिसुपाल-मुख।
पदमिणि अनि फूलै **परि** पदमिणि, रुखमिणी कमोदणी-रुख॥
(कृ० रु० री वेलि)

दूहा ७७

भाँणो—मिलाओ—हिं० भावनी।

कुँमलाँणो—कुमलावणो क्रिया का सामान्य भूत, स्त्रीलिंग, एक-वचन। अनियमित रूप। मिलाओ—बिकाणी, लजाणी।

दूहा ७८

ऊमा देवड़ी—देवड़ा चौहान राजपूतों की एक शाखा है। ये सोनगरा चौहानों से निकले हैं। आजकल सिरोही का राज्य देवड़ों का है। देवड़ा नाम क्यों पड़ा, इसका ठीक पता नहीं चलता। खातों में लिखा है कि चौहान राजा आसराज के यहाँ देवी रानी

होकर रही और उसके वंशज देवड़े कहलाए। कुछ लोग कहते हैं कि एक राजा का दूसरा नाम देवराज था जिसकी संतान देवड़ा कहलाई। (विशेष देखो, भूमिका)

ऊमा पिंगळ की स्त्री एवं मारवणी की माता थी। कुशललाभ और जोधपुरीय कथानकों में इस काव्य का एक धुर-संबंध (प्रस्तावना या उपोद्घात) भी मिलता है जिसमें पिंगळ और ऊमा के विवाह की कथा दी गई है जो इस प्रकार है—

एक बार राजा पिंगळ शिकार खेलने को गया। वहाँ उसे एक भाट मिला जिसने ऊमा के रूप की बहुत प्रशंसा की। नगर में लौट आने पर राजा ने अपने प्रधान को ऊमा के पिता सामंतसिंह के पास जालोर भेजा और ऊमा को माँगा। ऊमा की सगाई इससे पूर्व गुर्जर-नरेश उदयादित्य (उदयचंद) के पुत्र रणधवल के साथ हो चुकी थी पर ऊमा की माता इस संबंध से संतुष्ट न थी। उसने पिंगळ को कहलवाया कि अमुक अमुक लग्न के दिन तुम आबू यात्रा के बहाने यहाँ आ जाना और हम ऊमा का विवाह तुम्हारे साथ कर देंगे। उधर उक्त लग्न के थोड़े दिन पहले एक दूत लग्न लेकर उदयादित्य के पास भेजा गया। उदयादित्य से दूत ने कहा कि मैं मार्ग में बीमार पड़ गया इसलिये पहले न आ सका। उदयादित्य ने देखा कि लग्न पर बरात नहीं पहुँच सकती पर उसने रणधवल को बरात के साथ रवाना कर दिया। उधर लग्न पर पिंगळ पहुँच गया। जब गुजरात की बरात ठीक समय पर नहीं आई तो ऊमा का विवाह पिंगळ के साथ कर दिया गया क्योंकि तेल चढ़ी हुई कन्या कुमारी नहीं रखी जा सकती। उदयादित्य को यह खबर मिली तो वह बहुत क्रुद्ध हुआ। उसने जालोर को घेर लिया। विवाह के बाद पिंगळ तो पूगळ पहुँच गया पर ऊमा साथ न भेजी जा सकी। इसलिये पिंगळ के प्रधान जेसळ ने एक बैलों की जोड़ी

ऐसी तैयार की जो खूब तेज जाकर लौट आ सके और उदयादित्य के सैनिकों द्वारा पकड़ी न जा सके। उस जोड़ी को गाड़ी में जोतकर वह एक रात को जाळोर गया और ऊमा को ले आया। (विशेष देखो परिशिष्ट में (थ) और (झ) प्रति का प्रारंभिक अंश।)

कहिवा—कहने (के लिये)। अन्य रूप—कहण।

भणी—यह एक प्रत्यय है जो कई कारक-प्रत्ययों का काम देता है। जैसे—

(१) कर्म—जिम पहुँचाँ नव्वर-गढ-**भणी** (को)।

(२) करण—छाना मिळिया भाऊ-**भणी** (से)।

(३) संप्रदान—घणा गरथ दिया तिण-**भणी** (को)।

(४) अपादान—माँगी हूती राजा-**भणी** (से)।

इसके सिवा यह 'प्रति' और 'पास' का भी अर्थ देता है। जैसे—

ऊमावो हूओ तुझ-**भणी** (प्रति)।

नरवरगढ ढोलइ-**भणी** (पास)।

(ये सब उदाहरण कुशललाभ की चौपाइयों के हैं। देखो—परिशिष्ट में (थ) प्रति।)

दूहा ८०

आखय—आखइ। इ का य हो गया है।

दाइ—दाव (?)।

दूहा ८१

साँढिया—साँढ + इया (वाला अर्थ देनेवाला प्रत्यय) = साँढ-वाले, साँढ़नी-सवार। मिलाओ—ऊँटिया (ऊँटवाला, ऊँट का सवार)।

पाठवइ—सं० प्रस्थापम्; प्रा० पट्ठव, पट्ठाव; राज० पाठवणो, पठावणो।

तेड़न—तेड़नो का तुमंत रूप। तेड़ना क्रिया राजस्थानी तथा गुजराती में बुलाने, न्यौता देने के अर्थों में प्रयुक्त होती है।

काजि—हिंदी में भी यह शब्द 'लिये' के अर्थ में आता है।

दूहा ८२

कोा—कोइ। इ लुप्त हो गया है।

सँदेसड़ा—सं० संदेशक; प्रा० संदेस; अप० संदेसडउ; राज० संदेसड़उ (संदेसड़ो)। बहुवचन—ड़ो प्रत्यय स्वार्थ में या अनादर में आता है।

बगड़—(१) राज० बाघड़। (२) बग्गड़ या बागड़ बिना बस्ती के देश को भी कहते हैं। अतः मरुभूमि के जंगल के बीच में।

बिचाहू—बीच में ही। विच्च देशी प्राकृत शब्द है और हू ही का दूसरा रूप है।

दूहा ८३

आवंत—(१) सं० आयांत; प्रा० आवंत। आता हुआ है = आता है। (२) सं० आयांति; प्रा० आवंति। आवत, आवंत ये रूप वर्त्तमानकाल के दोनों वचनों में प्रयुक्त होते हैं।

बेच्या—बेचे हुए अर्थात् बेचे जाने पर। बेच्याँ पाठ हो तो 'बेचने पर' अर्थ होगा।

लाख लहंत—लाख रुपए लाते हैं, लाख रुपयों में बिकते हैं (देखो—दूहा २८० और ३७०)।

दूहा ८४

करे—कर + ए (पूर्वकालिक प्रत्यय)।

दूहा ८६

अचभ्भकइ—अचानक। मिलाओ—हिं० औचक।

खिँवी—चमकी। बिजली के चमकने के लिये यह क्रिया आती है। यह उग्रता सूचित करती है।

संझ—सं० संध्या; प्रा० संझा।

दूहा ८७

सोवन—सुनहरा।

तसु—सं० तस्य; प्रा० तस्स; राज० तास, तस, तसु।

अलत्ता—सं० अलक्तक।

दूहा ८८

सउदागर— इस चरण में एक मात्रा कम है।

लइ मन्न—मन लेकर, अपने अनुकूल पाकर या बनाकर।

दीसइ—सं० दृश्यते; प्रा० दीसइ, दीखती है, देखी जाती है।

रायंगण—सं० राजांगण।

व्रन्न—सं० वर्ण। राजस्थानी में आगे के वर्ण पर का रेफ कभी कभी पूर्व वर्ण के नीचे चला जाता है। अन्य उदाहरण—ध्रम्म (धर्म्म), क्रम्म (कर्म्म), क्रीति (कीर्ति), सोव्रन्न (सुवर्ण), त्रिमल (निर्मल), स्रग (स्वर्ग)।

दूहा ८९

किह—प्रा० अप० किह, किहँ; हिं० कहाँ।

पीहर—पितृगृह।

विगतइ—विगत (ब्यौरा) + इ (करण-प्रत्यय)।

दूहा ९०

पुहकर—पुष्कर नामक स्थान।

दूहा ९२

कन्हे—पास, से।

एकंति—अन्यार्थ—एक।

दाखूँ—दाखणो का संभाव्य भविष्य, उत्तम पुरुष, एकवचन। दाखणो राजस्थानी क्रिया है जो संभवतः आँख के साम्य पर बना ली गई है।

भंति—भाँति ।

दूहा ८३

जिसउ—सं० यादृश; अप० जइस; राज० जिसउ; हिं० जैसा ।

लाखाँ—हिं० लाखों ।

बगसइ—फा० बख्शना ।

भड़—सं० भट ।

सिर—पर, ऊपर ।

दूहा ८४

सुधू—सु + धू (सं० दुहिता; प्रा० धूआ, धूया) । आधुनिक रूप—धी, धीवड़ी ।

ढोळइ तिण—ढोले में और उसमें ।

दूहा ८६

कउ—कोउ । देखो—दूहा ८२ में कां ।

निरति—खबर, सुध ।

तियउ—अन्य रूप—तिको = वह । सो, वो, जो इनकी जगह राजस्थानी में तिको, जिको-जको ये रूप भी आते हैं ।

जिकोइ—जिको = जो । अन्यार्थ—जि = जो + कोइ = कोई ।

दूहा ८७

सुँ—छंद-पूर्त्त्यर्थ ह्रस्व कर दिया गया है ।

कह—कहता है । वर्त्तमान काल ।

छानी—सं० छन्न; प्रा० छण्ण = प्रच्छन्न, गुप्त, छिपा । स्त्रीलिंग ।

से—सो

तथ्थ—सं० तथ्य = रहस्य ।

दूहा ८८

सही—सखी ।

समाँणी—समान उम्र की ।

मल्हपंत—प्रा० मल्ह (=लीला करना)। लीला के साथ धीमे धीमे चलना।

नेड़ी—सं० निकट; प्रा० णिअड, नेड। विशेषण, स्त्रीलिंग।

दूहा ९८

साँभळिया—सं० संभल; प्रा० संभल; गुज० सांभळवुं।

मूक्यउ—सं० मुक्त; प्रा० मुक्क।

दूहा १००

विमासियउ—सं० विमर्श; प्रा० विमस्स।

दूहा १०२

माँगणहार—याचक। यहाँ याचक जाति के पुरुष से अभिप्राय है। चारण, भाट, ढोली, ढाढी आदि याचक जातियाँ कहलाती हैं।

गारा—फारसी गर प्रत्यय, जो संभवतः संस्कृत कार से बना है। राजस्थानी में यह वाला या करनेवाला के अर्थ में आता है। मिलाओ—कामणगारा।

रीझवइ—रीझवणो रीझणो का प्रेरणार्थक है। अन्य रूप—रिझावणो।

ल्यावइ—लावइ का रूपांतर।

दूहा १०३

मोकळि—सं० मुक्त; प्रा० मुक्क, मोक्कल; गुज० मोकळवुं। आज्ञार्थ।

उत्तिम—उत्तम।

मंगता—याचक। आजकल मँगता बुरे अर्थ में प्रयुक्त होता है।

घररा—घर के, अपने।

जगावइ—संगीत द्वारा विरह को उद्दीप्त करें।

दूहा १०४

भेदक—सं० भेदज्ञ।

दूहा १०५

ढाढो—विवाह, जन्मोत्सव आदि शुभ अवसरों पर बधाई आदि के गीत गानेवाले मुसलमान गवैए। प्रयोग—

हौं तो तेरो घर घर को **ढाढी** सूरदास मो नाउँ। (सूर)

श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने हमारे पूछने पर लिखा है—"ढाढी जाति की उत्पत्ति का ठीक ठीक पता नहीं चलता, परंतु अंदाजे से ढाढो शब्द लगभग १६ वीं शताब्दी से काम में लाया जाता है। जब वे इस नाम से पुकारे जाने लगे, करीब करीब उसी समय से मुसलमान हो गए थे। संभवतया पहले वे ढोली या भाट थे; परंतु मुसलमान होते ही वे अपनी जातिवालों से नीची निगाह से देखे जाने लगे और 'ढाढो' कहलाने लगे। ढाढियों और ढोलियों का पेशा एक ही सा है—उत्सवों पर गाना, बजाना, बंदीजन और संदेशवाहक का काम करना। ढाढियों का अब तक यही पेशा है और वे सारे हिंदू रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। वास्तव में मुसलमान तो वे केवल नाम के हैं।"

राजस्थान में अब भी कोई उत्सव या मंगल-कार्य ढाढियों के सहयोग बिना अधूरा ही समझा जाता है। गढ़ों के द्वार पर नौबत और सहनाई यही बजाते हैं। सवारी के समय नगाड़े और तुरही बजाते हुए और विरुद गाते हुए निशान (झंडा) हाथ में लिए घोड़ों या ऊँटों पर चढ़कर वही सबसे आगे चलते हैं। जान पड़ता है, पहले युद्ध-यात्रा के समय भी ऐसा ही होता रहा होगा। वे अपने यजमानों की वीर-गाथाओं को कवितावद्ध भी करते रहे हैं और शांति के समय उनका विरुद बखानकर, संगीत सुनाकर तथा वीरता या प्रेमपूर्ण सुंदर सुंदर कहानियाँ कहकर उनका मनो-

रंजन भी करते रहे हैं। यजमानों का भी उन पर सदा से अटल विश्वास रहा है। राजपूत जाति के इतिहास में युद्ध और प्रेम इन दो बातों का सदा प्राबल्य रहा और ढाढियों ने उनके दोनों प्रकार के कार्यों में पूरा सहयोग दिया है। अब भी इस जाति में बड़े बड़े गुणी, उच्च कोटि के गवैए, सब प्रकार के वाद्य बजानेवाले, कहानी कहनेवाले और अच्छे अच्छे कवि मौजूद हैं। हिंदी के सिद्धहस्त गद्य-पद्य-लेखक मुंशी अजमेरी जी, जिन्होंने आगरा में महात्मा गांधी को अपनी विनोद और हास्यपूर्ण बातों से प्रसन्न किया था और अपने गानों और कथाओं से रिझाया था, इसी जाति के रत्न हैं।

बोलाविया—सं० ब्रू, प्रेरणार्थक; प्रा० बोल्लावइ, बुल्लावइ; हि० बुलाना; राज० बोलणो का प्रेरणार्थक, बोलावणो; सामान्य भूत, पुँल्लिग, बहुवचन। यहाँ यह शब्द 'बुला भेजने' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, 'पुकारने' के अर्थ में नहीं।

ताळ—सं० ताल। ताली बजाने में जितना समय लगता है, उतना समय। क्षण, समय। उदाहरण—

'तिणि **ताळि** सखी गळि स्यामा तेही'। (वेलि १७७)

वागरवाळ—सं० वागर; प्रा० वागर = विद्वान्, पंडित। वाळ प्रत्यय (= हिं० वाला)। प्रत्यय यहाँ पर निरर्थक जान पड़ता है।

विद्याव्यसनी होने के कारण कदाचित् ढाढियों को इस नाम से पुकारा जाता है। धीरे धीरे इस शब्द का अर्थ याचक या गा-बजाकर माँगनेवाला रह गया है।

दूहा १०६

सीख—सं० शिक्षा; प्रा० सिक्खा; हिं० सीख। राजस्थानी में यह शब्द 'बिदा' के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है, जैसा कि इस स्थल पर हुआ है।

मेल्हि—सं० मुच्; प्रा० मेल्ल; राज० मेल्हणो + इ (पूर्वकालिक प्रत्यय)।

तेड़ाविया—सामान्य भूत, पुँल्लिग, बहुवचन। राजस्थानी—तेड़णो + आव (प्रेरणार्थक प्रत्यय) तेड़ावणो + इया; प्रा० तेड्ड; राज० तेड़ा (संज्ञा) = न्यौता, निमंत्रण, बुलावा।

मांगणहार—राज० मांगणो + अण + हार। माँगनेवाला, याचक। मांगण—सं० मार्ग; प्रा० मग्ग; हिं० माँगना। हार (प्रत्यय)—सं० धार; हिं० हार, हारा।

दूहा १०७

दियण—राज० देणो + अण = देने के लिये। सं० प्रा० दा; हिं० देना।

कज्ज—सं० कार्य; प्रा० कज्ज; हि० काज = लिये, के हेतु, निमित्त।

कदे—सं० कदा; प्रा० कदा; हि० कब; राज० कद = किस समय।

चालिस्यउ—(सामान्य भविष्य, मध्यम पुरुष, बहुवचन) सं० चल्, प्रा० चल; हिं० चलना; राज० चालणो।

विहाणइ—(अधिकरण) सं० विभात; प्रा० विहाण = प्रभात में। उदाहरण—निद्दए गमिहो रत्तड़ी दड्ढवड होइ **विहाणु** ॥

(हेमचंद्र ८—४—३३०)

अज्ज—(क्रियाविशेषण) सं० अद्य; प्रा० अज्ज; हिं० आज।

दहा १०८

निसह—सं० निश, निशा; प्रा० निस, निसा = रात्रि में। ह अधिकरण-कारक का चिह्न है। मिलाओ—

जल बिन हंस **निसह** बिन रबू।
कबीरा कौ स्वामी पाइ परिकैं मनैंबू लो।

(२१३—३७६)

म्हे—(सर्वनाम, कर्त्ता कारक, बहुवचन) सं० अस्मत्; प्रा० अम्हे; अप० अम्हइं, अम्हे; हिं० हम।

बहिस्याँ—(भविष्य, उत्तम पुरुष, बहुवचन) सं० वह; प्रा० बह; हिं० बहना = चलेंगे। राजस्थानी में यह शब्द मनुष्यों के अथवा वाहन के मार्ग चलने के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

पंथी—सं० पथिन्; प्रा० पंथिय।

जीव्या—(सामान्यभूत, पुँल्लिंग, बहुवचन) सं० जीव, प्रा० जीव, हिं० जीना = जिए, जीते रहे।

मुया—सं० मृत; प्रा० मुअ, मूअ; हिं० मुए, मर गए तो।

त—(अव्यय) सं० तद् या तु; राज० हिं० तो, त = तब, उस दशा में।

'सतगुर मिल्या त का भया, जे मनि पाड़ी भोल'।

(कबीर)

किसी शब्द पर जोर देने के लिये राजस्थानी में स, त, ज का निरर्थक प्रयोग भी होता है।

दूहा १०८

भगताविया—सं० भुज्, भोग; हिं० भोगना, भुगतना, भुगताना; राज० भोगणो, भोगावणो (प्रेरणार्थक), भुगतणो, भुगताणो, भुगतावणो (प्रेरणार्थक)। राजस्थानी मुहावरे में यह शब्द संदेस के साथ साधारणतः प्रयुक्त होता है; जैसे—'संदेसो भुगतावणो'।

मारू—सं० मरु; प्रा० मरू, मरुअ।

(१) एक राग जिसको **माँड़** भी कहते हैं। इस राग की उत्पत्ति मरुस्थल से ही हुई जान पड़ती है अथवा मारवाड़ में अधिक गाए जाने से इसका नाम 'माँड़' पड़ा, जिस प्रकार पूर्व से 'पूर्वी', सिंध से 'सिंधरा' और सौराष्ट्र से सोरठ। मारवाड़ में अब तक यह

राग सबसे अधिक लोकप्रिय है और उत्सव के अवसरों पर गाया जाता है। 'सोरठ' और 'देश' का भी राजस्थान में बहुत प्रचार है परंतु उतना नहीं जितना माँड़ का

पहले जब राजस्थान भारत का आदर्श युद्ध-क्षेत्र बना हुआ था, तब योद्धाओं को उत्साहित और उत्तेजित करने के लिये इसी राग में त्याग, वीरता और यश के गान गाए जाते थे परंतु ज्यों ज्यों यह देश विलास-भूमि बनता गया और वह उच्च आदर्श भ्रष्ट होकर "दारूड़ा पिओ और मारूड़ा गाओ" तक ही रह गया, त्यों त्यों इस राग ने भी पलटा खाया और इसमें शृंगाररस का प्रवाह बहने लगा। रात्रि के समय जब कोई इस राग में विरह की टेर लगा देता है तो हृदय व्याकुल हो जाता है।

माँड़ संपूर्ण राग है। इसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं। यह श्री राग का पुत्र समझा जाता है। मारवाड़ के गवैए ढोला-मारू के प्रसिद्ध दूहे इस राग में बड़े सुंदर ढंग से गाकर मन को लुभा लेते हैं। माँड़ राग की चीजों में जब तक बीच बीच में दोहे नहीं रहते तब तक उसका मजा अधूरा ही रहता है।

(२) इस शब्द का दूसरा अर्थ मरुस्थल-निवासी भी होता है। जयपुरनिवासी बिहारीलाल कवि ने इस अर्थ में प्रयोग किया है—

मरुधर पाय मतीरहू **मारू** कहत पयोधि। (बिहारी)

आधुनिक राजस्थानी में 'ढोला' की तरह यह शब्द केवल 'नायक' के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है; जैसे—पन्ना मारू, जल्ला मारू। उदाहरण—

आई रे आई, **मारू**, सावणियाँरी तीज, राज सइयाँ,
कसूंबो रे म्हारा गाढा **मारू** ओढियो।
(प्रचलित 'कसूंबो' गीत)

निपाइ—सं० निष्पद; प्रा० णिप्पाअ; राज० निपाणो, नीपाणो, नीपावणो; हिं० निपजाना = बनाकर, रचकर। उदाहरण—

किरि **नीपायौ** तदि निकुटो ए मठ पूतळी पाखाण मै। (वेलि ११०)

तियाँ—सं० तत्; हिं० तिन = उनको। विकारी रूप, कारक-प्रत्यय लुप्त। अन्य रूप—त्याँ।

दूहा ११०

सुहाँमणउ—(विशेषण) सं० शुभ; प्रा० सोह; राज० सोहणो + आँमणो (प्रत्यय)। अन्य रूप—सोहणो, सुहावणो, सुवावणो। मिलाओ—हिं० सुहावना।

पहियाह—सं० पथिक; प्रा० पहिय; राज० पहिय + आ (संबोधन-चिह्न) + ह (पाद-पूर्त्यर्थक) = हे पथिको।

दूहा १११

संदेसा—संदेसाँ होना चाहिए। अनुस्वार का लोप हो गया है। विकारी रूप, करण कारक का प्रत्यय लुप्त।

लख लहइ—सं० लक्ष; प्रा० लक्ख; हिं० लखना; राज० लखणो = जान लेता है। 'लख' धातु है जो लहइ से मिलकर संयुक्त क्रिया बनाता है।

लहइ—सं० लभ; प्रा० लह; हिं० लहना; राज० लहणो। केवल कविता में प्रयुक्त होता है।

आखइ—(संभाव्य भविष्य) सं० आख्या; प्रा० अक्खा, अक्ख हिं० आखना; राज० आखणो। (क) में, जो अब तक प्राप्त प्रतियों में सबसे प्राचीन है, इस दूहे के प्रथम और दूसरे 'आखइ' के स्थान पर क्रमशः 'देखूँ' और 'देखै' पाठ है, जो 'दाखूँ' (कहती हूँ और 'दाखे' (कहे) के स्थान पर प्रतिलिपिकार की गलती से लिख गया जान पड़ता है। (क) का यह पाठ रखने से अर्थ होता है—

"जिस प्रकार मैं आँखें भरकर देखती हूँ, उसी प्रकार यदि वह देखे"—जो ठीक नहीं जँचता।

दूहा ११२

बळि—सं० ज्वल्; प्रा० बल; हिं० बलना, बरना। पूर्वकालिक। प्रयोग—

कमल **बालि** विरहिणी वदन किय,
अंब पालि संजोगि उर। (वेलि २२२)
महु कंतहो गुट्ठ-ट्ठि अहो कउ झुंपड़ा **बलंति**।
(हेमचंद्र ८-४-४१६)

कुइला—सं० कोकिला; प्रा० कोइला; हिं० कोयला।

ढँढोलिसि—सं० ढुंढनम्; प्रा० ढुंढुल्ल, ढंढुल्ल, ढंढोल; राज० ढूँढणो, ढढोलणो; हिं० ढूँढ़ना, ढँढोरना। प्रयोग—

(१) सायर माँहि **ढंढोलताँ** हीरा पड़ि गया हथ्थ।
(कबीर)

(२) दुपहर दिवस जानि घर सूनो, ढूँढि **ढँढोरि** आप ही आयो।
(सूर)

दूहा ११३

यूँ—(अव्यय) अप० एम्व, इम्व, एवँ, इवँ; राज० एम, इम, इयुँ।

प्राँणियउ—प्राण + इयउ (अनादरवाचक प्रत्यय) = बेचारा प्राण।

झळ—सं० ज्वाल; हिं० झल, झार = ताप, दाह, उग्र कामना, उत्कट इच्छा। उदाहरण—

(१) झाँखाँणा उरि उठी **झळ**। (वेलि १४०)

(२) साहिब मिलै न **झल** बुझै, रही बुझाय बुझाय।
(कबीर)

दूहा ११४

ओळग—सं० अपलग्न; अप० ओळग्ग; राज० अळगो; हिं० अलग = दूर, जुदा, भिन्न, पृथक्।

रूड़ा—सं० रूढ़ = प्रशस्त; हिं० रूरा = अच्छा, भला, प्रशंसनीय। मिलाओ—

लटकन ललित ललाट लटू री,
दमकत द्वै द्वै दँतुरिया **रूरी**। (सूर)

दूहा ११७

साख—राजस्थानी में 'साख' फसल को कहते हैं।

दूहा ११८

उपाड़ियउ—सं० उत् + पाट्य; प्रा० उप्पाड़िय; राज० उपाड़णो; हिं० उपाड़ना = ऊपर उठाना, उखेड़ना। उदाहरण—

ऊपड़ी रजी मझि अरक एहवो। (वेलि ११५)

दूहा ११९

बइसइ—सं० उपविश; प्रा० बैस, बईस; गुज० बेसवुँ; राज० बैसणो = बैठना। उदाहरण—

ते मंदिर खाली पड़े, बैसण लागे काग। (कबीर)

दूहा १२०

मउरियउ—सं० मुकुलित; प्रा० मउरिअ, मउलिअ; हिं० मौरना = मंजरी-युक्त होना। उदाहरण—

मारगि मारगि अंब मौरिया। (वेलि ५०)

चुट्टइ—प्रा० चुंट। राजस्थानी में (और अपभ्रंश में भी) कभी आगे द्वित्त वर्ण होने पर उसे Single करके पूर्व वर्ण को सानुस्वार कर देते हैं और कभी इसके विपरीत अनुस्वार को हटाकर आगे के वर्ण को द्वित्त कर देते हैं।

दूहा १२१

कण—(सं०) धान्य-कण । उदाहरण—

कण एक लिया किया एक **कण** कण । (वेलि १२८)

करसण—सं० कर्षण; प्रा० करिसण । इसी से राजस्थानी में करसा (= किसान) और हिं० किसान बनता है ।

भोग—(सं०) उपभोग, कर । इससे राजस्थानी भोगता शब्द (= जमींदार, जागीरदार) बना है ।

दूहा १२२

फट्टि—सं० स्फटित; प्रा० फट्टिअ (सामान्य भूत); राज० फाटणो; हिं० फटना । जोबण फट्टि इ०, मिलाओ—

सरवर हिया घटत नित जाई । टूक टूक होइकै बिहराई ॥
बिहरत हिया करहु, पिय, टेका । दीठ दवँगरा मेरवहु एका ॥
(जायसी)

तलावड़ी—सं० तडाग, तडागिका; प्रा० तलाग, तलाइआ; राज० तलाव; हिं० तलैया । ड़ी ऊनवाचक प्रत्यय ।

पाळि—सं० पालि; राज० पाळ, पाज; हिं० पाल, पार = मेंड़, जलाशय का किनारा । मिलाओ—

टूट **पाळ** सरवर बहि लागे । (जायसी)
सरवरियारी, बीरा, ऊँची-नीची रे **पाळ** एक चढूँ दूजी ऊतरूँ ।
(राजस्थानी गीत)

दूहा १२३

पैहचाइ—सं० प्र + भू ; प्रा० पहुच्च; अप० पहुच्चइ (हेमचंद्र); राज० पूंचणो; हिं० पहुँचना । प्रेरणार्थक, आज्ञा ।

दूहा १२४

पही—सं० पथिक; प्रा० पहिअ।

घातउ—प्रा० घत्त; राज० घातणों, घालणों। आज्ञा। मिलाओ—मराठी घेंत, घेंतले। उदाहरण—

धर श्यामा सरिस स्यामतर जलधर घेघूंचे गळि बाहाँ **घाति**।

(वेलि २०१)

दूहा १२५

निकसी वेणी-सापणी इ०—ऐसा प्रसिद्ध है कि साँप के मुँह में स्वाती की बूँद पड़ने से विष बनता है, इससे संभवतः उसे संतोष और शांति प्राप्त होती है (?)।

कदली, सीप, भुजंग-मुख, स्वाति एक, गुण तीन।
जैसी संगति बैठिए, तैसो ही गुण दीन॥

(रहीम)

दूहा १२६

उत्तर—(सं०) लक्ष्यार्थ में उत्तर का पवन, शिशिर वात, जिसके चलने से लता-गुल्म आदि जल जाते हैं। उदाहरण—

प्रज उदभिज सिसिर दुरीस पीड़तौ
ऊतर ऊथापिया असन्न। (वेलि २४६)

दखिण—लक्ष्यार्थ में दाक्षिणात्य पवन। शीतल, मंद, सुगंधित वासंतिक वायु, जिसके चलने पर सूखी हुई वनस्पति में फिर से प्राण का संचार होता है और नवांकुर प्रस्फुटित होने लगते हैं।

वाजइ—सं० व्रज; प्रा० वच्च, वज्ज, वज्जइ, वाजइ = चलता है, चलती है। राजस्थानी में हवा के चलने को 'हवा वाजणो' कहते हैं।

दूहा १२७

ओखद—सं० ओषधि = दवा, उपचार।

दूहा १२८

सेहर—सं० शिखर; प्रा० सिहर। यहाँ पर शिखर पर गर्जन करने से—नायक का मेघ के रूप में गर्जन करके यौवन रूपी-बाघ के दर्प को शांत करने से—आशय है। बाघ को मेघगर्जन सुनकर क्रोध होता है, परंतु उस पर उसका वश नहीं चलता।

दूहा १२९

कँमळाँणी—सं० कु+म्लान; प्रा० कुम्मण; हिं० कुम्हलाना= मुरझा जाना, गतप्रभ होना। उदाहरण—

काटत बेलि कूँपलै मेल्हीं, सींचताड़ो **कुमिळाँणी**। (कबीर)

सिसहर—सं० शशधर; प्रा० ससहर=चंद्रमा। उदाहरण—

ससिहर कै घरि सूर न आनैं। (कबीर १५७-२०२)

दूहा १३१

खीर—सं० क्षीर; प्रा० खीर=दुग्ध। जिस प्रकार देवता और असुरों ने क्षीरसमुद्र का मंथन कर सूर्य, चंद्र, विष, अमृत आदि चौदह रत्न निकाले थे, उसी प्रकार यौवन-समुद्र का मंथन करके प्रेमरूपी रत्न निकालने के लिये ढोला का आह्वान किया जा रहा है।

काढइ—सं० कर्षण; प्रा० कड्ढण=निकालना। उदाहरण—

खनि पताल पाना तहँ **काढ़ा**।
छीरसमुद निकसा हुत बाढ़ा॥ (जायसी)

दूहा १३२

केळिनि—सं० कदली (स्त्रीलिंग); प्रा० कयली, केळो का स्त्रीलिंग या केलोंवाली (केले के वृक्षों की बाड़ी)। मिलाओ—कमलिनी (स्त्रीलिंग)। कहा जाता है कि स्वाती नक्षत्र में वर्षा होने पर कदली में कपूर पैदा होता है। यथा—

सीप गयो मुक्ता भयो, कदली भयो कपूर ।
अहि-फन गयो तो बिख भयो, संगत को फल सूर ॥ (सूर)
व्याल मुख विष ज्यों, पीयूख ज्यों पपीहा मुख,
सीपी मुख मोती, कदली मुख कपूर है । (देव)

दूहा १३३

साव—सं० स्वाद; प्रा० साद, साअ, साव । उदाहरण—

(१) नरां नाहरां वनफलां, पाकां पाकां **साव** ।
(पृथ्वीराज)

(२) कबीर प्रेम न चषिया, चषि न लीया **साव** । (कबीर)

संबळ—सं० संबल = रास्ते का भोजन, पाथेय ।

वैसासणइ—सं० विश्वास; प्रा० विस्सास, वीसास; राज० वैसासणो । अण-प्रत्यय । = विश्वास करने से । उदाहरण—

मनि परतीति न ऊपजै, जीव **बेसास** न होइ ।
(कबीर)

पाठांतर—'सावज संकळ तोडस्यइ बैसासणइ न जाइ'—अर्थात् मेरा यौवन-रूपो अदमनीय हिंस्र पशु बंधन को तोड़ा चाहता है; उससे (शांत) बैठा नहीं जाता ।

सावज—सं० श्वापद = जंगली हिंस्र पशु । प्रा० सावय; गुज० सावज । उदाहरण—

सावज सीह रहे सब माँची, चंद अरु सूर रहे रथ खाँचो ।
(कबीर)

संकळ—सं० शृंखला; प्रा० संकल, संकला; हिं० साँकल । बंधन, शील, मर्यादा-रूपी बंधन ।

बैसासणइ—सं० उपविश; प्रा० बैस, बईस; गुज० वेसवुँ; राज० बैसणो = बैठना, शांत होकर रहना ।

ते मंदिर खाली पड़े, **बैसण** लागे काग । (कबीर)

दूहा १३४

हेक—सं० एक। एक और उससे बने हुए शब्दों का ए राजस्थानी में प्रायः हे हो जाता है। मिलाओ—हेकठा। उदाहरण—

हेक बड़ो हित हुवै पुरोहित, वरैसुसा सिसुपालवर।

(वेलि ३५)

वेगइरउ—सं० वेग; राज० वेगो (विशेषण)+एरउ या एरो प्रत्यय (स्वार्थ में)। मिलाओ—भलेरउ, आघेरउ, बडेरउ।

दूहा १३५

भमंतउ—सं० भ्रम; प्रा० भम; राज० भम या भँव+अतउ (वर्त्तमान कृदंत-प्रत्यय)।

कणयर—सं० कर्णिकार; प्रा० कण्णियार; हिं० कनेर, कनियर=एक पुष्प-वृक्ष विशेष।

कंब—सं० कंबा, कंबी; प्रा० कंब, कंबा=लीलायष्टि, हाथ में रखने की छड़ी, बाँस की छोटी डाली। किसी पेड़ से काटी हुई, हाथ में रखने की अथवा पशु को त्वरित करने की, छोटी डाली।

सुरत्त—सं० स्मृति=याद, ध्यान, सुरति। उदाहरण—

सुरत समाँणी निरति में, निरति रही निरधार। (१४—२२)

दूहा १३६

सात सलाँम से केवल सात बार ही अभिवादन करने का आशय नहीं है वरन् अनेकानेक प्रणाम का आशय है।

थी—सं० तः (अपादान विभक्ति-चिह्न)=से। मिलाओ—

तरवर **थे** फल झड़ पड़े बहुरि न लागै डार।

(कबीर)

दूहा १३७

बिललंती—सं० विलाप अथवा अनु० शब्द बिल बिल करना = बिलखना, विलाप करना।

(१) औंधाई सीसी सुलखि बिरहबरी **बिललात**। (बिहारी)

(२) एक खड़े ही लहैं, और खड़ा **बिललाइ**। (कबीर)

'पग सूँ काढ़इ लीहटो'—मिलाओ—

चारु चरन नख लेखति धरनी।
नूपुर मुखर मधुर कवि बरनी॥ (तुलसी)

स्वभावोक्ति का बड़ा सुंदर उदाहरण है।

काढइ—खींचती है, कुरेदती है। मिलाओ—भिन्न प्रयोग दोहा १३१ में।

लीहटी—सं० रेखा; प्रा० लेहा; राज० लीह + टो (ऊनवाचक प्रत्यय)

दूहा १३८

हर—सं० स्मर, प्रा० म्हर, हर = आकांक्षा, अभिलाषा, उत्कट इच्छा। राजस्थानी का साधारण प्रचलित शब्द है। उदाहरण—

हर म करो अनि राय हर। (वेलि ७७)

मनह—(सं० मनस्) मन से, मन में। उदाहरण—

(१) **मनह** मनोर्थ छाड़ि दे, तेरा किया न होइ। (कबीर)

(२) **मनह** उतारी झूठ करि, तब लागी डोलै साथ। (कबीर)

हन—(१) हिं० नहीं का विपर्य्यय। अथवा (२) ह = भी. न = नहीं।

दूहा १३९

सावर—सं० सा + वर = वह सुंदरी स्त्री।

अंणेह—सं० आ + नी; प्रा० आ + णय।

कप्पड़े—सं० कर्पटकः; प्रा० कप्पड; हिं० कपड़े। उदाहरण—

पासि बिनंठा कप्पड़ा, क्या करे बिचारी चोल।

(कबार)

पाठांतर—

